हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, पूर्वाषाढ़ा, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • बुधवार • 03 जून 2026 • वर्ष 28 • अंक 181 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,43,200 | ₹ 2,80,000 |





## आज का इतिहास

**1867 :** भारत के प्रसिद्ध शिक्षाविद, राजनेता, समाज सुधारक, न्यायविद और लेखक हरविलास शारदा का जन्म हुआ था।

**1941 :** द्वितीय विश्व युद्धः वेहरमाच ने जमीन पर कंदानोस के यूनानी गांव को खारिज कर दिया और इसके 180 निवासियों की हत्या कर

## न्यूज बाइट्स

### एनटीपीसी कांटी के परियोजना प्रमुख बने पंकज कुमार गुप्ता

**मुजफ्फरपुर (नि.स.)**। एनटीपीसी कांटी को नया नेतृत्व मिल गया है। विद्युत क्षेत्र में तीन दशक से अधिक का अनुभव रखने वाले पंकज कुमार गुप्ता ने एनटीपीसी कांटी के मुख्य महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। उनके नेतृत्व से परियोजना को नई दिशा और गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। पंकज कुमार गुप्ता ने वर्ष 1991 में एनटीपीसी में एक्जीक्यूटिव ट्रेनी के रूप में अपने करियर की शुरुआत की थी। लगभग 34 वर्षों के लंबे कार्यकाल में उन्होंने संगठन की कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं और विभागों में विभिन्न जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। उन्होंने कहलगांव परियोजना, एनटीपीसी कॉर्पोरेट सेंटर, ऊर्जा संक्रमण एवं नीति समूह तथा हाल ही में एनटीपीसी मेजा में महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाईं। परियोजना अभियांत्रिकी, यांत्रिक प्रणालियों, ऊर्जा संक्रमण, पर्यावरणीय प्रबंधन और योजना निर्माण के क्षेत्रों में उनकी विशेष विशेषज्ञता रही है। तकनीकी दक्षता और प्रबंधन क्षमता के कारण उन्हें एनटीपीसी के अनुभवी अधिकारियों में गिना जाता है।

### नीट पेपर लीक : पांचों आरोपियों की न्यायिक हिरासत 15 जून तक बढ़ी

**नई दिल्ली (ए.)**। देशभर में चर्चा का विषय बने नीट पेपर लीक मामले में गिरफ्तार पांचों आरोपियों की न्यायिक हिरासत 15 जून तक बढ़ा दी गई है। हिरासत की अवधि समाप्त होने से पहले सभी आरोपियों को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया, जहां सुनवाई के बाद अदालत ने उनकी न्यायिक हिरासत बढ़ाने का आदेश दिया। मामले में अब तक पांच आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इनमें मांगीलाल बिवाल, विकास बिवाल, दिनेश बिवाल, यश यादव और धनंजय लोखंडे शामिल हैं।

### मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मुजफ्फरपुर में आयोजित 'सहयोग शिविर' में हुए शामिल

# 288 करोड़ की दी सौगात, कहा -30 दिन में काम नहीं हुआ तो अफसर होंगे सस्पेंड

### 22 हजार एकड़ में बसेगा नया 'तिरहुत' शहर, मुजफ्फरपुर में जल्द शुरू होगी रैपिड रेल

निज संवाददाता | मुजफ्फरपुर

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर प्रखंड अंतर्गत परसौनी नाथ पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में आम लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि किसी भी शिकायत का समाधान 30 दिनों के भीतर नहीं होने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी तथा आवश्यकता पड़ने पर निलंबन की भी कार्रवाई की जा सकती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 288.16 करोड़ रुपये की लागत वाली 109 विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर लाभुकों एवं अधिकारियों से संवाद भी किया।

राज्य सरकार द्वारा 19 मई से शुरू किए गए सहयोग शिविर अभियान को लोगों का व्यापक समर्थन मिल रहा है। मुजफ्फरपुर जिले में अभियान के पहले ही दिन 8,008 आवेदन प्राप्त हुए थे। मंगलवार को आयोजित शिविर में भी बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं और शिकायतें लेकर पहुंचे। सरकार का दावा है कि शिविरों में प्राप्त आवेदनों का तत्काल पंजीकरण किया जा रहा है तथा संबंधित विभागों को भेजकर समाधान की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। सहयोग शिविर की विशेषता यह है कि विभिन्न विभागों के अधिकारी एक ही स्थान पर उपस्थित रहते हैं। इससे आम लोगों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। आवेदन प्राप्त होते ही उन्हें संबंधित विभागों तक पहुंचाया जाता है और समयबद्ध कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी जाती है। शिविर में राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, सीमांकन, जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। इसके अलावा बिजली, पेयजल, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़ी शिकायतों का भी समाधान किया जा रहा है।




#### समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता

सहयोग शिविर को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता के विश्वास और समर्थन से सरकार बनी है तथा लोगों की समस्याओं का समाधान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक तंत्र को जवाबदेह बनाने के लिए शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार केवल योजनाएं बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित कर रही है कि उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इसी उद्देश्य से पंचायत स्तर पर सहयोग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

#### शीघ्र शुरू होगी रैपिड रेल

सीएम ने कहा है कि शीघ्र ही मुजफ्फरपुर जिले में रैपिड रेल सेवा की शुरुआत होगी। इसका डीपीआर तैयार हो रहा है। आने वाले कुछ वर्षों में रैपिड रेल की सेवा मिलने लगेगी। अभी मुजफ्फरपुर से पटना जाने में डेढ़ से दो घंटे का समय लगता है, लेकिन आने वाले कुछ दिनों में यह समय घटकर मात्र 30-40 मिनट का रह जाएगा। उन्होंने टाउनशीप परियोजना को लेकर कहा कि कैबिनेट की बैठक में 12 टाउनशिप बसाने की स्वीकृति उन्होंने दी है। इसमें मुजफ्फरपुर भी शामिल है। 22 हजार एकड़ जमीन पर नया शहर बसेगा और इसे 'तिरहुत' नाम से लोग जानेंगे। बाईपास का जो भी एरिया है, वह आने वाले दिनों में शहर के रूप में विकसित होगा।

मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। कार्यक्रम स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। वीआईपी मूवमेंट को देखते हुए कई मार्गों पर रूट डायवर्जन भी लागू किया गया ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

### भूमि मामलों में गड़बड़ी पर विभाग सख्त

# आठ अंचल व राजस्व अधिकारियों पर कार्रवाई

**औरंगाबाद के तत्कालीन राजस्व अधिकारी तथा वर्तमान में बक्सर जिले के इटाढ़ी के अंचल अधिकारी संतोष कुमार प्रीतम पर गैरमजरूआ मालिक खाते की भूमि को रैयती बताकर दाखिल-खारिज की अनुशंसा करने का आरोप सिद्ध होने पर संचयी प्रभाव के बिना वेतन वृद्धि पर रोक लगाने की सजा दी गई**

निज संवाददाता | पटना

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने भ्रष्टाचार, वित्तीय अनियमितता और भूमि संबंधी मामलों में गड़बड़ी के आरोपों को गंभीरता से लेते हुए आठ अंचल अधिकारियों और राजस्व अधिकारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की है। विभागीय मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल की मंजूरी के बाद संबंधित आदेश जारी कर दिया गया है। विभाग द्वारा जारी कार्रवाई के तहत रोहतास जिले के डिहरी की तत्कालीन अंचल अधिकारी एवं वर्तमान में सेवानिवृत्त सीमा रानी के विरुद्ध सरकारी भूमि से संबंधित अभिलेखों में कथित जालसाजी कर सरकारी जमीन के बंदरबांट के मामले में विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया गया है।

औरंगाबाद के तत्कालीन राजस्व अधिकारी तथा वर्तमान में बक्सर जिले के इटाढ़ी के अंचल अधिकारी संतोष कुमार प्रीतम पर गैरमजरूआ मालिक खाते की भूमि को रैयती बताकर दाखिल-खारिज की अनुशंसा करने का आरोप सिद्ध होने पर संचयी प्रभाव के बिना एक वेतन वृद्धि पर रोक लगाने की सजा दी गई है। गोपालगंज जिले के बरौली के तत्कालीन राजस्व अधिकारी विजय कुमार सिंह के विरुद्ध आरोप पत्र गठित किया गया है। मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर की तत्कालीन अंचल अधिकारी रूचि कुमारी पर बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बियाडा) की भूमि को निजी व्यक्ति के पक्ष में दाखिल-खारिज करने के आरोपों की जांच के लिए दो सदस्यीय जांच दल का गठन किया गया है। बेगूसराय जिले के साहेबपुरकमाल के तत्कालीन प्रभारी अंचल अधिकारी तथा वर्तमान में सुपौल में अपर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी के रूप में कार्यरत चंदन कुमार के विरुद्ध वित्तीय अनियमितता के मामले में आरोप पत्र गठित किया गया है। इसके अलावा पश्चिम चंपारण के बगहा-1 के अंचल अधिकारी उदय शंकर मिश्रा पर गैरमजरूआ भूमि का खाता बदलकर बिना स्थलीय जांच के दाखिल-खारिज स्वीकृत करने, पूर्वी चंपारण के रामगढ़वा अंचल अधिकारी राजा कुमार पर राजस्व कार्यों में बिचौलियों के माध्यम से रिश्वतखोरी करने तथा पश्चिम चंपारण के रामनगर के तत्कालीन अंचल अधिकारी एवं वर्तमान में भू-अर्जन कार्यालय में पदस्थापित राजस्व अधिकारी-सह-कानूनगो विनोद कुमार मिश्रा पर विभिन्न दाखिल-खारिज मामलों में गैरमजरूआ भूमि का खाता-खेसरा बदलकर स्वीकृति देने के आरोप में आरोप पत्र गठित किया गया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, भूमि संबंधी मामलों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।



#### भूमिहीन परिवारों को मिलेगी जमीन

बिहार सरकार राज्य के भूमिहीन परिवारों को जमीन उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रही है। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि बसेरा-2 अभियान के तहत ऐसे सभी लोगों की पहचान की जाएगी जिनके पास रहने के लिए अपनी जमीन नहीं है। सरकार का लक्ष्य है कि पात्र परिवारों को जमीन देकर उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी दिलाया जा सके। मंत्री ने कहा कि जब तक किसी गरीब परिवार के पास जमीन नहीं होगी, तब तक वह आवास योजना का पूरा लाभ नहीं ले पाएगा। इसी वजह से सरकार पहले जमीन उपलब्ध कराने पर जोर दे रही है। दिलीप जायसवाल ने बताया कि सरकार की कोशिश है कि हर भूमिहीन परिवार को कम से कम तीन डिसमिल जमीन मिल सके।

# 10 लाख से अधिक आय वालों को नहीं मिलेगी एलपीजी सब्सिडी

निज संवाददाता | पटना

बिहार के लाखों एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए महत्वपूर्ण खबर है। तेल विपणन कंपनियों ने ऐसे उपभोक्ताओं की पहचान शुरू कर दी है जिनकी या उनके परिवार की वार्षिक आय 10 लाख रुपये से अधिक है। ऐसे उपभोक्ताओं को रसोई गैस सब्सिडी के दायरे से बाहर किया जा सकता है। इस संबंध में राज्यभर के लाखों उपभोक्ताओं को अलर्ट संदेश भेजे जा रहे हैं और उनसे अपनी स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया है।

जानकारी के अनुसार पटना समेत पूरे बिहार में 20 लाख से अधिक एलपीजी उपभोक्ताओं को मोबाइल संदेश भेजा गया है। संदेश में उपभोक्ताओं को सूचित किया गया है कि यदि उनकी वार्षिक पारिवारिक आय 10 लाख रुपये से अधिक है, तो वे गैस सब्सिडी के पात्र नहीं माने जाएंगे। यदि किसी उपभोक्ता को इस प्रक्रिया पर आपत्ति है या वह अपनी स्थिति स्पष्ट करना चाहता है, तो उसे निर्धारित समय सीमा के भीतर जवाब देना होगा। निर्धारित अवधि में प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर संबंधित उपभोक्ताओं की सब्सिडी स्वतः बंद की जा सकती है। नई व्यवस्था का सबसे अधिक प्रभाव सरकारी कर्मचारियों, अधिकारियों, बड़े कारोबारियों तथा उच्च आय वर्ग के परिवारों पर पड़ने की संभावना है। सरकार का मानना है कि एलपीजी सब्सिडी का लाभ केवल जरूरतमंद और पात्र उपभोक्ताओं तक ही सीमित रहना चाहिए। इसी उद्देश्य से पात्रता की समीक्षा की जा रही है।

# सरकार ने सीबीएसई के चेयरमैन और सचिव को हटाया

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) में ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रक्रिया को लेकर उठे विवाद के बीच केंद्र सरकार ने बड़ा प्रशासनिक कदम उठाते हुए बोर्ड के चेयरमैन और सचिव को उनके पदों से हटा दिया है। छात्रों द्वारा मूल्यांकन प्रक्रिया में कथित गड़बड़ियों की शिकायतों के बाद यह कार्रवाई की गई है। साथ ही ओएसएमसेवा से संबंधित टेंडर और खरीद प्रक्रिया की जांच के लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन भी किया गया है। जानकारी के अनुसार इस वर्ष पहली बार सीबीएसई ने कक्षा 12वीं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली के माध्यम से कराया था। 13 मई को परिणाम घोषित होने के बाद बड़ी संख्या में छात्रों ने प्राप्त अंकों को लेकर सवाल उठाए और मूल्यांकन प्रक्रिया में त्रुटियों की शिकायत की। इसके बाद मामले ने तूल पकड़ लिया और शिक्षा मंत्रालय ने पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर दी।

विवाद के बीच पुनर्मूल्यांकन (री-इवैल्यूएशन) के लिए शुरू किए गए ऑनलाइन पोर्टल पर भी साइबर हमले की घटना सामने आई। सीबीएसई के अनुसार पोर्टल खुलने के तुरंत बाद मात्र दो मिनट के भीतर लगभग 15 लाख एक्सेस प्रयास दर्ज किए गए। इसके अलावा एक लाख से अधिक बार सिस्टम की फाइलों तक अनधिकृत पहुंच बनाने की कोशिश की गई। हालांकि तकनीकी टीम की सतर्कता के कारण पोर्टल प्रभावित नहीं हुआ और सेवाएं लगातार संचालित होती रहीं।



राहुल सिंह, चेयरमैन



हिमांशु गुप्ता, सचिव

# सरकारी विद्यालयों में हर महीने होगी गुरु गोष्ठी, शिक्षण गुणवत्ता सुधारने पर जोर

निज संवाददाता | पटना

बिहार के सरकारी विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता को बेहतर बनाने और प्रधानाध्यापकों के बीच अनुभवों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा विभाग ने नई पहल शुरू की है। अब राज्य के प्रत्येक प्रखंड में हर महीने एक दिवसीय 'गुरु गोष्ठी' का आयोजन किया जाएगा, जिसमें संबंधित प्रखंड के सभी प्रधानाध्यापक भाग लेंगे। इस संबंध में प्राथमिक शिक्षा निदेशक विक्रम विरकर ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों (डीईओ) एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों (डीपीओ) को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए हैं। विभाग का मानना है कि नियमित संवाद, अनुभवों के आदान-प्रदान और सामूहिक विचार-विमर्श के माध्यम से विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जा सकेगा। शिक्षा विभाग के अनुसार राज्य सरकार द्वारा विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। साथ ही शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों को समय-समय पर प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

इन प्रयासों को जमीनी स्तर पर अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक माह निर्धारित तिथि पर गुरु गोष्ठी आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। गुरु गोष्ठी के दौरान विद्यालय संचालन, शिक्षण पद्धतियों, नवाचारों और विद्यालयों के समक्ष आने वाली चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा होगी। बैठक में विद्यालयों की उत्कृष्ट कार्यप्रणालियों और सफल प्रयोगों को भी साझा किया जाएगा।

# बिहार में अनुदानित मदरसों की होगी व्यापक जांच, हर प्रखंड में बनेगी तीन सदस्यीय समिति : शिक्षा मंत्री

निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार ने राज्य के अराजकीय प्रस्वीकृत अनुदानित मदरसों की व्यापक जांच कराने का निर्णय लिया है। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी की घोषणा के बाद शिक्षा विभाग ने इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए हैं। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सरकारी अनुदान प्राप्त करने वाले मदरसे निर्धारित मानकों एवं नियमों के अनुरूप संचालित हो रहे हैं तथा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करा रहे हैं। शिक्षा विभाग के सचिव विनोद सिंह गुंजियाल द्वारा जारी आदेश के अनुसार राज्य के प्रत्येक प्रखंड में तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की जाएगी।



समिति संबंधित क्षेत्र के अनुदानित मदरसों का स्थलीय निरीक्षण कर उनकी शैक्षणिक एवं प्रशासनिक स्थिति की जांच करेगी। समिति की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) अथवा अंचलाधिकारी (सीओ) करेंगे। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को सदस्य सचिव बनाया गया है, जबकि संबंधित मुख्यालय स्थित किसी सरकारी माध्यमिक या उच्च माध्यमिक विद्यालय के वरीयतम प्रधानाध्यापक समिति के सदस्य होंगे।

माध्यमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि समिति के सदस्यों के नामांकन की जिम्मेदारी जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) को सौंपी गई है। समिति के गठन के बाद दस दिनों के भीतर संबंधित मदरसों का स्थल निरीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करनी होगी। रिपोर्ट के साथ फोटोग्राफ और अन्य आवश्यक साक्ष्य भी संलग्न कर विभागीय मुख्यालय को भेजना अनिवार्य होगा। शिक्षा विभाग का कहना है कि राज्य सरकार द्वारा इन मदरसों को नियमित वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है। शिक्षकों एवं कर्मचारियों के वेतन का भुगतान भी सरकारी अनुदान से किया जाता है। ऐसे में यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि संस्थान शिक्षा संबंधी मानकों का पालन कर रहे हों और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही हो।

### औरंगाबाद समेत छह जिलों का तापमान 45 डिग्री पहुंचने की संभावना

पटना(नि.सं.)। मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में एक बार फिर भीषण गर्मी और लू चलने की चेतावनी जारी की है। विशेष रूप से दक्षिण और पश्चिम बिहार के जिलों में अगले कुछ दिनों के दौरान तापमान में उल्लेखनीय वृद्धि होने की संभावना जताई गई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार 3 और 4 जून को बक्सर, भोजपुर, रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद तथा अरवल जिलों में हीटवेव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार राजधानी पटना और आसपास के क्षेत्रों में भी तापमान 43 से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना व्यक्त की गई है। बीते 24 घंटों के दौरान कैमूर राज्य का सबसे गर्म जिला रहा, जहां अधिकतम तापमान 40.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं डेहरी का तापमान भी 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा।




### ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों के छात्रों को मिलेगा अंतरिक्ष विज्ञान का व्यावहारिक ज्ञान

# देशभर के एकलव्य विद्यालयों में स्थापित हुईं 75 स्पेस लैब, जनजातीय छात्रों को मिलेगा लाभ

विशेष संवाददाता | नई दिल्ली

जनजातीय छात्रों के बीच वैज्ञानिक शिक्षा को बढ़ावा देने और उनमें नवाचार तथा वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार एवं भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने संयुक्त रूप से देश के 18 राज्यों में स्थित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) में 75 अत्याधुनिक स्पेस लैब स्थापित की हैं। यह पहल बीपीसीएल के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के तहत लगभग 12 करोड़ रुपये की लागत से पूरी की गई है। जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए स्थापित किए गए हैं। वर्तमान में देशभर में 499 ईएमआरएस संचालित हैं, जो जनजातीय शिक्षा के उत्कृष्ट केंद्र के रूप में कार्य कर रहे हैं। इन विद्यालयों में शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य, पोषण और व्यक्तित्व विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है।

नई स्थापित स्पेस लैब का उद्देश्य विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग एवं गणित (एसटीईएम) के क्षेत्रों में व्यावहारिक एवं अनुभवात्मक शिक्षा उपलब्ध कराना है। इन लैबों के माध्यम से छात्रों को वैज्ञानिक प्रयोग, मॉडल आधारित अध्ययन, सिमुलेशन तथा अवलोकन गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जिससे उनकी विश्लेषणात्मक क्षमता, समस्या-समाधान कौशल और नवाचार आधारित सोच को मजबूती मिलेगी।

यह परियोजना भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंसियों के माध्यम से पूरी की गई है। प्रत्येक स्पेस लैब में एलवीएम-3 लॉन्च व्हीकल एवं पृथ्वी अवलोकन उपग्रहों के मॉडल, पीएसएलवी, एचआरएलवी, आईआरएनएसएस और जीएसएटी मिशनों के स्थिर मॉडल, खगोल विज्ञान प्रदर्शनियां, स्टार-ट्रैकर टेलीस्कोप, कैनसेट वर्किंग मॉडल, एसटीईएम लर्निंग किट तथा भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम से संबंधित विशेष शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। इस महत्वाकांक्षी पहल से देशभर के 50 हजार से अधिक जनजातीय छात्रों को प्रत्यक्ष लाभ मिलने की उम्मीद है।

## संक्षिप्त समाचार

### जन औषधि केंद्र का उद्घाटन, आम जनता को मिलेगी सस्ती जेनरिक दवाएं

**नवादा।** प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के तहत नवादा जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख समिति (पैक्स), आंती परिसर में मंगलवार को जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया गया। केंद्र का उद्घाटन जिला सहकारिता पदाधिकारी नवादा *आलोक कुमार* ने पैक्स अध्यक्ष *विवेकानंद शर्मा* की उपस्थिति में फीता काटकर किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में *आरती कुमारी, प्रबंध निदेशक, डीसीसीबी नवादा तथा **राजीव कुमार सिंह, सहायक निबंधक, सहयोग समितियां, नवादा उपस्थित रहे। इसके अलावा वरीय सहकारिता प्रसार पदाधिकारी **प्रमोद कुमार, **पवन साह, **सुनील कुमार* एवं *मनोज कुमार* सहित सहकारिता विभाग के कई अधिकारी और कर्मी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन पैक्स अध्यक्ष *विवेकानंद शर्मा* ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन पैक्स प्रबंधक द्वारा प्रस्तुत किया गया। अपने संबोधन में पैक्स अध्यक्ष विवेकानंद शर्मा ने कहा कि जन औषधि केंद्र के खुलने से क्षेत्र के लोगों को गुणवत्तापूर्ण जेनरिक दवाएं बाजार मूल्य से काफी कम कीमत पर उपलब्ध हो सकेंगी। इससे गरीब एवं मध्यम वर्ग के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी खर्चों में राहत मिलेगी। उद्घाटन समारोह के उपरांत जिला सहकारिता पदाधिकारी आलोक कुमार एवं पुलिस अधीक्षक नवादा ने संयुक्त रूप से जन औषधि केंद्र का औचक निरीक्षण भी किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जन औषधि केंद्र के शुभारंभ से स्थानीय लोगों में खुशी देखी गई। लोगों ने इसे स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ एवं किफायती बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

### जदयू नेता ने फीता काटकर किया क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच का उद्घाटन

**नवादा।** शाहपुर पंचायत के ग्राम बोझमा में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले का उद्घाटन जदयू नेता एवं समाजसेवी छोटू सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर शाहपुर थानाध्यक्ष नन्दलाल कुमार भी उपस्थित रहे। उद्घाटन के बाद अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। फाइनल मुकाबला बोझमा और बौरी की टीमों के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बौरी की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 98 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बोझमा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 9.5 ओवर में 99 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ बोझमा की टीम टूर्नामेंट की विजेता बनी। मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बोझमा निवासी कुंदन यादव को "मैन ऑफ द मैच" के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए छोटू सिंह ने कहा कि खेल आपसी भाईचारे, अनुशासन और प्रतिभा को निखारने का सशक्त माध्यम है। ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है तथा समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण होता है। उन्होंने सफल आयोजन के लिए आयोजक गौतम सिंह, विक्रम एवं समस्त बोझमा ग्रामवासियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को नशामुक्ति, अनुशासन और स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करती हैं। मौके पर बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, ग्रामीण एवं युवा उपस्थित थे। खिलाड़ियों और दर्शकों में पूरे मैच के दौरान उत्साह का माहौल बना रहा।

### जमीनी विवाद में धमकी देने का आरोप, पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार


**नवादा/नारदीगंजः** नारदीगंज प्रखंड के परमा पंचायत अंतर्गत काजीबीघा गांव में जमीनी विवाद को लेकर एक परिवार में तनाव का माहौल बना हुआ है। गांव निवासी सूचित भारद्वाज ने आरोप लगाया है कि उन्हें और उनके पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई है, जिससे परिवार भय और असुरक्षा के माहौल में जी रहा है। सूचित भारद्वाज के अनुसार, जमीनी विवाद के मामले में उनके गोतिया एवं नालंदा जिले में पदस्थापित एएसआई जितेंद्र कुमार ने फोन पर उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। उनका कहना है कि संबंधित कॉल की रिकॉर्डिंग उनके पास मौजूद है। मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर उन्होंने पुलिस अधीक्षक को आवेदन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। वहीं, आरोपित एएसआई जितेंद्र कुमार ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उनका कहना है कि उन्होंने किसी प्रकार की धमकी नहीं दी है तथा उन पर लगाया गया आरोप निराधार है। उन्होंने बताया कि वे वर्तमान में अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। इधर, पीड़ित परिवार का कहना है कि कथित धमकी के बाद से परिवार के सदस्य दहशत में हैं और उन्हें अपनी सुरक्षा की चिंता सताने लगी है। मामले को लेकर अब लोगों की नजर पुलिस प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हुई है।

### रजौली पश्चिमी पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित, 69 में से 52 मामलों का मौके पर निपटारा

**डीटीओ की अध्यक्षता में लगे 16 स्टॉल, जीविका सीईओ समेत डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण**

**रजौली।** रजौली पश्चिमी पंचायत के सरकार भवन में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता डीटीओ नवीन कुमार पाण्डेय ने की। इस दौरान कुल 69 आवेदनों में से 52 का निपटारा ऑन द स्पॉट कर दिया गया। शिविर में एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन,बीडीओ संजीव झा, सीओ मो. गुफरान मजहरी, बीपीआरओ हरिमोहन, बिजली विभाग के जेई भुवनेश्वर प्रसाद समेत दर्जनों प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे। शिविर का औचक निरीक्षण करने बिहार जीविका के सीईओ आईएएस हिमांशु शर्मा, नवादा जिलाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान पहुंचे। अधिकारियों ने शिविर में मौजूद लोगों से सीधे बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। बीडीओ संजीव झा ने बताया कि शिविर में कुल 16 स्टॉल लगाए गए थे। इनमें लघु सिंचाई विभाग, शिक्षा विभाग, मनरेगा, ग्रामीण कार्य विभाग, पंचायती राज विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, बाल विकास परियोजना, लोक स्वास्थ्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, श्रम संसाधन विभाग, विद्युत विभाग, आपूर्ति विभाग, सामाजिक सुरक्षा विभाग एवं एलएसबीए के स्टॉल शामिल थे। बीडीओ ने जानकारी दी कि शिविर शुरू होने से पहले विभिन्न विभागों से जुड़े 44 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से 29 आवेदनों का निपटारा कर दिया गया। वहीं शिविर के दौरान 25 नए आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 23 मामलों का निष्पादन मौके पर ही कर दिया गया। इस तरह कुल 69 आवेदनों में से 52 का समाधान ऑन द स्पॉट हुआ। निरीक्षण के दौरान जीविका सीईओ हिमांशु शर्मा ने लाभुकों से योजनाओं की जानकारी ली। डीएम रवि प्रकाश ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि जनता की समस्याओं का समाधान पंचायत स्तर पर ही हो जाए। एसपी अभिनव धीमान ने विधि व्यवस्था से जुड़े मामलों को गंभीरता से लेने का निर्देश दिया। डीटीओ नवीन कुमार पाण्डेय ने कहा कि सहयोग शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को एक ही छत के नीचे कई विभागों की सुविधा मिल रही है। इससे समय और पैसे दोनों की बचत हो रही है। लंबित मामलों को भी जल्द निपटाने का भरोसा दिया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और योजनाओं का लाभ उठाया।

### केवाली पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में उमड़े फरियादी



**कौआकोल।** प्रखंड के केवाली पंचायत सरकार भवन में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याओं एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन लेकर पहुंचे। शिविर में सदर एसडीओ अमित अनुराग,बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार,सीओ मनीष कुमार समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने लोगों की समस्याओं को सुना तथा संबंधित मामलों में आवेदन प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान कई लाभुकों को विभिन्न सरकारी सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ मौके पर ही उपलब्ध कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि सहयोग शिविर का उद्देश्य आम लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। शिविर के आयोजन से ग्रामीणों में उत्साह देखा गया और बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन जमा कराया।

# जिलेभर में आयोजित सहयोग शिविरों के माध्यम से आमजनों को मिली विभिन्न सरकारी सेवाएं एवं योजनाओं का लाभ

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा।** जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान द्वारा नवादा सदर प्रखंड अंतर्गत आंती पंचायत में आयोजित "सहयोग शिविर" का दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के अंतर्गत संचालित "सहयोग शिविर" आमजनों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को जिले के विभिन्न पंचायतों एवं वार्डों में सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जहां विभिन्न विभागों की सेवाएं एवं योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

जिला पदाधिकारी ने बताया कि सरकार द्वारा "सहयोग पोर्टल" भी जारी किया गया है, जिसके माध्यम से आमजन अपनी शिकायत अथवा आवेदन ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों पर 30 दिनों के भीतर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया कि वे पूरी तत्परता, संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ आमजनों की समस्याओं का निष्पादन करें, ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ समय पर पात्र लाभुकों तक पहुंच सके।



उक्त शिविर में जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा राशन कार्ड, शौचालय प्रोत्साहन राशि, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत स्वीकृति पत्र, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।शिविर में परिमार्जन, फार्मर रजिस्ट्रेशन, छूटी हुई जमाबंदी तथा म्यूटेशन से संबंधित कुल 05 मामलों का सफलतापूर्वक निस्तारण कर लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। साथ ही जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने आंती पंचायत स्थित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दवाओं की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था तथा केंद्र के संचालन संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। उन्होंने आमजनों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

इसके साथ ही जिले के अन्य प्रखंडों एवं नगर निकायों में भी सहयोग शिविरों का आयोजन किया गया। रजौली प्रखंड के रजौली पश्चिमी, अकबरपुर प्रखंड के माखर, सिरदला प्रखंड के अब्दुल, गोविंदपुर प्रखंड के सरकंडा, नारदीगंज प्रखंड के ओड़ो, पकरीबरावां प्रखंड के बुधौली, कौआकोल प्रखंड के केवाली, वारिसलीगंज प्रखंड के कोचगांव, नरहट प्रखंड के पुंथर, हिसुआ प्रखंड के छतिहर, मेसकौर प्रखंड के बारत, रोह प्रखंड के भीखमपुर एवं काशीचक प्रखंड के चंडीनावां पंचायतों में सहयोग शिविर आयोजित किए गए।

इसके अतिरिक्त नगर परिषद नवादा के वार्ड संख्या-05, नगर परिषद वारिसलीगंज के वार्ड संख्या-07, नगर परिषद हिसुआ के वार्ड संख्या-13 तथा नगर पंचायत रजौली के वार्ड संख्या-03 में भी सहयोग शिविर आयोजित किए गए। सभी शिविरों में प्राप्त एवं निष्पादित आवेदनों से संबंधित स्वीकृति पत्र लाभुकों के बीच वितरित किए गए। कार्यक्रम में वरीय पदाधिकारी, संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# रजौली में नगर पंचायत का सहयोग शिविर आयोजित, वार्ड-03 से पहुंचे 20 मामले

**डीसीएलआर ने की अध्यक्षता, अधिकारियों ने एक सप्ताह में निपटारे का दिया आश्वासन**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** रजौली मुख्यालय स्थित इंटर विद्यालय परिसर के बाबूलाल भवन में मंगलवार को नगर पंचायत प्रशासन की ओर से सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता डीसीएलआर कौशर इमाम ने की।

मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी आतिश कुमार, नोडल पदाधिकारी सह स्वच्छता पदाधिकारी राहुल कुमार, बिजली विभाग के प्रबंधक आईटी अक्षय चारा, वार्ड पार्षद मुकेश कुमार, सहायक नीतीश कुमार एवं थाना से दीपक कुमार समेत कई कर्मी मौजूद रहे। शिविर में नगर पंचायत के वार्ड संख्या 03 के दर्जनों लोगों ने हिस्सा लिया और अपनी समस्याएं रखीं। नोडल पदाधिकारी राहुल कुमार ने बताया कि वार्ड 03 से नली-गली, नल-जल, बिजली, राजस्व और प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना से जुड़े कुल 20 मामले शिविर में आए। अधिकतर मामले प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना से संबंधित थे। कई लाभुकों ने लिखित आवेदन देकर शिकायत की कि योजना की राशि अब तक उनके बैंक खातों में नहीं आई है। वहीं कुछ लोगों ने बताया कि उन्होंने हाल ही में आवास योजना के लिए आवेदन किया है। अधिकारियों ने सभी आवेदनों को संकलित कर लिया है। नोडल पदाधिकारी ने कहा कि प्राप्त आवेदनों को पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। सत्यापन के बाद पात्र लाभुकों को योजना का लाभ दिया जाएगा।



सहयोग शिविर में शामिल अधिकारीगण

**एक सप्ताह में समाधान का वादाः-** शिविर में अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि नगरवासियों से प्राप्त सभी 20 आवेदनों का निपटारा एक सप्ताह के भीतर संबंधित विभाग द्वारा कर दिया जाएगा। नली-गली और नल-जल से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कर्मियों को निर्देश दिए गए हैं। बिजली विभाग के प्रबंधक ने भी लंबित मामलों को प्राथमिकता से निपटाने की बात कही।

डीसीएलआर कौशर इमाम ने कहा कि सरकार की मंशा है कि आम लोगों की समस्याओं का समाधान उनके घर के पास ही हो जाए। इसी उद्देश्य से वार्ड स्तर पर सहयोग शिविर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने नगर पंचायत के अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर आवेदन पर गंभीरता से कार्रवाई हो। शिविर में वार्ड 03 के लोगों ने पानी, सफाई और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं को लेकर भी शिकायतें दर्ज कराईं। कार्यपालक पदाधिकारी आतिश कुमार ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों में तेजी लाई जा रही है। शिविर के माध्यम से जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित हो रहा है।

# पकरीबरावां में युवक की मिली लाश



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

- **मृतक के पिता ने दर्ज कराई हत्या की प्राथमिकी**
- **विरोध में गुस्साए लोगों ने की सड़क जाम**

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां थाना क्षेत्र के राजेबीघा धेवधा छिलका के पास मंगलवार की सुबह को एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया है। मामले की जांच करने पहुंचे पकरीबरावां के एसडीपीओ सुजय विद्यार्थी, पुलिस इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार एवं थानाध्यक्ष रंजन चौधरी ने अज्ञात युवक के शव को स्थानीय लोगों से पहचान करवाया। इस दौरान मृतक की नानी एवं उसके पिता वहां पहुंचें और युवक की पहचान की। युवक की पहचान पकरीबरावां के रामनगर निवासी प्रसिद्ध पंडित के पुत्र 19 वर्षीय संदीप कुमार के रूप में की गई है। शव के पास मृतक की साइकिल भी मिली है। मृतक के पिता ने हत्या का आरोप लगाते हुए अज्ञात के विरुद्ध पकरीबरावां थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर पहुंचकर एफएसएल की टीम ने जांच की। वहां से साक्ष्य इकठ्ठा किया गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि घटना से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर जांच की जा रही है। बताया जाता है कि युवक पकरीबरावां बाजार में एक आभूषण दुकान में काम करता था। हर दिन की तरह बीते दिन वह घर से निकला था और देर रात तक घर वापस नहीं आया। रात्रि को ही परिवार के लोग युवक को ढूंढना शुरू किया। रात्रि को संदीप द्वारा कॉल नहीं उठाया गया। जिसके बाद परिवार के लोग सुबह से ही उसे ढूंढना शुरू किया परंतु कहीं कोई आता पता नहीं चला। सुबह नौ बजे के करीब किसी ने एक शव के छिलका के पास फेंके होने की सूचना पकरीबरावां पुलिस को दी।

**युवक की मौत से परिवार वालों का रो- रोकर बुरा हालः** युवक की मौत के बाद परिजनों के चीत्कार से घटनास्थल का माहौल गमगीन हो गया। हर कोई परिवार के लोगों को दुख की घड़ी में धैर्य से काम लेने की बात कह रहे थे। मृतक अपने परिवार का कमाऊ सदस्य था। उसके पिता दिल्ली में एक निजी कंपनी में काम करते थे। दोनों की कमाई से घर परिवार चलता था। मृतक की मां की दिमागी हालत ठीक नहीं है। जिसके कारण मृतक हमेशा अपनी मां का ख्याल रखता था। हाल ही में वह अपनी मां को रांची से दिखाकर आया था। मृतक के भाई- बहन एवं परिवार के अन्य सदस्य बेसुध हैं।

**गुस्साए लोगों ने मुख्य सड़क को किया जामः** युवक की मौत से गुस्साए लोगों ने नवादा-जमुई मुख्य पथ को वारिसलीगंज मोड़ के पास जाम कर दिया। लोग युवक की हत्या किए जाने की बात कह हत्यारों की गिरफ्तारी एवं पीड़ित परिवार को मुआवजा की मांग कर रहे थे। पदाधिकारियों के आश्वासन के बाद लोगों ने जाम को हटाया। थोड़ी देर ही सड़क को जाम किया गया था। इधर,एसडीओपी ने बताया कि हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं अनुसंधान के बाद ही युवक के मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

# सिमरकोल मोड़ पर रास्ते के विवाद में दो दुकानदार भिड़े, एक का सिर फटा

**डायल 112 ने पहुंचकर कराया बीच-बचाव, घायल अस्पताल में भर्ती, दोनों पक्षों ने लगाया आरोप**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के सिमरकोल मोड़ के पास मंगलवार दोपहर रास्ते के विवाद को लेकर दो दुकानदारों में जमकर मारपीट हो गई। घटना में एक दुकानदार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया।

घायल दुकानदार को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक मो. गुलाम अनीश ने बताया कि घायल की पहचान हिसुआ थाना क्षेत्र निवासी संजीत कुमार के रूप में हुई है। सिर में गंभीर चोट आई है। प्राथमिक इलाज के बाद जरूरी इंजेक्शन व दवाइयां दी गई हैं। पीड़ित संजीत कुमार ने बताया कि वे सिमरकोल मोड़ के पास अनु इंटरप्राइजेज के नाम से सीमेंट, छड़ व गिट्टी की दुकान चलाते हैं। मंगलवार दोपहर रास्ते के विवाद में लक्ष्मण सर्विस सेंटर के प्रोपराइटर लक्ष्मण कुमार ने ईश्वर कुमार व अन्य लोगों के साथ मिलकर बाइक के सॉकर से हमला कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष के लक्ष्मण कुमार का कहना है कि संजीत कुमार दुकान के रास्ते में गिट्टी गिराकर रास्ता अवरुद्ध कर देते हैं। इससे ग्राहकों के आने-जाने में परेशानी होती है। कई बार मना करने के बावजूद नहीं मानने पर मंगलवार को विवाद बढ़ा और मारपीट हो गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। दोनों पक्षों की ओर से थाने में आवेदन देने की बात कही जा रही है। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष एसआई अजय कुमार ने बताया कि पीड़ित द्वारा लिखित आवेदन मिलने पर अग्रतर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



दुकानदारों को समझाते डायल 112 की टीम

## पारिवारिक लाभ योजना के तहत बीडीओ ने दी सहायता राशि



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कौआकोल।** मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के तहत मंगलवार को बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार ने मृतकों के घर पहुंचकर उनके आश्रितों को सहायता राशि का चेक प्रदान किया। बीडीओ ने बताया कि नावाडीह गांव में विद्युत करंट की चपेट में आने से मृत हुई मीणा देवी के आश्रित पुत्र मिथलेश कुमार,पिता-भुनेश्वर यादव को 20 हजार रुपये का चेक सौंपा गया। वहीं बिझो गांव में वज्रपात से मृत हुई सुलेखा देवी के आश्रित पति शिवदानी यादव को भी 20 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। बीडीओ ने कहा कि मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के तहत आपदा एवं आकस्मिक मृत्यु से प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने परिजनों को हरसंभव सरकारी सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर प्रखंड नाजिर गोपाल कुमार समेत अन्य अधिकारी एवं स्थानीय लोग मौजूद थे।

## नगरपंचायत के चौमुखी विकास के लिए वार्ड पार्षद मुखरता से तीन आला अधिकारियों को पत्र लिख उठाई बुनियादी मांगें

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

- **प्रशासनिक लेत-लतीफी पर दागे तीखे सवाल, स्कूली बच्चों के भविष्य और जनहित की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए कसी कमर**

**रजौली।** नगर पंचायत रजौली के वार्ड संख्या-14 के वार्ड पार्षद सह सशक्त स्थायी समिति के सदस्य धीरज कुमार चौधरी ने क्षेत्र की गंभीर समस्याओं और बच्चों के भविष्य को लेकर प्रशासनिक महकमे में हलचल तेज कर दी है। उन्होंने तीन अलग-अलग विभागों के आला अधिकारियों को पत्र लिखकर विकास योजनाओं की धीमी गति पर न केवल गहरा असंतोष जताया है, बल्कि क्षेत्र की बुनियादी सुविधाएं जल्द से जल्द बहाल करने की पुरजोर मांग भी की है। जनता की आवाज को मुखर करते हुए उन्होंने अधिकारियों से सीधे सवाल किए हैं ताकि जनहित की योजनाओं को समय पर धरातल पर उतारा जा सके।

इसी कड़ी में उन्होंने बुडको नवादा के परियोजना निदेशक को पत्र लिखकर मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के तहत रजौली नगर पंचायत के वार्ड संख्या 14 और 08 में बांके मोड़ से बिजली ऑफिस तक होने वाले नाला व ढक्कन निर्माण कार्य की कछुआ चाल पर तीखा सवाल दागा है। उन्होंने प्रशासनिक उदासीनता पर क्षोभ प्रकट करते हुए सीधे शब्दों में पूछा है कि जब यह महत्वपूर्ण योजना पहले ही स्वीकृत हो चुकी है, तो आखिर इसे धरातल पर उतारने में इतनी देरी क्यों की जा रही है और यदि कार्य शुरू नहीं हो रहा है तो इसके पीछे के वास्तविक कारण क्या हैं।इसके साथ ही वार्ड पार्षद ने क्षेत्र के बच्चों की शिक्षा और उनकी सुरक्षा को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी का ध्यान एक गंभीर समस्या की ओर आकर्षित कराया है। उन्होंने पत्र भेजकर उ० म० वि० रामदासी स्कूल की दयनीय स्थिति पर चिंता व्यक्त की है। धीरज कुमार चौधरी ने मांग की है कि स्कूल की जमीन को स्थानीय ग्रामीणों के अवैध कब्जे से अविलंब मुक्त कराया जाए और वहां चहारदीवारी का निर्माण सुनिश्चित किया जाए, क्योंकि बाउंड्री न होने के कारण स्कूल परिसर आवारा पशुओं का चारागाह बन चुका है जिससे शैक्षणिक माहौल प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा उन्होंने वर्ग कक्षों में बच्चों के बैठने के लिए पर्याप्त संख्या में बेंच-डेस्क उपलब्ध कराने का भी आग्रह किया है।

बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, पोषण और प्रारंभिक शिक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए उन्होंने बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को भी पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने क्षेत्र की एक बड़ी भौगोलिक समस्या को उजागर करते हुए बताया कि रामदासी क्षेत्र का एक बड़ा हिस्सा एनएच -20 फोरलेन सड़क के बीच में पड़ता है। इसके चलते थाना से लेकर बांके मोड़ तक निवास करने वाली करीब एक हजार की आबादी के छोटे-छोटे बच्चे व्यस्त फोरलेन सड़क को पार करके दूसरे छोर पर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र जाने में पूरी तरह असमर्थ हैं।इस गंभीर भौगोलिक बाधा के कारण छह वर्ष से कम उम्र के मासूम बच्चे, गर्भवती महिलाएं और स्तनपान कराने वाली माताएं सरकार की अत्यंत महत्वपूर्ण आईसीडीएस योजना के तहत मिलने वाले पोषण, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच और स्कूल पूर्व शिक्षा जैसे लाभों से पूरी तरह वंचित हो रही हैं। जनहित के इस संवेदनशील मामले को गंभीरता से लेते हुए वार्ड पार्षद धीरज कुमार चौधरी ने इस क्षेत्र के आश्रित परिवारों के लिए तत्काल एक नए आंगनबाड़ी केंद्र की स्थापना की अनुमति देने की मांग की है ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ सुगमता से पहुंच सके।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### रेडीमेड दुकान में लगी भीषण आग, 8 लाख का सामान जलकर खाक



**नालंदा।** बिहारशरीफ के लहेरी थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात एक कपड़े की दुकान में आग लग गई। चंद मिनटों में विकराल रूप धारण कर लिया। करीब 7 से 8 लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि रात का समय होने के कारण कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन दुकानदार की सालों की मेहनत चंद घंटों में स्वाहा हो गई। घटना रामचंद्रपुर स्थित नालंदा कॉलोनी की है

**'बोर्ड से नंबर निकालकर राहगीर ने किया फोन':** दुकान के मालिक शिवशंकर कुमार ने बताया कि वह पिछले सात सालों से यह दुकान चला रहे थे। रात करीब 11:20 बजे के बीच उन्हें फोन पर इस मनहूस घटना की जानकारी मिली। एक राहगीर ने दुकान से लपटें उठती देखी। उसने तुरंत बोर्ड पर लिखा नंबर निकाला। फोन करके सूचना दी। इसके बाद आसपास के लोग भी जमा हो गए।

**'स्टॉक के साथ जरूरी दस्तावेज भी जले':** शिवशंकर के मुताबिक, आग इतनी भयानक थी कि कुछ भी नहीं बच सका। दुकान के निचले हिस्से में मौजूद स्टॉक के साथ-साथ छज्जे पर रखा सर्दियों का कपड़ा भी जलकर खाक हो गया। इसके अलावा काउंटर, गद्दे, पंखा, लाइट और अन्य फर्नीचर भी राख हो गए। इंश्योरेंस के जरूरी कागजात भी इस आग की भेंट चढ़ गए। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है।

**आवेदन के आधार पर की जाएगी कार्रवाई:** वहीं, इस मामले में लहेरी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि अगलगी की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। अग्निशमन विभाग के कर्मियों के साथ मिलकर काबू पाया गया। फिलहाल पीड़ित दुकानदार क्षति के आंकलन में जुटा हुआ है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### प्रभारी जिला सचिव ने सहयोग शिविरों का किया निरीक्षण




**नवादा।** अकबरपुर प्रखंड के माखर पंचायत एवं रजौली प्रखंड के रजौली पश्चिमी पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर का निरीक्षण प्रभारी जिला सचिव श्री हिमांशु शर्मा द्वारा किया गया। प्रभारी जिला सचिव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सहयोग शिविर आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ से उन्हें जोड़ने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।इस अवसर पर प्रभारी सचिव द्वारा निष्पादित आवेदनों से संबंधित स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। इसके उपरांत प्रभारी जिला सचिव श्री हिमांशु शर्मा, जिला पदाधिकारी नवादा श्री रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक नवादा श्री अभिनव धीमान द्वारा इंजीनियरिंग कॉलेज, नवादा का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कॉलेज में उपलब्ध शैक्षणिक एवं आधारभूत संरचनाओं, छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं तथा संस्थान की समग्र कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई। अधिकारियों द्वारा परिसर में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं का अवलोकन करते हुए संस्थान के सुचारु संचालन, शैक्षणिक गुणवत्ता में वृद्धि तथा छात्र-छात्राओं के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में संबंधित विभागों के पदाधिकारी, प्रखंड स्तरीय अधिकारी, जीविका कर्मी एवं जीविका दीदियां उपस्थित थीं।

### गयाजी जिला परिषद को मिलेगा राष्ट्रीय पुरस्कार, अध्यक्ष नैना कुमारी 3 जून को भारत मंडपम में होंगी सम्मानित

**गयाजी।** गया जिला परिषद को ग्रामीण विकास और जनहित से जुड़े उत्कृष्ट कार्यों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चुना गया है। आगामी 3 जून 2026 को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में गया जिला परिषद की अध्यक्ष नैना कुमारी को सम्मानित किया जाएगा। इस उपलब्धि को गया के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। जिला परिषद अध्यक्ष नैना कुमारी ने इस सम्मान पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार केवल उनका नहीं, बल्कि पूरे गया जिले की जनता, जिला परिषद के सभी निर्वाचित सदस्यों, पदाधिकारियों और कर्मियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में सभी जनप्रतिनिधियों ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर जिले के विकास को प्राथमिकता दी और जनता की जरूरतों के अनुरूप योजनाओं को क्रियान्वित किया।

नैना कुमारी ने जानकारी दी कि गया जिला परिषद ने ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य किया है। इनमें ग्रामीण सड़क निर्माण, गली-नली योजना, श्मशान घाटों का निर्माण एवं सुंदरीकरण, हाईमास्ट और स्ट्रीट लाइट की स्थापना, जर्जर सामुदायिक भवनों की मरम्मत, पुस्तकालयों का निर्माण तथा सैकड़ों यात्री शेडों का निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। इन योजनाओं का सीधा लाभ ग्रामीण जनता को मिल रहा है, जिससे गांवों में जीवन स्तर में सुधार आया है। उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर मिला यह सम्मान गया जिला परिषद के कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता को दर्शाता है। ये पुरस्कार भविष्य में और अधिक जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की प्रेरणा देगा। नैना कुमारी ने विश्वास जताया कि जिला परिषद जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए विकास कार्यों को नई गति प्रदान करती रहेगी। वहीं, अध्यक्ष के पति एवं समाजसेवी धर्मवीर गुप्ता उर्फ सरदार जी ने इस उपलब्धि को पूरे जिले के लिए गौरवपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि विकास का यह सम्मान उन लाखों लोगों की उम्मीदों और विश्वास का प्रतीक है, जिन्होंने जिला परिषद के कार्यों पर भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और युवाओं के रोजगार जैसे मुद्दों पर वे लगातार आवाज उठाते रहेंगे और जनता के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेगा। धर्मवीर गुप्ता ने जिले के लोगों से एकजुट रहने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी समस्या का समाधान सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। उन्होंने कहा कि वे हमेशा जनता के साथ खड़े रहे हैं और आगे भी हर सुख-दुख में लोगों के साथ रहेंगे। उन्होंने बताया कि गया के अंबेडकर मार्केट क्षेत्र में एक विशाल और आधुनिक मॉल के निर्माण की योजना पर भी काम चल रहा है। उम्मीद है कि वर्तमान कार्यकाल के दौरान ही इस परियोजना का शिलान्यास कर दिया जाएगा। उनका दावा है कि इस परियोजना के पूरा होने के बाद प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिलेगा, जिससे गया की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।

गौरतलब है कि ग्रामीण विकास के क्षेत्र में किए गए कार्यों के लिए मिलने वाला यह राष्ट्रीय सम्मान गया जिले की उपलब्धियों में एक नया अध्याय जोड़ने जा रहा है। इससे न केवल बिहार बल्कि पूरे देश में गया जिला परिषद के विकास मॉडल की चर्चा होगी। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस सम्मान से जिले में चल रहे विकास कार्यों को और गति मिलेगी तथा आने वाले समय में गया राष्ट्रीय स्तर पर विकास की नई पहचान स्थापित करेगा। 3 जून को भारत मंडपम में होने वाला यह सम्मान समारोह निश्चित रूप से गया जिले के लिए गौरव का एक यादगार अवसर साबित होगा।

# मगध मेडिकल कॉलेज में धरने पर बैठी नर्सिंग स्टाफ, ऑन-ड्यूटी डॉक्टर पर अभद्रता का आरोप

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी।** गयाजी स्थिति मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ ने डाक्टर के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। नर्सिंग स्टाफ का आरोप है कि छह महिला नर्सिंग स्टाफ को ऑन-ड्यूटी डॉक्टर ने न केवल सरेआम गंदी गालियां दीं, बल्कि मर्यादा की सारी हदें पार करते हुए बेहद अश्लील और अभद्र टिप्पणियां कीं। घटना के बाद गुस्साए नर्सिंग स्टाफ ने काम ठप कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। वे धरने पर बैठी हैं। पीड़ित नर्सिंग स्टाफ कुमारी गुड़िया भारती ने रोते हुए अपनी आपबीती सुनाई। उन्होंने बताया कि हम लोग कल नाइट ड्यूटी में थे। डॉ नंदकिशोर राउंड पर आए। अमूमन वो कभी राउंड पर नहीं आते हैं। कल आए तो वो डॉक्टर वाले एप्रन या ड्रेस कोड में भी नहीं थे। फिर भी सम्मान करते हुए हम छह नर्स उनके साथ



राउंड पर गईं। रात के 12 बजे जब राउंड खत्म हुआ, तो 7 घंटे से लगातार काम कर रही एक सिस्टर ने कहा कि वह पानी पीने और वॉशरूम जा रही है। उसने बकायदा दूसरी सिस्टर को हैंडओवर दिया। वार्ड खाली नहीं छोड़ा।

**नर्सों को गालियां देने का लगाया आरोप:** गुड़िया भारती ने बताया कि जैसे ही वह सिस्टर गई, डॉक्टर आगबबूला हो गए और चिल्लाने लगे कि वह सिस्टर क्यों नहीं है। मुझे वही चाहिए, तुम क्यों आई हो। तुम जाओ यहां से। जब नर्सों ने समझाने की कोशिश की कि 12 घंटे की ड्यूटी में क्या उन्हें 1 मिनट के लिए वॉशरूम जाने की भी इजाजत नहीं है। तो



डॉक्टर ने मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ दीं। पब्लिक प्लेस में, मरीजों और तीमारदारों के सामने नर्सों को गालियां दी गईं। मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। पीड़ित नर्स ने कहा कि कल रात 8 बजे से सुबह 8 बजे तक हम ड्यूटी पर थे। चिकित्सा कर्मचारी संघ की अध्यक्ष श्वेता कुमारी ने भी आक्रोश जताते हुए कहा, डॉक्टर ने जो शब्द बोले हैं। उन्हें हम ऑन-कैमरा बोल भी नहीं सकते। ये डॉक्टर आए दिन किसी न किसी महिला स्टाफ को टारगेट करते हैं।

**नर्सों का दावा- आंदोलन जारी:** अस्पताल के कार्यकारी अधीक्षक पीके अग्रवाल ने कैमरे पर कहा कि मामला पूरी तरह से खत्म हो गया है। रात में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ के बीच कुछ आपस में अभद्र व्यवहार का मामला था। सुबह कुछ देर काम बाधित हुआ था, लेकिन अब सब नॉर्मल है। ओपीडी और इमरजेंसी चल रही है। जब कार्यकारी अधीक्षक से पूछा गया कि क्या कार्रवाई हुई, तो उन्होंने कहा कि स्पष्टीकरण मांगा गया है और जांच कमेटी बनाई गई है।

वहीं नर्सिंग संघ की अध्यक्ष श्वेता कुमारी ने अधीक्षक के दावों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि कार्यकारी अधीक्षक ने डॉक्टर को वहां से हटाकर सिर्फ ब्लड बैंक में शिफ्ट कर दिया है और एक दिन का वेतन काटा है। यह कोई सजा नहीं बल्कि औपचारिकता है। हमारा विरोध प्रदर्शन अभी खत्म नहीं हुआ है और हम ड्यूटी पर वापस नहीं गए हैं। जब तक डॉक्टर सस्पेंड या बर्खास्त नहीं होता है। हमारा आंदोलन जारी रहेगा।

## नालंदा में हथियारों के साथ तीन अपराधी अरेस्ट, पकड़े गए तीनों आदतन अपराधी, एक देसी पिस्टल, एक देसी कट्टा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा।** नालंदा के लहेरी थाना क्षेत्र के मदरसा गली में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 3 आदतन अपराधियों को हथियार और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। ये कार्रवाई 1 जून की रात करीब 10:30 बजे की गई, जब पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मदरसा गली स्थित परमानंद सिंह के मकान में कुछ अपराधी हथियारों के साथ हैं और किसी गंभीर अपराध को अंजाम देने की फिराक में हैं।

सदर डीएसपी वन संकेत कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि गुप्त सूचना को गंभीरता से लेते हुए वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराया गया और सहायक पुलिस



अधीक्षक-सह-अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बिहारशरीफ के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन कर मदरसा गली में छापेमारी की गई। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए परमानंद सिंह के मकान के प्रथम तल्ले पर स्थित कमरे में छापेमारी की, जहां से तीन अपराधियों को धर दबोचा गया।

**गिरफ्तार किए गए अपराधियों के खिलाफ पहले से मामले दर्ज:** गिरफ्तार किए गए अपराधियों की पहचान नालंदा जिले के लहेरी थाना क्षेत्र के शिवाजी कॉलोनी निवासी मोनू कुमार, बिन्द थाना क्षेत्र के मोहदीपुर निवासी राजा कुमार और बिहार थाना क्षेत्र के कटरापर निवासी मोहित कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से एक देशी पिस्टल, एक देशी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पकड़े गए तीनों अपराधियों का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। इन सभी के खिलाफ चोरी, लूट, डकैती, रंगदारी, दंगा और आर्म्स एक्ट के तहत कई मामले पहले से दर्ज हैं और ये पूर्व में भी जेल जा चुके हैं। इस सफल छापेमारी अभियान में लहेरी के पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक, दरोगा सर्वेश कुमार, रणधीर कुमार, चन्दन कुमार तथा सिपाही ब्रजेश कुमार और दीपक कुमार शामिल थे।

## घर-घर पहुंचेंगी मोदी सरकार की 12 साल की उपलब्धियां



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के सफलतापूर्वक 12 साल पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी की नालंदा इकाई ने सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने की व्यापक तैयारी कर ली है।

मंगलवार को बिहार शरीफ परिसदन में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित मासिक बैठक में यह रूपरेखा तय की गई। बैठक की शुरुआत में नवनिर्वाचित भाजपा बिहार प्रदेश मंत्री सह नालंदा जिला प्रभारी संजय कुमार मुन्ना का उपस्थित पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और 12 वर्षों के बेमिसाल काम की जानकारी देने वाले पत्रक लेकर कार्यकर्ता वृहद जनसंपर्क अभियान चलाएंगे और घर-घर जाकर आम जनता से सीधा संवाद स्थापित करेंगे।

**प्रत्येक बूथ पर वृक्षारोपण होगा:** बैठक के दौरान पार्टी के आगामी संगठनात्मक और सामाजिक कार्यक्रमों की भी रूपरेखा तैयार की गई। जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी आह्वान 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत जिलेभर के प्रत्येक बूथ पर सघन वृक्षारोपण किया जाएगा। इसके अलावा, जिले में प्रेस वार्ता, विशेष प्रदर्शनी और स्वच्छता अभियान सहित कई अन्य जन-जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

21 जून को विश्व योग दिवस के मौके पर जिले के सभी मंडलों में वृहद स्तर पर योग शिविरों का आयोजन सुनिश्चित किया

**♦ नालंदा में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान, 5 जून को बूथ स्तर पर चलेगा**

गया है। इन सभी आयोजनों को सफलतापूर्वक धरातल पर उतारने के लिए जिला पदाधिकारियों को अलग-अलग मंडलों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं।

**गरीब लोगों की मदद करने की अपील:** इस अवसर पर कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए प्रदेश मंत्री संजय कुमार मुन्ना ने सभी पदाधिकारियों को बूथ स्तर पर मजबूती से कार्य कर पार्टी संगठन को और धारदार बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से स्पष्ट रूप से कहा कि वे धरातल पर उतरकर सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने में गरीब और जरूरतमंद लोगों की हरसंभव सहायता करें, ताकि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने प्रधानमंत्री के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि 2014 में देश की कमान संभालने के बाद से पीएम मोदी ने निरंतर अभूतपूर्व काम करते हुए हर क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाएं हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आज भारत का मान-सम्मान वैश्विक मंचों पर सर्वोच्च शिखर पर है।

2014 से पहले देशवासियों को जिन अनगिनत समस्याओं का सामना करना पड़ता था, आज तेजी से उनका समाधान हो रहा है। उन्होंने 12 साल के कार्यकाल में 25 करोड़ से अधिक गरीबों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने को इस सरकार की एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया, जिसका सीधा असर देशवासियों के बेहतर होते जीवन स्तर पर दिख रहा है।

## निजी रास्ते पर अवैध निर्माण का आरोप, लोको पायलट की पत्नी बोलीं- डीएम-एसडीओ के आदेश के बावजूद कार्रवाई नहीं

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया।** गया के बोधगया प्रखंड के मोचारीम गांव में भूमि और रास्ते का विवाद सामने आया है। रेलवे लोको पायलट सिकंदर मेहता के परिवार ने बोधगया अंचलाधिकारी (सीओ) की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। परिवार का आरोप है कि जिलाधिकारी और अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) के आदेश के बावजूद उनके निजी रास्ते पर कथित अवैध निर्माण जारी है। पीड़ित परिवार की सदस्य आरूणी कुमारी, जो सिकंदर मेहता की पत्नी हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने गांव में 4 डिसमिल जमीन खरीदी थी। इस जमीन तक पहुंचने के लिए 5 फीट चौड़ा रास्ता भी खरीदा गया था, जिसका उल्लेख भूमि के बिक्री दस्तावेज (केवाला) में स्पष्ट रूप से दर्ज है।

**विरोध करने पर नहीं रुका निर्माण का काम:** इसके बावजूद, पड़ोसी सुमन देवी और उनके पति उमेश यादव पर आरोप है कि वे उस 5 फीट चौड़े रास्ते पर अवैध निर्माण काम करा रहे हैं। आरूणी कुमारी का कहना है कि यह रास्ता उनकी निजी संपत्ति का हिस्सा है। पीड़िता ने बताया कि उन्होंने बार-बार विरोध किया, लेकिन निर्माण काम नहीं रुका। उन्होंने पहले स्थानीय अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन



कोई समाधान नहीं निकला। इसके बाद उन्होंने जिलाधिकारी और एसडीओ को लिखित आवेदन देकर न्याय की मांग की। उच्च अधिकारियों ने मामले में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए थे। हालांकि, आरूणी कुमारी का आरोप है कि बोधगया सीओ की ओर से केवल मौखिक रूप से नापी करवाई गई और अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रशासनिक आदेशों की अनदेखी की जा रही है और अंचलाधिकारी की ओर से एक पक्षीय रवैया अपनाया जा रहा है।

**परिवार का आवागमन प्रभावित हो रहा:** पीड़िता ने बताया कि विवादित भूमि बोधगया थाना क्षेत्र के मोचारीम मौजा, हल्का मोचारीम, खाता संख्या 323 और प्लॉट संख्या 3390 से संबंधित है। उनका कहना है कि खरीदे गए रास्ते पर अवैध निर्माण होने से उनके परिवार का आवागमन प्रभावित हो रहा है और भविष्य में और भी बड़ी समस्या खड़ी हो सकती है। मामले को लेकर पीड़ित परिवार ने सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई है। पीड़िता आरूणी कुमारी का आरोप है कि जब उन्होंने निर्माण काम का विरोध किया तो उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। इस कारण पूरा परिवार भय और तनाव के माहौल में रह रहा है। उन्होंने प्रशासन से सुरक्षा उपलब्ध कराने और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

**मामले की निष्पक्ष जांच की**

### पक्षपात हो रहा

**मांग:** पीड़िता आरूणी कुमारी ने कहा कि उनके पति सिकंदर मेहता भारतीय रेलवे में लोको पायलट हैं और रोजाना हजारों यात्रियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाते हैं। भूमि विवाद और लगातार मिल रही धमकियों के कारण वह मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई लोको पायलट मानसिक दबाव में रहेगा तो इसका असर उसके काम पर पड़ सकता है, जिससे यात्रियों की सुरक्षा भी प्रभावित हो सकती है। इसलिए प्रशासन को इस मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान निकालना चाहिए। पीड़ित परिवार ने जिला प्रशासन, राज्य सरकार और संबंधित विभागों से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, विवादित रास्ते पर हो रहे निर्माण काम को तत्काल रोका जाए और सरकारी आदेशों का पालन सुनिश्चित कराया जाए। परिवार का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो वे न्याय के लिए आगे भी कानूनी लड़ाई लड़ेंगे।

सीओ चंद्रशेखर कुमार का कहना है कि जो भी आरोप लगाया गया है, अगर वह गलत है। तो उचित कार्रवाई की जाएगी। अमीन की ओर से कल ही नापी कराई गई है। रिपोर्ट बनाकर सबमिट कर दी जायगी।

# गयाजी में जगजीवन कॉलेज ने मनाया 68वां सालगिरह

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी।** गयाजी के जगजीवन कॉलेज ने अपना 68वां स्थापना दिवस मनाया है। स्थापना के लगभग 67 साल के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार कॉलेज परिसर में बाबू जगजीवन राम की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया गया। मगध विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलगुरु (VC), जिन्होंने इसी विश्वविद्यालय से 1975 में इंटर किया। उन्होंने इस गौरवमयी पल का साक्षी बनकर कॉलेज की उपलब्धियों को सराहा।

**उपलब्धियों का नया कीर्तिमान और कुलगुरु की मुहर:** समारोह के दौरान कुलपति ने जगजीवन कॉलेज को मगध विश्वविद्यालय का एक 'एसेट' (धरोहर) करार दिया। उन्होंने खुले मंच से कहा कि यह कॉलेज विश्वविद्यालय के लिए कोई बोझ नहीं, बल्कि गौरव है। कॉलेज ने राष्ट्रीय स्तर पर NAAC मूल्यांकन में 'B' ग्रेड हासिल कर अपनी उपयोगिता साबित की है, जो थोड़े और अंकों के साथ 'B+' हो सकता था। इस मौके पर उन्होंने घोषणा की कि आने वाले दिनों में यहां अलग-अलग विषयों में एमए और एमएससी की पढ़ाई शुरू की जाएगी, जो इस इलाके के छात्रों के लिए मील का पत्थर साबित होगी। साथ ही, उन्होंने कॉलेज के उन दो होनहार छात्रों का भी विशेष जिक्र किया, जिन्हें देश के राष्ट्रपति की ओर से पुरस्कृत किया जा चुका है।



**दिवंगत प्रिंसिपल राजीव बाबू के सपनों को मिला आकार:** कॉलेज के वर्तमान हेड माल्टर प्रोफेसर डॉ. सत्येंद्र प्रजापति ने मीडिया को संबोधित करते हुए भावुक मन से विकास काम का ब्योरा दिया। उन्होंने बताया कि पूर्व उपप्राचार्य स्वर्गीय राजीव रंजन के प्रयासों से रूसा (RUSA) के तहत 2 करोड़ का फंड स्वीकृत हुआ था। उनके असमय चले जाने के बाद, डॉ. प्रजापति ने 1 जून 2022 को कमान संभाली और इन चार साल में सभी लंबित कार्यों को पूरी निष्ठा से पूरा कराया। आज इसी राशि से निर्मित शानदार मल्टीपर्पस बिल्डिंग, साइकिल स्टैंड, मानविकी भवन और चारदीवारी कॉलेज की नई तस्वीर बयां कर रहे हैं। बता दें कि इसी महीने की 30 तारीख को हेड मास्टर प्रजापति सेवानिवृत्त हो रहे है।

**♦ जगजीवन राम की भव्य प्रतिमा का अनावरण हुआ**

**करोड़ों के इंफ्रास्ट्रक्चर पर 'जलजमाव' का ग्रहण:** जगजीवन महाविद्यालय का एक स्याह पहलू भी है, जिसे हेड मास्टर ने बेहद भारी मन से मीडिया के सामने रखा। एक तरफ जहां करोड़ों रुपये की लागत से नया इंफ्रास्ट्रक्चर बनकर तैयार है, वहीं दूसरी तरफ कॉलेज परिसर में हो रहे भारी जलजमाव ने इस पूरी मेहनत पर पानी फेर दिया है। स्थिति इतनी विकट हो चुकी है कि कॉलेज की नई इमारतें और बुनियादी ढांचा इस गंदे पानी के कारण धीरे-धीरे बर्बाद हो रहा है।

हेड मास्टर डॉ. सत्येंद्र प्रजापति ने इस प्रशासनिक विफलता पर गहरी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने खुलासा किया कि इस समस्या के समाधान के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय, केंद्रीय मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी, नगर निगम और नगर आयुक्त तक को पत्र लिखकर गुहार लगाई है। अधिकारियों ने कागजी खानापूर्ति के लिए दौरा भी किया और कुछ अतिक्रमण भी हटाया।

## संक्षिप्त समाचार

### देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की हुई मौत

**बिक्रमगंज/रोहतास** : आरा-सासाराम मुख्य मार्ग पर बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के मानी मोड़ समीप सोमवार की रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई । अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया,जिसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया,लेकिन चिकित्सक उसे बचा नहीं सके । प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की रात करीब साढ़े आठ बजे मानी मोड़ के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी । हादसे के बाद वाहन चालक मौके से वाहन को लेकर फरार हो गया । टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे और घायल युवक को संभालते हुए तत्काल पुलिस को सूचना दी । सूचना मिलते ही बिक्रमगंज थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से गंभीर रूप से घायल युवक को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया । वहां चिकित्सकों ने उसकी हालत अत्यंत नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बिक्रमगंज रेफर कर दिया । हालांकि अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया । मृतक की पहचान संझौली थाना क्षेत्र के राजाडीह गांव निवासी विनोद राम के 28 वर्षीय पुत्र राजेश राम के रूप में हुई है । घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया । अस्पताल परिसर में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था । बिक्रमगंज थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई । इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेजा गया । पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया है । थानाध्यक्ष ने कहा कि हादसे को अंजाम देने वाले अज्ञात वाहन की पहचान और चालक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है ।

### पुलिस ने पांच नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बिक्रमगंज /रोहतास** : पुलिस ने थाना में दर्ज एक कांड में त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर सकारात्मक संदेश गया है ।थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बिक्रमगंज थाना कांड संख्या 377/26 में नामजद अभियुक्त अगम सिंह,डिस्को सिंह उर्फ राजेश सिंह,राहुल कुमार,धर्मेंद्र सिंह एवं सचिन कुमार को गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार सभी अभियुक्त थाना क्षेत्र के इन्द्रार्थ गांव के निवासी हैं । उन्होंने बताया कि मामले में आवश्यक पूछताछ एवं जांच-पड़ताल पूरी करने के बाद सभी अभियुक्तों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया । पुलिस मामले के अन्य पहलुओं की भी गहनता से जांच कर रही है । थानाध्यक्ष ने कहा कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है । किसी भी दोषी को कानून से बचने नहीं दिया जाएगा । क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है ।

### पांच सदस्यीय जांच कमिटी ने सदर अस्पताल पहुंचकर विधायक विभा देवी के पुत्र की मौत मामले का किया जाँच

**नवादा** : नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत केंदुआ स्थित धर्मशीला देवी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल अब जांच के घेरे में और फंसता दिख रहा है। विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी और इलाज में लापरवाही के आरोपों के बीच पूर्व श्रम राज्यमंत्री राजबल्लभ प्रसाद द्वारा दायर मुकदमे की उच्च स्तरीय जांच सोमवार को फिर शुरू हो गई। जांच कमिटी ने लिए बयान : नवादा पहुंची पांच सदस्यीय जांच कमिटी ने सदर अस्पताल में कैंप कर पूरे दिन बयान दर्ज किए। शिकायतकर्ता राजबल्लभ प्रसाद खुद जांच दल के सामने पेश हुए। उन्होंने अपने पुत्र अखिलेश कुमार की मौत के पूरे घटनाक्रम को लिखित और मौखिक दोनों रूप में रखा। राजबल्लभ ने अस्पताल संचालक पर लगे सभी आरोप दोहराते हुए कहा कि इसके पहले भी डॉक्टरों की लापरवाही और प्रबंधन के भ्रष्ट रवैये से कई मरीजों की जान जा चुकी है।

**विधायक विभा देवी भी पहुंचीं जांच दल के सामने** : सदर विधायक विभा देवी ने भी जांच दल को अपना पक्ष बताया। उन्होंने कहा कि "अगर धर्मशीला अस्पताल के डॉक्टर मेरे बेटे को 2 घंटे पहले रेफर कर देते तो उसकी जान बच जाती"। उन्होंने अखिलेश के इलाज के दौरान हुई पूरी घटना का ब्यौरा लिखित बयान में दिया और मांग की कि अस्पताल को तत्काल सील कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो।

**फर्जी मरीज, किडनी कांड और रेफरल रैकेट का गंभीर आरोप** : पूर्व मंत्री ने जांच दल के सामने कई विस्फोटक खुलासे किए। सदर अस्पताल के कर्मी जो धर्मशीला अस्पताल के पार्टनर भी हैं, मरीजों को बहला-फुसलाकर वहां ले जाते हैं और फिर शोषण करते हैं। बजाज स्वास्थ्य बीमा कंपनी के मुकदमे में आरोप है कि सदर अस्पताल से रेफर किए गए फर्जी मरीजों के नाम पर करोड़ों की अवैध निकासी हुई है। कादिरगंज के एक बालक की किडनी निकालकर बेचने का मामला भी उठाया गया, जिसका साक्ष्य शिकायतकर्ता ने जांच दल को सौंपा।

इसके अलावा कई पीड़ित अभिभावकों ने भी अस्पताल प्रबंधन की कारगुजारियों को जांच टीम के सामने रखा। बयान के बाद पत्रकारों से बातचीत में राजबल्लभ प्रसाद ने कहा, "इस हॉस्पिटल प्रबंधक का आपराधिक चरित्र कई बार सामने आ चुका है, फिर भी लाइसेंस बरकरार है, यह आश्चर्य की बात है"। उन्होंने दोहराया कि यह लड़ाई वे न्याय मिलने तक लड़ेंगे, सामने वाला चाहे जितना ताकतवर और रसूखदार क्यों न हो। पूर्व मंत्री ने जांच दल से निष्पक्ष जांच की उम्मीद जताते हुए कहा कि इससे आम जनता को ऐसे भ्रष्ट अस्पताल से निजात मिलेगी।

### हमीदपुर बारा सहयोग शिविर में नल-जल का मुद्दा रहा प्रमुख



सहयोग शिविर में उपस्थित पदाधिकारी एंव अन्य

**नरहट (नवादा)**: ग्रामीणों की जनहित से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर सरकार द्वारा पंचायत स्तर पर आयोजित किए जा रहे सहयोग शिविरों की कड़ी में मंगलवार को पुन्थर पंचायत के वार्ड संख्या-4 हमीदपुर बारा में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता वरीय उप समाहर्ता राजीव कुमार ने की। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं पर ग्रामीणों ने आवेदन दिए, जिसमें नल-जल गली नाली योजना से जुड़ी शिकायतें और समस्याएं प्रमुख रूप से छाई रहीं। बीडीओ प्रशांत कुमार ने बताया कि शिविर तिथि से पूर्व कुल 46 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 40 आवेदनों का निष्पादन कर दिया गया है। शेष मामलों के निष्पादन की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को आयोजित शिविर में 15 नए आवेदन प्राप्त हुए हैं। सभी आवेदनों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। शिविर में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे तथा ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। ग्रामीणों ने सहयोग शिविर के माध्यम से स्थानीय समस्याओं के समाधान की पहल का स्वागत किया। अगला सहयोग शिविर नरहट प्रखण्ड के पालिकला में 16 जून को आयोजित की जाएगी।

# काराकाट के सहयोग शिविर में पहुंची रोहतास डीएम और एसपी, लोगों के समस्याओं के त्वरित निष्पादन के लिए अधिकारियों को किये निर्देशित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता





**काराकाट / रोहतास।** काराकाट पंचायत सरकार भवन में मंगलवार को जिला मजिस्ट्रेट उदिता सिंह की अध्यक्षता में आयोजित सहयोग शिविर में अनेक समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया और विभिन्न योजनाओं के तहत लाभवितरित किए गए। कार्यक्रम राष्ट्रगान के साथ शुरू हुआ। दीप प्रज्वलन के साथ रोहतास डीएम उदिता सिंह, एसपी रोशन कुमार, सिविल सर्जन मणि रंजन राज, मुखिया योगेंद्र सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह, अंचलाधिकारी डॉ. रितेश कुमार व अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। शिविर में कुल 34 लाभुकों को आयुष्मान कार्ड, पेंशन, किसान निधि, आवास योजना, ई-श्रम कार्ड, राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, जॉब कार्ड व अन्य प्रमाण-पत्र व चेक सौंपे गए। आयुष्मान कार्ड के तहत सिद्धू चौधरी और जयराम शर्मा को डीएम व एसपी ने मंच पर प्रदान किया। वहीं रामजी सिंह को पेंशन, कृषि विभाग से दिनेश सिंह को 2000 रुपए का चेक, चांदनी देवी को आवास योजना के तहत सम्मानित किया गया। आईईसीडीएस विभाग के तहत मिनट कुमारी व मंजू देवी को गोद भराई सम्मान और फल-भरी टोकरी दी गई। शिक्षा विभाग ने जिला टॉपर प्रियांशु कुमार व रोशनी कुमारी को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।

शिविर को संबोधित करते हुए एसपी रोशन कुमार ने सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि पर चिंता व्यक्त की और लोगों से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने, नाबालिगों को गाड़ी न चलाने देने व वाहन पर ज्यादा सवार न होने का आह्वान किया। उन्होंने प्रशासन द्वारा जंबल स्ट्रिप व अन्य उपायों की व्यवस्था का उल्लेख किया। डीएम उदिता सिंह ने कहा कि सरकार का उद्देश्य पंचायत स्तर पर समस्याओं का समाधान कराना है ताकि नागरिकों को बार-बार कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को आवेदनों का समयबद्ध निपटान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया और कहा कि पंचायत भवन पर आवेदन एक माह पहले दे दें ताकि 30 दिनों के भीतर कार्रवाई संभव हो सके। कार्यक्रम में मौके पर प्रभारी सचिव रोहतास संदीप कुमार आर पुड़कलपटी, काराकाट थाना अध्यक्ष विवेक कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह, अंचल अधिकारी डॉ रितेश कुमार, आरओ ध्रुव कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार, श्रम पर्वतन पदाधिकारी देवाशीष कुमार, एमओ राहुल कुमार, बीपीआरओ रेणुका कुमारी, सीडीपीओ रीता कुमारी, बीडब्ल्यूओ शिवानी, बिजली एसडीओ राजू कुमार, बीएओ दिलीप कुमार, जेएसएस अनुज कुमार समेत कई विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने पंचायत स्तर पर ऐसे शिविरों की सराहना की।

## कराकाट में अवैध शराब कारोबार का खुलासा, 70 लीटर से अधिक शराब बरामद

### पुलिस ने किया बड़ा पर्दाफाश, फल दुकान व मकान से विदेशी ब्रांड की बड़ी खेप जब्त

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**काराकाट /रोहतास** । काराकाट थाना क्षेत्र के करूप बाजार में सोमवार की देर शाम काराकाट पुलिस की कार्रवाई में अवैध शराब कारोबार का बड़ा खुलासा हुआ। काराकाट थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि कल बीते देर शाम करूप बाजार गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में एक फल दुकान और उससे जुड़े मकान से 70 लीटर से अधिक विदेशी शराब बरामद की गई। पुलिस ने मौके से एक किशोर को हिरासत में लिया, जबकि मुख्य आरोपी समेत अन्य लोग फरार हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार काराकाट थाने के पुलिस गस्त टीम को को सूचना मिली थी कि काराकाट थाना क्षेत्र के करूप बाजार के पास अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने एक टीम गठन की जिसमें एस आई चौधरी अरुण आलोक, एस आई मनजीत कुमार तथा अन्य सशस्त्र बल के साथ बताए गए स्थान पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस को देखते ही वहां मौजूद कुछ लोग भागने लगे। हालांकि एक किशोर को मौके से पकड़ लिया गया। पूछताछ के बाद पुलिस ने फल दुकान और मकान की तलाशी ली। तलाशी के दौरान कमरे और कार्टनों में छिपाकर रखी गई विभिन्न ब्रांड की विदेशी शराब एवं किंगफिशर स्ट्रांग बियर बरामद हुई।

बरामद शराब में 200 एमएल की ब्लू लाइम देसी मसाला शराब एक पेटी 75 पीस, 375 एमएल की रॉयल स्टैग सुपीरियर ग्रेन व्हिस्की का 15 पीस, किंगफिशर एक्स्ट्रा स्ट्रॉन्ग बीयर 500 एमएल 18 पीस तथा 8 पीएम 180 एमएल स्पेशल ब्लेंड ऑफ स्कॉच एंड इंडियन ग्रेन व्हिस्की 6 कार्टून में 48 पीस शामिल है। पुलिस ने कुल 70 लीटर से अधिक शराब जब्त की है। बरामद शराब का पंचनामा तैयार कर उसे जब्त कर लिया गया। थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि पकड़े गए किशोर ने पूछताछ में बताया कि उसके पिता और भाई बाहर से शराब मंगवाकर फल दुकान की आड़ में उसकी बिक्री करते थे।

पुलिस के अनुसार मामले में अजय साह, अंकित कुमार तथा अन्य संबंधित लोगों को नामजद आरोपित बनाया गया है। वहीं मुख्य आरोपी और उसके सहयोगियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। थाना थानाध्यक्ष ने कहा, वही विधि विरुद्ध बालक को आज मंगलवार को जुवेनाइल कोर्ट सासाराम के समक्ष एवं सुपुर्द किया गया

काराकाट थाना पुलिस ने बताया कि बरामदगी के आधार पर बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए वार्डवार व पंचायतवार सहयोग शिविर आयोजित : ईएसई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बिक्रमगंज /रोहतास।** आम नागरिकों को उनकी समस्याओं, शिकायतों एवं सुझावों के त्वरित समाधान हेतु राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को नगर निकायों में वार्डवार तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतवार सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 2 जून को रोहतास जिले के विभिन्न नगर निकायों एवं पंचायतों में सहयोग शिविर आयोजित किए गए। इस संबंध में विद्युत अधीक्षण अभियंता, सासाराम ई. इंद्रदेव कुमार ने बताया कि सहयोग शिविरों के माध्यम से प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों का मानक कार्य प्रणाली (एसओपी) के तहत त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

उन्होंने बताया कि विभाग की इस पहल के अंतर्गत प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को विशेष सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में बिजली बिल सुधार, नया विद्युत कनेक्शन, स्मार्ट प्रीपेड मीटर संबंधी सहायता, मीटर खराबी, बकाया भुगतान, लोड वृद्धि, विद्युत आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों तथा अन्य तकनीकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इसके अतिरिक्त उपभोक्ताओं को ऊर्जा संरक्षण, सुरक्षित विद्युत उपयोग, स्मार्ट प्रीपेड मीटर के लाभ एवं प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की जा रही है।

**नगर निकायों में आयोजित सहयोग शिविर** : बिक्रमगंज नगर परिषद, डेहरी नगर परिषद, सासाराम नगर निगम, नगर पंचायत चेनारी, नोखा, कोचस, दिनारा, रोहतास, नासरीगंज, काराकाट एवं कोआथ नगर निकायों के चयनित वार्डों में सहयोग शिविर आयोजित कर उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया गया।

**पंचायतों में आयोजित सहयोग शिविर** : नोखा प्रखंड के मौडीहा, बिक्रमगंज के खैराभुधर, सासाराम के करसेरुआ, दिनारा के अकोढ़ा, सूर्यपुरा के शिवोबहार, करगहर के शिवन, कोचस के कपसिया, शिवसागर के पड़री, रोहतास के बकनौरा, काराकाट के सोनवर्षा एवं अमौना, नासरीगंज के धनाव, नौहट्टा के यदुनाथपुर, तिलौथू के चितौली, अकोढ़ीगोला के पकड़िया, डेहरी के गंगौली तथा राजपुर के बरना पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित किए गए।

विद्युत विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र में आयोजित होने वाले सहयोग शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें तथा बिजली संबंधी समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर प्राप्त करें। विभाग का उद्देश्य उपभोक्ताओं को पारदर्शी, सरल एवं सुलभ सेवाएं उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करना है।

## महत्वकांक्षी पहल सब का सम्मान जीवन आसान के संकल्प के साथ दूसरा सहयोग शिविर का आयोजन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बिक्रमगंज / रोहतास** । मंगलवार को बिक्रमगंज प्रखंड के खैरा भूधर पंचायत के पंचायत भवन में बिहार सरकार की महत्वकांक्षी पहल सब का सम्मान जीवन आसान के संकल्प के साथ दूसरा सहयोग शिविर का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया राजेंद्र प्रसाद गुप्ता तथा संचालन जिला बीस सूत्री सदस्य रोहतास नवीन चंद्र शाह ने की। आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निष्पादन एवं सरकारी योजनाओं के लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार गौतम, अंचल पदाधिकारी अलका कुमारी ,प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रितेश कुमार ,प्रखंड प्रमुख बिक्रमगंज राकेश कुमार सिंह, बीपीआरओ सलोनी चतुर्वेदी ,बीएसओ दीपक कुमार दीपांकर, प्रियांशु पाराशर, वरिष्ठ नेत्री मालती कुशवाहा ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर शिविर का विधिवत उद्घाटन किया। तत्पश्चात राष्ट्रीय गीत का प्रस्तुतीकरण एवं आए हुए सभी अधिकारियों पदाधिकारी का पौधा एवं वस्त्र से सम्मानित किया गया। जनता जनार्दन की समस्याओं के निष्पादन हेतु कल 22 काउंटर खोले गए थे उनमें पंचायती राज्य राजस्व विभाग सहकारिता ग्रामीण विकास अल्पसंख्यक सामाजिक सुरक्षा कोषांग स्वास्थ्य विभाग इत्यादि। सभी काउंटरों से लगभग 22 आवेदन प्राप्त हुए। कुछ आवेदनों का निष्पादन कर प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं मुखिया ने लाभ को वितरण किय। सहयोग शिविर में मोहिनी पंचायत के मुखिया रामचंद्र नट, जमोढी पंचायत के मुखिया मनोज मंजिल ,बीडीसी उमेश राम ,अजय गांधी, गौतम तिवारी, सुशील कुमार ,अमित कुमार ,बबलू सहित प्रखंड कल्याण पदाधिकारी रविंद्र कुमार यादव इत्यादि। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ।

## रजौली में दबंगों ने रात में गिरा दी बाउंड्री, जमीन मालिक ने थाने में लगाई न्याय की गुहार

### 6 माह से चल रहा विवाद, महिलाओं को आगे कर कब्जे की कोशिश का आरोप, थानाध्यक्ष बोले- आवेदन मिलते ही कार्रवाई



जमीन पर क्षतिग्रस्त बाउंड्रीवाल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र में भूमि विवाद को लेकर लगातार घटनाएं सामने आ रही हैं। प्रशासन लोगों से आपसी समझदारी और कानूनी रास्ता अपनाने की अपील कर रहा है। इसी बीच एक और मामला प्रकाश में आया है। नेमदारगंज निवासी संजय कुमार यादव ने रजौली थानाध्यक्ष को आवेदन देकर दबंगों पर खतियानी जमीन पर काम रोकने और धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने बताया कि वे बांके मोड़ के समीप टकुआटांड़ मौजा के खाता संख्या 151, प्लॉट 769 की अपनी जमीन पर बाउंड्री का कार्य करा रहे थे। इसी दौरान महादेव मोड़ निवासी रामसागर राजवंशी एवं विजय राजवंशी अपने साथ 20 अन्य अज्ञात महिलाओं को लेकर वहां पहुंचे। आरोप है कि उक्त लोगों ने बाउंड्री देने से रोक दिया और धमकी दी कि बाउंड्री दी तो गिरा देंगे।

पीड़ित संजय यादव का कहना है कि यह जमीन उन्होंने 8 महीने पूर्व महसई मोहल्ला निवासी स्व. मनीर उद्दीन के पुत्र मो. एकराम से एग्रीमेंट ली है। यह एकराम की खतियानी जमीन है। आरोप है कि रजौली के कुछ भूमाफिया, जो दबंग प्रवृत्ति के हैं, एग्रीमेंट की जमीन को बेचने नहीं देना चाहते।

**रात में गिरा देते हैं दीवार,दिन में महिलाओं को करते हैं आगे** :- संजय यादव ने आवेदन में लिखा कि जब भी जमीन पर बाउंड्रीवाल दी जाती है, दबंग उसी रात उसे गिरा देते हैं। यह विवाद पिछले 6 माह से चल रहा है। इसी विवाद में उक्त लोगों ने उन पर नवादा एससी-एसटी थाना में झूठा केस भी दर्ज करा दिया है। जबकि पूर्व में रजौली थाना परिसर में दोनों पक्षों के बीच समझौता भी हो चुका है। पीड़ित का आरोप है कि दबंग अब महिलाओं को आगे कर जमीन पर अवैध कब्जा करना चाहते हैं। बार-बार काम में बाधा डालने से वे परेशान हैं। उन्होंने थाने में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष एसआई अजय कुमार ने कहा कि मामला अभी उनके संज्ञान में नहीं आया है। लिखित आवेदन मिलने पर जांच कर अग्रतर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि भूमि विवाद के मामलों में सख्त कार्रवाई जरूरी है ताकि आम लोग बेवजह परेशान न हों।

## प्राकृतिक खेती से ही सुरक्षित होगा किसानों का भविष्य : डॉ प्रेम कुमार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**नवादा।** अध्यक्ष बिहार विधानसभा डॉ प्रेम कुमार ने मंगलवार को नवादा जिला अतिथिगृह सभागार में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ "विकसित भारत–समृद्ध बिहार" अभियान के अंतर्गत "प्राकृतिक खेती, उर्वर मिट्टी एवं सुरक्षित भविष्य–खेत बचाओ अभियान" विषय पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने कृषि क्षेत्र में प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने तथा मिट्टी की उर्वरता को संरक्षित रखने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि कृषि उत्पादन बढ़ाने की होड़ में रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। ऐसे में प्राकृतिक संसाधनों का संतुलित उपयोग, कम खाद एवं सही खाद का प्रयोग तथा जैविक एवं प्राकृतिक खेती को अपनाना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ मिट्टी ही समृद्ध खेती और किसानों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है।

उन्होंने बताया कि बिहार सरकार राज्य में मृदा संरक्षण और मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य कर रही है। किसानों को मिट्टी जांच के प्रति जागरूक किया जा रहा है तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड के माध्यम से संतुलित उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे किसानों को अपनी भूमि की वास्तविक आवश्यकता के अनुरूप उर्वरकों के प्रयोग की जानकारी मिलती है, जिससे लागत में कमी और उत्पादन में वृद्धि संभव होती है। डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि राज्य के सभी जिलों में इस अभियान को प्रभावी बनाने के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। कृषि वैज्ञानिक एवं विशेषज्ञ गांव-गांव जाकर किसानों से संवाद स्थापित करेंगे तथा खेतों पर पहुंचकर उन्हें व्यावहारिक एवं वैज्ञानिक सलाह देंगे। उन्होंने कहा कि किसानों को आधुनिक तकनीक के साथ-साथ पारंपरिक और प्राकृतिक खेती की पद्धतियों को भी अपनाना चाहिए।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव स्तर पर किसानों को जागरूक करें तथा यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र किसान किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने तथा कृषि को लाभकारी बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्राकृतिक खेती को जन-जन तक पहुंचाने तथा किसानों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। वहीं मौके पर जिला अध्यक्ष भाजपा अनिल मेहता जी, भाजपा नेता मनोज चंद्रवंशी जी, पूर्व जदयू जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थीजी, भाजपा नेत्री सरस्वती देवी जी सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सरकार के लोग ही लीक करवा रहे पेपर

**अररिया ।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम सोमवार को अररिया पहुंचे। उन्होंने यहां दलित संवाद कार्यक्रम में भाग लिया और स्थानीय कार्यकर्ताओं व दलित समाज के लोगों से चर्चा की। कार्यक्रम के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों पर निशाना साधा। राजेश राम ने नीट पेपर लीक मामले पर मुख्य रूप से आरोप लगाते हुए कहा कि "सरकार के सिस्टम में घुसे हुए लोग ही पेपर लीक करवा रहे हैं।" उन्होंने दावा किया कि पूरे देश में शिक्षा माफिया सक्रिय है और सरकार की मदद के बिना इतने बड़े स्तर पर पेपर लीक संभव नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि नीट के अलावा सीबीएसई और बिहार विद्यालय परीक्षा समिति सहित कई अन्य परीक्षाओं के पेपर भी लीक हो चुके हैं, लेकिन सरकार जवाबदेही तय करने को तैयार नहीं है। राजेश राम ने बिहार का उदाहरण देते हुए कहा कि पहले यहां भी पेपर लीक होते थे और सरकार के अंग रहे कई लोगों पर एफआईआर हुई, लेकिन बाद में उन्हें उन्हीं लोगों के साथ घूमते देखा गया। कांग्रेस अध्यक्ष ने केंद्र सरकार पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि सीबीएसई और नीट जैसी परीक्षाएं केंद्रीय सरकार के अधिकार क्षेत्र में आती हैं और शिक्षा विभाग इन पर पूरा नियंत्रण रखता है। इसके बावजूद पेपर लीक नहीं रुक रहे हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि शिक्षा माफिया को संरक्षण मिल रहा है। इस कार्यक्रम में स्थानीय कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या मौजूद थी। राजेश राम ने दलित समाज को आश्वासन दिया कि कांग्रेस उनके अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष करेगी। उन्होंने कहा कि बिहार में महागठबंधन सरकार दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्गों के उत्थान के लिए काम कर रही है, जबकि केंद्र सरकार केवल दिखावे की राजनीति कर रही है। यह कार्यक्रम कांग्रेस के 'संगठन सिरजन साथी अभियान' का हिस्सा था।

### मुफस्सिल थानाध्यक्ष के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी

**मुंगेर ।** मुंगेर में न्यायालय के आदेशों की लगातार अवहेलना करने पर मुफस्सिल थाना के थानाध्यक्ष विपिन कुमार सिंह के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी किया गया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-7 संतोष कुमार-2 की अदालत ने पुलिस अधीक्षक को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। यह कार्रवाई बार-बार आदेश दिए जाने के बावजूद आवश्यक रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने के कारण की गई। अधिवक्ता ओम प्रकाश पोद्दार ने बताया कि यह मामला मुफस्सिल थाना कांड संख्या 157/2010 और सेशन वाद संख्या 92/2011 से संबंधित है। न्यायालय ने 9 अप्रैल को मुख्य अभियुक्त मो. सत्तार के मृत्यु प्रतिवेदन की मांग की थी। निर्धारित समय के भीतर रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई गई। रिपोर्ट उपलब्ध न होने पर 8 मई को थानाध्यक्ष से स्पष्टीकरण मांगा गया। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर अदालत ने 13 मई को जमानती वारंट जारी किया। इसके बाद 20 मई को न्यायालय ने पुलिस अधीक्षक और मुफस्सिल थानाध्यक्ष को आदेश की प्रति भेजकर चेतावनी दी थी कि अदालत पुलिस के नकारात्मक रवैये और न्यायिक आदेशों की अनदेखी पर मूकदर्शक नहीं रहेगी। आदेश का पालन नहीं होने पर अदालत ने सख्त रुख अपनाते हुए 1 जून को थानाध्यक्ष के विरुद्ध गैरजमानती वारंट जारी कर दिया। यह मामला वर्ष 2010 का है, जब तत्कालीन मुफस्सिल थानाध्यक्ष प्रवेंद्र भारती ने गुप्त सूचना के आधार पर बाकरपुर गांव स्थित मो. सत्तार के घर छापेमारी की थी। इस कार्रवाई के दौरान 49 बोरा अमोनियम नाइट्रेट, 100 डेटोनेटर, 2750 मीटर फ्यूज वायर और 2725 पीस जिलेटिन स्टिक बरामद किए गए थे। इस मामले में तीन लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया था, जिनमें मो. सत्तार मुख्य अभियुक्त था। बाद में मो. सत्तार की मृत्यु हो गई थी। न्यायालय उसी संबंध में मृत्यु प्रतिवेदन की मांग कर रहा था, लेकिन रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं किए जाने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई। अधिवक्ता ओम प्रकाश पोद्दार ने बताया कि न्यायालय के आदेशों की लगातार अनदेखी के चलते अदालत को यह कठोर कदम उठाना पड़ा है।

# दामाद के प्यार में बेटी का मर्डर, 5 साल से अफेयर था

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**अररिया ।** अररिया में एक मां ने बेटी की हत्या कर दी। मृतका की पहचान साजिदा परवीन (16) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि मां का उसकी बेटी के पति यानी दामाद से अफेयर था। सास ने दामाद ने साथ रहने के लिए साजिदा की हत्या कर दी। दोनों का अफेयर चलता रहे और कोई विवाद ना हो, इसलिए मां ने बेटी की अपने बॉयफ्रेंड से शादी कराई थी। वारदात जिले के प्रेम नगर वार्ड संख्या 16 की है।

**डेढ़ साल पहले हुई थी अब्बू और साजिदा की शादी :** साजिदा परवीन के पिता मुदशीर ने बताया, मेरी बेटी की शादी अब्बू नसर (35) से डेढ़ साल पहले हुई थी। वो इस उम्र में शादी नहीं करना चाहती थी। लड़के की उम्र भी ज्यादा थी। वो कहती थी लड़का मेरी उम्र से डबल है, मैं ये शादी नहीं करूंगी। उसकी मां शाइस्ता परवनी (45) उससे कहती कि शादी तो तुम्हें करनी ही पड़ेगी। अब्बू के पास पैसा है। शादी के बाद तुम सेट हो जाओगी। पत्नी के आगे मैं भी कुछ नहीं बोल पाया। उसने जबरदस्ती बेटी की शादी अब्बू नसर से करवा दी। मेरी पत्नी और अब्बू नसर का 5 सालों से अवैध संबंध चल रहा है। बेटी नाबालिग थी, इसलिए शादी के बाद भी सास और दामाद का अफेयर चलता रहा। **साजिदा ने पति के साथ मां को कमरे में देखा था :** साजिदा के पिता के मुताबिक, शादी के बाद भी शाइस्ता और अब्बू बंद कमरे में एक दूसरे से मिलते रहे। वो बाहर भी साथ ही जाया करते थे। अब्बू साजिदा के साथ ज्यादा नहीं रहता था। एक दिन साजिदा ने अपने पति और मां को आपत्तिजनक हालत में देख लिया। उस दिन घर में बड़ा झगड़ा हुआ। इसके बाद साजिदा दोनों के रिश्ते का विरोध करने लगी। उसने मां से कहा था तुम मेरे पति से दूर रहो। साजिदा के पिता मुताबिक, मेरी बेटी ने कहा था कि, मेरी शादी हो चुकी है, मेरी जिंदगी का सवाल है। इसी विवाद के चलते मां और पति ने मिलकर साजिदा की हत्या की साजिश रची।

**इलाज के बहाने ले गए और हत्या कर दी :** पिता का कहना है कि, सोमवार की रात साजिदा की मां ने कहा कि बेटी की तबीयत खराब है। उसके बाद वो अपने दामाद अब्बू नसर के साथ साजिदा को बेहोशी की हालत में बाइक पर बैठकर निकल गए। बाइक अब्बू चला रहा था। बीच में बेटी थी और पीछे शाइस्ता बैठी थी। इस दौरान वो साजिदा को उसके पति के घर पर ले गए। जहां बेटी-दामाद रहते थे। वहां उसके साथ मारपीट की गई। उसकी वहीं मौत हो चुकी थी। उसकी मौत के बाद वो साजिदा को मेरे घर प्रेम नगर लाए। दोनों ने उसे सहारा दे रखा था। मैंने पूछा तो कहा तबीयत ठीक नहीं है।

## रसोई गैस सिलेंडर ब्लास्ट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बेगूसराय ।** बेगूसराय के सलौना रेलवे स्टेशन के पास एक घर में रसोई गैस सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। सिलेंडर फटने की आवाज इतनी जोरदार थी कि चारों तरफ अफरा-तफरी का माहौल हो गया। इस हादसे में दो परिवारों के आशियाने पूरी तरह से जलकर खाक हो गए। लाखों रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है। आग की चपेट में आने से एक महिला झुलस गईं। घटना बखरी थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार पासवान टोला के रहने वाले राकेश पासवान के घर में सोमवार रात अचानक रेगुलेटर पाइप से गैस का रिसाव (लीकेज) होने लगा। जब तक परिवार के लोग कुछ समझ पाते या रिसाव को रोक पाते, तब तक गैस ने आग पकड़ ली। सिलेंडर जोरदार धमाके के साथ ब्लास्ट कर गया। आग की लपटों ने तुरंत रफ्तार पकड़ ली। राकेश के साथ-साथ उनके भाई रविन्द्र पासवान के घर को भी पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर जुटे। अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। इसके साथ ही अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। सूचना पाकर दमकल की टीम घटनास्थल पर पहुंची। अग्निशमन दल के कर्मियों ने स्थानीय लोगों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया, जिससे आग को अन्य पड़ोसी घरों में फैलने से रोका जा सका। लेकिन तब तक दोनों भाई के घर पूरी तरह से जलकर राख के ढेर में तब्दील हो गए।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद**

**अल्पकालीन निविदा संख्या–03/भ0प्र0 औरंगाबाद/2026–27**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि :–दिनांक 25.05.2026
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :–दिनांक 15.06.2026 को अपराहन 1:00 बजे तक.
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :–दिनांक 16.06.2026 को अपराहन 3:00 बजे तक.
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–दिनांक 16.06.2026 को अपराहन 3:30 बजे से
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन प्रमंडल, औरंगाबाद
   (ख) सहायक अभियंता का कार्यालय भवन अवर प्र0सं0–1 औरंगाबाद।
   (ग) सहायक अभियंता का कार्यालय भवन अवर प्र0सं0–2 औरंगाबाद।
   (घ) अधीक्षण अभियतां का कार्यालय भवन अंचल गया।
7. निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान क्रमांक 6 के अनुसार
8. **कार्य विवरणी:–**

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | मंडल कारा, औरंगाबाद के मुलाकाती कक्ष में बंदियों एवं परिजनों के बीच साक्षात्कार हेतु Toughened Glass लगाने का कार्य | 6.266 | 12600.00 | 1250.00 | 45 दिन |
| 2 | मंडल कारा, औरंगाबाद के संसीमित बंदियों को भोजन परोसने के उद्देश्य से टाईल्स युक्त बुफे काउन्टर निर्माण कार्य | 1.405 | 2900.00 | 500.00 | 30 दिन |
| 3 | मंडल कारा, औरंगाबाद में बंदियों हेतु सैलून कक्ष का निर्माण कार्य | 4.03 | 8100.00 | 750.00 | 45 दिन |
| 4 | मंडल कारा, औरंगाबाद में मुख्य द्वार पर कारा सुरक्षा हेतु संतरी मोर्चा का निर्माण कार्य | 4.666 | 9400.00 | 750.00 | 45 दिन |
| 5 | उपकारा में सैलून अधिष्ठापन कार्य 2023–24 | 4.251 | 8600 | 750.00 | 45 दिन |
| 6 | उपकारा,दाउदनगर में मुलाकाती कक्ष में बंदियों एवं परिजनों के बीच साक्षात्कार हेतु Toughened Glass लगाने का कार्य | 3.553 | 7200 | 750.00 | 30 दिन |
| 7 | उपकारा दाउदनगर में बंदियों को भोजन परोसने के उद्देश्य से बुफे काउन्टर निर्माण कार्य | 1.405 | 2900 | 500.00 | 30 दिन |
| | कुल | 25.576 | | | |

निविदा की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, औरंगाबाद

PR- 004802 ( BCD ) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

## 'खेत बचाओ अभियान' का शुभारंभ

**अररिया ।** अररिया में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश पर राष्ट्रव्यापी "खेत बचाओ अभियान" का शुभारंभ 1 जून से किया गया है। यह अभियान जिले के सभी प्रखंडों और पंचायतों में चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, संतुलित उर्वरक उपयोग और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के प्रति जागरूक करना है, ताकि टिकाऊ एवं लाभकारी कृषि पद्धतियों को बढ़ावा मिल सके। पंचायत स्तर पर किसानों को दी जा रही जानकारी : अभियान के तहत, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक, कृषि समन्वयक और किसान सलाहकारों द्वारा पंचायत स्तर पर किसानों को विस्तृत जानकारी दी जा रही है। इसमें रासायनिक उर्वरकों के संतुलित एवं वैज्ञानिक उपयोग के लाभ और उनके अंधाधुंध प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभावों पर विशेष जोर दिया जा रहा है। किसानों को संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, मृदा संरक्षण तथा पर्यावरण-अनुकूल कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक, आत्मा, अररिया, गौरव प्रताप सिंह ने कहा कि कृषि भूमि की उर्वरा शक्ति को सुरक्षित रखना वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने किसानों से वैज्ञानिक खेती अपनाने, मिट्टी परीक्षण के आधार पर उर्वरकों का उपयोग करने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। 30 जून तक चलेगा अभियान : सिंह ने बताया कि "खेत बचाओ अभियान" जिले की सभी पंचायतों में 01 जून से 30 जून 2026 तक संचालित किया जाएगा।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**ई–निविदा सूंचना सं० एस०जी०–डी०एस०ई०–ओ०टी०–12–26**

वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई–निविदा, अनुभवी ठेकेदार से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यों के लिए आमंत्रित करती है। **1. कार्य का नाम एवं स्थान :** प्रोविजन ऑफ एमएसडैक ईन पैरलल टू डीसी ट्रैक सर्किट एट न्यूली कमीशंड अंकोरा एंड नबी नगर रोड स्टेशन ऑफ एडीडीयू डीविजन। **2. कार्य का अनुमानित मूल्य :** ₹6,52,81,894.61/– (छः करोड़ बावन लाख इक्यासी हजार आठ सौ चौरानबे रूपये एवं इकसठ पैसे मात्र)। **3. धरोहर राशि :** ₹13,05,600.00/– (तेरह लाख पॉच हजार छः सौ रूपये मात्र)। **4. ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक 22/06/2026 को 12:30 तक। **5. वेब साईट का पता जहॉ से ई–निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है:** www.ireps.gov.in

**मं०सं० एवं दू०सं०अभि०**
**पूर्व मध्य रेल, पं०दी०द०उपा०**

**पीआर/0334/डीडीयू/एस&टी/टी/26–27/32**

## 6 जून को जॉब कैंप

**बांका ।** बांका जिला नियोजनालय, बांका द्वारा युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 6 जून 2026 को एक दिवसीय रोजगार शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर संयुक्त श्रम भवन स्थित जिला नियोजनालय परिसर (आईटीआई कैंपस, बेलहरिया) में सुबह 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक आयोजित होगा। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि इस रोजगार शिविर में हायर अप्लायंसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए टैलेंटकॉर्प सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रशिक्षु पद पर भर्ती की जाएगी। कुल 50 रिक्त पदों पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। इसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई, स्नातक एवं बीई/बीटेक निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों की आयु 18 से 34 वर्ष के बीच होनी चाहिए। महिला एवं पुरुष दोनों अभ्यर्थी इसमें भाग ले सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को प्रतिमाह 18 हजार से 24 हजार 500 रुपये तक वेतन दिया जाएगा। इसके अलावा बस सुविधा, भोजनालय सुविधा तथा स्वास्थ्य बीमा योजना जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। चयनित अभ्यर्थियों का कार्यस्थल महाराष्ट्र के पुणे जिले का रंजनगांव होगा। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि रोजगार शिविर में भाग लेने के लिए जिला नियोजनालय में निबंधन अनिवार्य है। निबंधन की प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना जीवन-वृत्त (बायोडाटा), शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड तथा पासपोर्ट आकार का फोटो लेकर 6 जून को आयोजित रोजगार शिविर में उपस्थित होकर साक्षात्कार प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। उन्होंने जिले के अधिक से अधिक युवाओं से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

## अमीन 8,500 रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

**बांका ।** बांका जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी विभाग की कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी रही। मंगलवार दोपहर पटना निगरानी अन्वेषण ब्यूरो (विजिलेंस) की टीम ने चांदन थाना क्षेत्र में छापेमारी कर अंचल कार्यालय के सर्वेयर अमीन आदित्य कुमार को 8,500 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद अमीन से पूछताछ की जा रही है। चांदन प्रखंड निवासी दिनेश कुमार मंडल ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी जमीन के कागजात में माता-पिता के नाम में त्रुटि थी। इस त्रुटि को सुधारने के लिए सर्वेयर अमीन आदित्य कुमार ने उनसे कथित तौर पर 10 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। दिनेश मंडल ने 6 मई को पटना निगरानी विभाग में इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के सत्यापन के बाद निगरानी विभाग ने मामले की जांच की और आरोपी को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। मंगलवार को पूर्व निर्धारित योजना के तहत दिनेश मंडल ने अमीन को 8,500 रुपये दिए। राशि स्वीकार करते ही सिविल ड्रेस में मौजूद विजिलेंस टीम ने अमीन को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान अमीन टीम से छोड़ने की गुहार लगाता रहा, लेकिन अधिकारियों ने उसे हिरासत में ले लिया। निगरानी विभाग के अधिकारी मो. रफी ने बताया कि 15 सदस्यीय टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। उन्होंने पुष्टि की कि जमीन संबंधी त्रुटि सुधारने के नाम पर रिश्वत मांगी जा रही थी। शिकायत की जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। उल्लेखनीय है कि सोमवार को भी रजौन विद्युत कार्यालय में विजिलेंस टीम ने एसडीओ विजेंद्र कुमार को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था। लगातार दूसरे दिन हुई इस कार्रवाई से जिले के सरकारी महकमे में हड़कंप मच गया है।

## पायल मौत मामला, मर्डर-सुसाइड के एंगल से जांच

**भागलपुर ।** भागलपुर के सबौर थाना क्षेत्र में नवविवाहिता पायल कुमारी (23) की संदिग्ध मौत मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई है। मृतका के शरीर पर गहरा जख्म मिलने की पुष्टि हुई है। रिपोर्ट में इस बात का भी उल्लेख है कि जख्म शरीर के महत्वपूर्ण हिस्से पर है, जिसके कारण इंटरनल डैमेज(आंतरिक क्षति) होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। ऐसे में केवल फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की बात पर सवाल खड़े होने लगे हैं। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट के विश्लेषण और एफएसएल जांच रिपोर्ट के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि मौत फांसी लगने से हुई या फिर किसी गंभीर चोट से। फिलहाल पुलिस आत्महत्या और हत्या दोनों पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

**अब जानिए क्या है पूरा मामला :** सबौर थाना क्षेत्र स्थित ससुराल में 29 मई को पायल कुमारी का शव उसके कमरे में फंदे से लटका मिला था। पति विजय आनंद ने पुलिस को बताया था कि सुबह काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला। आवाज देने के बाद भी जवाब नहीं मिला। जिसके बाद उसने दरवाजा तोड़ा। अंदर का नजार देखकर सन्न रह गया। पत्नी को फंदे से झूलता हुआ पाया। आनन-फानन में उसे फंदे से उतारकर मायागंज अस्पताल लेकर गए, जहां चेकअप के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी। एफएसएल टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर कमरे से सबूत इकट्ठा किए। पायल की शादी विजय आनंद के साथ साल 2025 में 24 नवंबर को हुई थी। मायके पक्ष लगातार हत्या की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग कर रहा है। मृतका की बहन ट्विंकल कुमारी शुरू से ही घटना को संदिग्ध बता रही है। मौत के बाद उसने कहा था कि पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था।

**पूर्व रेलवे**

**सं.: ओ-एसी-टी-16 से 17-26-27 (ओपन), दिनांक 18.05.2026;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1, केस सं.:** ओ-एसी-टी-16-26-27; **कार्य का नाम:** सीतारामपुर-झाझा अनुभाग के तहत लूप लाइनों की लंबाई के विस्तार के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 2,79,00,387.16। **बयाना राशि:** रु. 5,58,000; **क्रमांक 2, केस सं.:** ओ-एसी-टी-17-26-27; **कार्य का नाम:** सीनि. डीईएन/2/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र के अधीन जगदीशपुर में पूरी लंबाई की व्यवस्था के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 1,52,68,598.44। **बयाना राशि:** रु. 3,05,400; **कार्य हेतु समापन अवधि:** 12 महीने (दोनों के लिए)। **बंद होने की तारीख एवं समय:** 12.06.2026 को 12.00 बजे (दोनों के लिए)। परिपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखे जा सकते हैं।

(ASN-123/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं.: 47-एमएलडीटी-26-27, दिनांक 27.05.2026, 44-एमएलडीटी-26-27, दिनांक 29.05.2026;** मंडल रेल प्रबंधक, मालदा, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पबं) द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1, निविदा सं.: 47-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/पूर्व रेलवे/मालदा के अधीन सहायक अभियंता/भागलपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/पी.वे/भागलपुर-I के अनुभाग में टर्मिनल क्षमता की वृद्धि तथा पूरी लंबाई की मालगाड़ियों को ठहराने के लिए वर्तमान रनिंग लाइनों के विस्तार हेतु भागलपुर स्टेशन की यार्ड रिमॉडलिंग के संबंध में 5.2 टीकेएम प्लेन ट्रैक के लिए पी. वे कार्य तथा 18 अदद टर्नआउट बिछाने एवं जोड़ने के साथ आनुषंगिक कार्यों के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 80,41,241.37; **क्रमांक 2, निविदा सं.: 44-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता-III/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/लाइन/जमालपुर के अधीन वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/पी.वे-1/जमालपुर के अनुभाग में जमालपुर डीजल शेड में विभिन्न प्रकार के ट्रैक कार्यकलाप अर्थात् रेल-स्लीपर-स्विच-एसईजे की अस्थाई नवीनीकरण, ट्रैक की टेम्पिंग, डीप स्क्रीनिंग, ट्रैक मशीन में सहायता प्रदान करना, निकासी प्रणाली की सफाई इत्यादि के साथ अन्य अनुषांगिक कार्य के लिए खुली ई-निविदा; **निविदा मूल्य:** रु. 62,34,805.97; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 19.06.2026 को 15.30 बजे (क्रमांक 1 के लिए) एवं 22.06.2026 को 15.30 बजे (क्रमांक 2 के लिए); **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्ट:** www.ireps.gov.in/डीआरएम कार्यालय/मालदा टाउन। (MLD-68/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट ww.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

**गर्मी के मौसम में पोल्ट्री फार्म को सुरक्षित और उत्पादनशील बनाए रखने के लिए मुर्गीपालकों को सलाह**

गर्मी के मौसम में तापमान बढ़ने से मुर्गियों के अंडे एवं मांस उत्पादन में कमी, मृत्यु दर में वृद्धि और बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इन समस्याओं से बचने के लिए निम्नलिखित सावधानियाँ बरतें:

**तापमान नियंत्रण**
- शेड में उचित वेंटिलेशन (हवादारी) रखें।
- छत पर घास या टाट बिछाकर ऊपर पानी छिड़कें।
- कूलर, फैन, या वाटर फॉगिंग सिस्टम का उपयोग करें

**प्रबंधन**
- दिन में 2-3 बार पानी की टंकियों को भरें और उन्हें छाया में रखें।
- इलेक्ट्रोलाइट्स (ORS) व विटामिन सी पानी में मिलाएं ताकि डिहाइड्रेशन न हो।

**आहार प्रबंधन**
- सुबह और शाम के ठंडे समय में दाना दें।
- एनर्जी रिच (ऊर्जा युक्त) आहार दें, लेकिन हाई प्रोटीन से बचें।

**स्वास्थ्य प्रबंधन**
- गर्मी में तनाव कम करने वाले सप्लीमेंट्स दें।
- टीकाकरण और डि-वॉर्मिंग शेड्यूल का पालन करें।
- बीमार मुर्गियों को तुरंत अलग करें।

**सफाई और स्वच्छता**
- फार्म को सूखा और साफ रखें।
- नियमित रूप से कीट-नाशक छिड़काव करें।



PR No.- 004676 (Animal)D. 2026-27

विषम परिस्थिति में अपने नजदीकी पशु चिकित्सालय से संपर्क करें या 1962 पर कॉल कर समस्या का समाधान प्राप्त करें

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

## संक्षिप्त समाचार

### रोहणी नक्षत्र में एक सप्ताह बीत गया लेकिन किसी नहर में नहीं आया पानी

**गड़हनी** । रोहणी नक्षत्र में एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी प्रखंड के किसी भी रजवाहा नहर में पानी अभी तक नहीं छोड़ा गया है। नहर में पानी नहीं आने से रोहणी नक्षत्र में किसानों ने धान का बिचड़ा अभी तक नहीं डाले है यदि नहर में पानी होता तो कई किसानों ने धान का बिचड़ा डाल चुके होते। किसान उपेंद्र सिंह, रामनाथ सिंह ने बताया कि रोहणी नक्षत्र में धान का बिचड़ा डालने से खेती समय पर होता है और धान का पैदावार भी अधिक होता है। जैतपुर रजवाहा में बगवां के पास करीब एक सालों से टूटा है फॉल जैतपुर रजवाहा नहर के बगवां के पास आरा -सासाराम स्टेट हाइवे के पास बना नहर फॉल का दीवार करीब एक सालों से टूट कर नहर में गिर हुआ है। कई बार नहर विभाग को बगवां के किसानों ने अवगत कराया लेकिन सिर्फ आश्वासन मिला लेकिन अभी तक नहीं बनाया गया। जब नहर में पानी आएगी तो टूटा हुआ फॉल का दीवार पानी को भी अवरुद्ध करेगा और अगल - बगल नहर के दीवार को भी तोड़ सकता है। पिछले तीन माह पहले भी एसडीओ के द्वारा बगवां आकर निरीक्षण किया गया था। साथ ही एसडीओ ने कहा भी था जल्द इसको बनाया दिया जाएगा लेकिन नहर में पानी आने का समय हो गया लेकिन अभी तक टूटे हुए फॉल को नहीं बनाया गया।यदि फॉल का दीवार नहीं बनाया गया तो आरा -सासाराम स्टेट हाइवे सड़क को भी डैमेज कर सकता है और स्टेट हाइवे बाधित हो जाएगा।

### डीएम ने की सहयोग शिविर की तैयारियों की समीक्षा

**आरा** । आगामी 2 जून भोजपुर जिले के 42 पंचायतों में आयोजित होने वाले सहयोग शिविर की तैयारियों की समीक्षा के लिए जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में जूम बैठक की गयी। बैठक में सहयोग शिविर के सफल आयोजन के लिए की जा रही तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गयी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी पंचायत स्तरीय नोडल पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सहयोग शिविर के आयोजन से संबंधित सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिविर में हेल्प डेस्क पूरी तरह क्रियाशील रहे और वहां आने वाले सभी आवेदकों को उनकी समस्याओं व सेवाओं से संबंधित उचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए। साथ ही प्रत्येक आवेदन की विधिवत प्राप्ति रसीद आवेदकों को उपलब्ध करारी जाए और आवेदन का विवरण समानांतर तरीके से ऑनलाइन प्रणाली में भी अद्यतन किया जाए।

### गर्मी से एक सप्ताह राहत मिलने के बाद कल से फिर तपेगी धरती

**बक्सर** । बक्सर जिले में पिछले दिनों से हो रही बारिश के बाद अब मौसम का मिजाज बदलने लगा है। सोमवार को दिनभर उमस और तेज धूप ने लोगों को परेशान किया। दोपहर के समय चिलचिलाती धूप के कारण सड़कों पर आवाजाही कम रही। हालांकि दोपहर के बाद आसमान में बादल छाने और तेज हवा चलने से लोगों को कुछ राहत मिली। अधिकतम तापमान 37.8 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 27.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। हालिया बारिश ने किसानों को राहत दी है। खेतों में पर्याप्त नमी होने से खरीफ फसलों की तैयारी तेज हो गई है। किसान धान की नर्सरी तैयार करने, बिचड़ा डालने और खेतों की जुताई में जुट गए हैं। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि समय पर हुई बारिश से खरीफ सीजन की शुरुआत बेहतर स्थिति में हुई है। मौसम विभाग के अनुसार 2 जून से तापमान में धीरे-धीरे वृद्धि होगी और अगले 5 दिनों में अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। ▪ किसानों के लिए: हालिया बारिश के कारण खेतों में पर्याप्त नमी है। इसका लाभ उठाकर किसान तुरंत धान की नर्सरी (बिचड़ा डालना) तैयार करें। खरीफ फसलों के लिए खेतों की जुताई का काम समय से पूरा करें और खेतों की मेढ़ों को मजबूत करें ताकि पानी सुरक्षित रहे। उमस के कारण कीटों का प्रकोप बढ़ सकता है, इसलिए सजग रहें। ▪ आम जनता के लिए: दोपहर 12 से 4 बजे के बीच चिलचिलाती धूप में निकलने से बचें। शरीर में पानी की कमी न होने दें; छाछ, नींबू पानी और ओआरएस (ORS) का सेवन करते रहें। बाहर निकलते समय सूती कपड़े पहनें और सिर को ढककर रखें। मौसम विज्ञान केंद्र पटना ने जिलों के लिए हिट वेव का अलर्ट जारी किया है। 3 जून से 7 जून तक हीटवेव को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।डॉक्टरों की ओर से बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को अत्यधिक गर्मी से बचने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और धूप में निकलने से बचने की सलाह दी गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि बारिश का असर खत्म होने के साथ ही तेज धूप और गर्म पछुआ हवा के कारण तापमान में तेजी से बढ़ोतरी होगी। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक आसमान साफ रहने की संभावना है। इससे दिन के तापमान में लगातार वृद्धि होगी। दोपहर के समय बाहर निकलने वाले लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। हीट वेव से बचाव के उपाय दोपहर 12 से 3 बजे तक धूप में निकलने से बचें। पर्याप्त मात्रा में पानी और ओआरएस का सेवन करें। हल्के और सूती कपड़े पहनें। बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें। चक्कर, कमजोरी या सिरदर्द होने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें।

### आदर्श, रियार्थ और अंश ने लहराया परचम

**बक्सर** । जेईई एडवांस का परीक्षा-परिणाम आते ही कैंब्रिज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बक्सर में छात्रों और शिक्षकों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई।विद्यालय के तीन छात्रों का चयन आईआईटी बीटेक कोर्स के लिए हुआ है। सफल तीनों छात्रों ने जूनियर बच्चों को कैसे जेईई एडवांस परीक्षा की तैयारी करनी है, इसकी विधिवत जानकारी दी। सभी छात्र-छात्राओं ने सफल तीनों छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राप्त जानकारी के अनुसार आदर्श उपाध्याय ने जेईई एडवांस परीक्षा में 5011 रैंक, रियार्थ रचित ने 5040 रैंक तथा अंश कुमार त्रिपाठी ने 5873 रैंक प्राप्त किया। देश के सर्वश्रेष्ठ बीटेक संस्थानों में इन छात्रों के चयन से पूरे विद्यालय-परिवार में हर्षोल्लास व्याप्त है। साथ ही पूरे विद्यालय के बच्चों में भी खुशी और उत्साह का माहौल रहा। बता दें कि जेईई (मेन्स) उत्तीर्ण करने के पश्चात इन छात्रों द्वारा द्वितीय चरण की परीक्षा जेईई (एडवांस) उत्तीर्ण करना अत्यंत गौरव की बात है। विद्यालय-निदेशक में डॉ मोहन चौबे ने सफल छात्रों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि यह परिणाम बच्चों के निरंतर प्रयास एवं कड़े परिश्रम का फल है। ये बच्चे विद्यालय में भी अत्यंत मेधावी छात्र रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय के शिक्षक कोर्स की पढ़ाई के साथ ही प्रतियोगी परीक्षा के लिए भी जागरूक करने के साथ ही मार्गदर्शन देते रहते हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि छात्र, शिक्षक और अभिभावक के समन्वय से किसी भी परीक्षा में सफलता हासिल किया जा सकता है। इन बच्चों को उनकी सफलता पर एग्जीक्यूटिव प्राचार्य बीएस राव, प्राचार्य एमके चौबे, उपप्राचार्य द्वय कृष्ण कांत ओझा एवं धर्मवीर दुबे तथा अन्य तमाम शिक्षकों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि कि इन बच्चों ने जेईई एडवांस परीक्षा में सफलता हासिल कर विद्यालय और अपने अभिभावकों का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है।

### हथियारबंद बदमाशों ने किशोर को मारी गोली

**आरा** । भोजपुर में प्रेम-प्रसंग में एक किशोर को गोली मार दी। बुलेट कमर के पास दाहिने साइड लगी है। गंभीर हालत में इलाज के लिए परिजनों ने सदर अस्पताल में एडमिट कराया है। घायल की पहचान धंडीहा वार्ड-4 निवासी देव किशोर यादव के पुत्र दिनेश कुमार(16) के तौर पर हुई है। इंटर में पढ़ता है। घटना कोइलवर थाना क्षेत्र के कुल्हड़िया स्टेशन नर्सरी रोड चबूतरा के पास की है। दिनेश ने बताया कि गांव के ही करीमन पांडेय की बेटी से 2023 से अफेयर चल रहा था। इस बीच उसका ब्रेकअप हो गया। बात करना बंद कर दिया था। इसे लेकर उसके परिजन की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। उसे मारने की भी धमकी दी गई थी। सोमवार की देर शाम समोसा खाकर बाइक से घर लौट रहा था। करीमन पांडेय और उसका बेटा फायरिंग करने लगा। बुलेट लगने के बाद जमीन पर गिर पड़ा। चार से पांच राउंड फायरिंग हुई है।

# 21 लाख की विदेशी शराब जब्त, 2 तस्कर गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर** । बक्सर में उत्पाद विभाग को शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। वीर कुंवर सिंह उत्पाद चेक पोस्ट पर एक ट्रक से 21 लाख रुपये से अधिक की 203 पेटी विदेशी शराब जब्त की गई। यह शराब जूट की बोरियों के बंडलों के बीच छिपाकर लाई जा रही थी। उत्पाद विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश से बिहार में शराब की एक बड़ी खेप लाई जा रही है। सूचना के आधार पर वीर कुंवर सिंह उत्पाद चेक पोस्ट पर वाहनों की सघन जांच शुरू की गई। इसी दौरान संदिग्ध ट्रक को रोककर तलाशी ली गई।




**कुल 203 पेटियां बरामद हुईं** : प्रारंभिक तलाशी में ट्रक में जूट की बोरियों के बंडल लदे हुए थे। हालांकि, गहन जांच करने पर अधिकारियों को इन बोरियों के बीच बड़ी संख्या में विदेशी शराब की पेटियां मिलीं। इसके बाद ट्रक को जब्त कर शराब की गिनती की गई, जिसमें कुल 203 पेटियां बरामद हुईं। उत्पाद अधीक्षक अशरफ जमाल ने बताया कि इस कार्रवाई में ट्रक चालक और सह चालक को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजस्थान के अलवर जिले के गीलौह गांव निवासी राहुल सिंह और हरियाणा के बहोड़ाकला निवासी कृष्णा यादव के रूप में हुई है।

**दोनों आरोपी हरियाणा से शराब लेकर बिहार में प्रवेश कर रहे थे** : प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि दोनों आरोपी हरियाणा से शराब लेकर बिहार में प्रवेश कर रहे थे। यह खेप पटना पहुंचाई जानी थी, जहां बिहार के तस्कर उन्हें आगे की जानकारी देने वाले थे। उत्पाद विभाग की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के कारण यह बड़ी खेप पकड़ी गई। उत्पाद विभाग ने ट्रक, शराब और अन्य संबंधित दस्तावेजों को जब्त कर लिया है। मामले में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान के लिए जांच जारी है और जल्द ही बड़े खुलासे होने की संभावना है।

## जीरो-डोज बच्चों के टीकाकरण को लेकर उन्मुखीकरण कार्यशाला की गई आयोजित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कोईलवर** । प्रखंड क्षेत्र में शत-प्रतिशत बच्चों के टीकाकरण को सुनिश्चित करने तथा टीकाकरण से वंचित जीरो-डोज बच्चों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से सोमवार को प्रखंड सभागार, कोईलवर में उन्मुखीकरण कार्यशाला किया गया। अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी बीर बहादुर पाठक ने किया। बैठक में विकास मित्रों, शिक्षा सेवकों एवं धार्मिक गुरुओं को प्रोजेक्ट के तहत संचालित जीरो-डोज अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. उमेश कुमार सिंह ने कहा कि क्षेत्र का कोई भी बच्चा जीवनरक्षक टीकों से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके लिए गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी (डीआईओ) डॉ. संजय कुमार सिन्हा ने कहा कि विकास मित्र और शिक्षा सेवक समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रखते हैं। इसलिए वे घर-घर जाकर अभिभावकों को टीकाकरण के प्रति जागरूक करें तथा छूटे हुए बच्चों की पहचान कर



उन्हें स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाने में सहयोग करें। कार्यशाला में बीसी मुकेश कुमार, राणा प्रताप सिंह, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक शंभु प्रसाद एवं बीसीएम गगन देव ने अभियान से संबंधित तकनीकी जानकारी साझा की। अधिकारियों ने बताया कि प्रत्येक गांव एवं टोले में सर्वे कर ऐसे बच्चों की सूची तैयार की जाएगी, जिन्हें अब तक कोई टीका नहीं लगा है। साथ ही अभिभावकों की काउंसिलिंग कर उन्हें टीकाकरण के लिए प्रेरित किया जाएगा। बैठक में अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए योजनाबद्ध रणनीति पर चर्चा की गई और प्रत्येक घर तक पहुंच बनाने पर जोर दिया गया। अंत में सभी कर्मियों ने संकल्प लिया कि वे पूरी निष्ठा के साथ कार्य करते हुए क्षेत्र के हर बच्चे तक टीकाकरण की सुरक्षा पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे।

## 8 किलोमीटर लंबा जाम, वीर कुंवर सिंह सेतु पर गाड़ियों की रफ्तार थमी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर** । बक्सर नगर से पटना-बक्सर फोरलेन तक मंगलवार को भीषण जाम लग गया। वीर कुंवर सिंह सेतु के रास्ते उत्तर प्रदेश जाने वाले वाहनों की धीमी रफ्तार के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। दोपहिया वाहनों से लेकर भारी मालवाहक ट्रकों तक सभी वाहन घंटों जाम में फंसे रहे, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग और नगर क्षेत्र की सड़कों पर आवागमन लगभग ठप हो गया। जानकारी के अनुसार, बक्सर-पटना राष्ट्रीय राजमार्ग-922 पर गोलंबर से दलसागर तक करीब 8 किलोमीटर लंबा जाम देखा गया। इस दौरान ट्रक, ट्रेलर और अन्य भारी वाहन तीन-तीन लेन में खड़े नजर आए। विशेष रूप से बालू लदे ट्रेलरों की लंबी कतारों ने समस्या को और गंभीर बना दिया। कई वाहन चालक घंटों तक एक ही स्थान पर फंसे रहे।

**यातायात नियमों की खुलेआम अनदेखी होती रही**: जाम से बचने के लिए कई वाहन चालक गलत दिशा से वाहन चलाते दिखे, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ गई। वहीं ई-रिक्शा और ऑटो चालक समय बचाने के लिए डिवाइडर पार कर दूसरी लेन में प्रवेश करते नजर आए। गोलंबर और आसपास के इलाकों में यातायात नियमों की खुलेआम अनदेखी होती रही। स्थानीय लोगों



का कहना है कि यदि जल्द ही व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। लगातार बढ़ते वाहनों के दबाव के कारण जाम समाप्त होने का नाम नहीं ले रहा था।

**चौसा और अन्य मार्गों से आने वाले वाहनों की भी लंबी कतारें**: इस जाम का असर केवल मालवाहक और निजी वाहनों तक सीमित नहीं रहा। एंबुलेंस और यात्री वाहन भी घंटों तक फंसे रहे, जिससे मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ा। चौसा और अन्य मार्गों से आने वाले वाहनों की भी लंबी कतारें लग गईं। ट्रक और ट्रेलर चालकों के बीच पहले निकलने की होड़ ने स्थिति को और जटिल बना दिया।

## 6,048 एमटी गेहूं की होगी खरीद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर** । जिले में पैक्सों व व्यापार मंडलों के माध्यम से सरकारी दर पर गेहूं की खरीद की शुरुआत हो चुकी है। इस वर्ष लक्ष्य भी बढ़ा दिया गया है। शुरुआत में जिले को 613 एमटी खरीद का लक्ष्य मिला था। अब इसे बढ़ाकर 6048 एमटी कर दिया गया है। गेहूं खरीद का लक्ष्य बढ़ने से किसानों को भी लाभ मिलना तय है। पिछले कई वर्षों में गेहूं खरीद का हाल देखें तो लक्ष्य की पूर्ति नहीं होती थी। 1 फीसदी भी खरीद नहीं होती थी। क्योंकि जिले के किसान सरकारी दर पर गेहूं बेचने में दिलचस्पी नहीं दिखाते थे। इसका कारण यह था कि एमएसपी से अच्छा मूल्य निजी कंपनियां दे देती थीं। लेकिन इस वर्ष स्थिति उलट है। इस वर्ष न्यूनतम समर्थन मूल्य बाजार मूल्य से अधिक है। ऐसे में किसान चाहते हैं कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर ही गेहूं बेचा जाए। इसका असर भी दिख रहा है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष सरकारी दर पर



गेहूं बेचने वाले किसानों की संख्या बढ़ी है। इधर सहकारिता विभाग द्वारा गेहूं बेचने को लेकर किसानों के बीच प्रचार-प्रसार भी कराया जा रहा है। अपील की जा रही है कि किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचें। ताकि उन्हें सरकार द्वारा निर्धारित एमएसपी का फायदा मिल सके। 182 किसानों से 1041 एमटी हुई खरीद जिले में 1 जून तक 182 किसानों से 1041.400 एमटी गेहूं की खरीद की गई है। 1177 किसानों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इनमें 884 किसान रैयत हैं। 293 किसान गैर रैयत हैं। जिला सहकारिता पदाधिकारी चन्द्रमा राम ने बताया कि विभाग ने 2585 रुपये प्रति क्विंटल गेहूं खरीद का दर निर्धारित किया है। जिले में 79 पैक्स व 8 व्यापार मंडल को गेहूं क्रय के लिए चयनित किया गया है। विभाग का सख्त निर्देश है कि किसानों से गेहूं खरीद के 48 घंटे के अंदर उनके खातों में राशि का हस्तांतरण कर दिया जाए। 48 घंटे में किसान के खाते में राशि जा रही जिले के सभी किसानों से अपील की है कि वे जल्दबाजी में ओने-पौने दाम पर खुले बाजार में अपना गेहूं बेचने के बजाय सरकारी क्रय केंद्रों पर आएं। सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल की दर का पूरा लाभ उठाएं। गेहूं बेचने के बाद 48 घंटे के अंदर डीबीटी के माध्यम से संबंधित किसान के खाते में राशि भेज दी जा रही है। चन्द्रमा राम - जिला सहकारिता पदाधिकारी बक्सर पिछले 5 साल की तुलना में इस वर्ष बेहतर जिले में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसान गेहूं नहीं बेच पाते हैं। इसीलिए लक्ष्य को कम कर दिया गया था।

## तंबाकू मुक्त हो समाज और न्यायालय, इसके सेवन से कैंसर होने की संभावना

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर** । विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर डालसा कार्यालय परिसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश काजल झांब की अध्यक्षता में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बक्सर न्यायमंडल के न्यायाधीश, विद्वान अधिवक्तागण, न्यायालय कर्मी, एलएडीसी के सदस्य, अधिकार मित्र (पीएलभी) सहित सभी को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश काजल झांब ने तंबाकू सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई। शपथ कार्यक्रम के बाद प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि आज विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर हम सभी को यह शपथ लेनी है कि हम किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने



परिवार, परिजन, अपने आसपास के लोगों को भी तंबाकू का सेवन नहीं करने की शपथ दिलानी होगी। उन्हें जागरूक भी करना होगा। उन्होंने कहा कि हम सभी को न्यायालय परिसर को तंबाकू मुक्त रखना होगा। उन्होंने कहा कि हमारे आसपास जो लोग तंबाकू का सेवन कर रहे हैं, उन्हें तंबाकू के दुष्प्रभावों के बारे में बताना होगा। हमें बताना होगा कि किस प्रकार तंबाकू हमारे जीवन को प्रभावित करता है। तंबाकू के सेवन से मुंह का कैंसर भी होता है। तंबाकू हमारे स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। यह हमारे मन-मस्तिष्क को भी प्रभावित करता है। यह हमें बीमार बना देता है। इसलिए मैं आप सभी से अपील करती हूं कि आप अपने आसपास के लोगों को तंबाकू सेवन नहीं करने के प्रति जागरूक करें। वहीं इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव नेहा दयाल, अवर न्यायाधीश ने कहा कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अध्यक्षता में आज हम सभी ने तंबाकू का सेवन नहीं करने की शपथ ली है। मैं बक्सर न्यायालय कर्मियों, विद्वान अधिवक्तागण, अधिकार मित्रों, साथ ही जिलेवासियों से अपील करती हूं कि तंबाकू का सेवन नहीं करें। आज विश्व तंबाकू निषेध दिवस के शुभ अवसर पर यह शपथ लें कि आज से तंबाकू का सेवन नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि आज हम सबके लिए प्रेरणा का दिन है। हमें अपने आप को तंबाकू से मुक्त करना है। हमें अपने समाज को भी तंबाकू से मुक्त करना है। उन्होंने कहा कि जैसा कि आप सभी जानते हैं, तंबाकू हमारे लिए कितना नुकसानदायक है।

## हाइवा ने स्कूटी में मारी टक्कर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा** । आरा में सोमवार को तेज रफ्तार हाइवा ने स्कूटी सवार दंपति को टक्कर मार दी। हादसे में पत्नी की मौत हो गई। मृतका की पहचान कौशिक दुलारपुर निवासी नीतू देवी(40) के तौर पर हुई है। पति सुधीर सिंह उर्फ टुन्ना सिंह की हालत गंभीर है, प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना नवादा थाना क्षेत्र के चंदवा स्थित सूर्य मंदिर के पास की है। सुधीर सिंह झारखंड पुलिस में एएसआई के पद पर हैं। परिवार के साथ रांची में रहते हैं। हादसे के बाद स्थानीय लोगों का आक्रोश भड़क उठा। शव को सड़क के बीच रखकर जाम लगा दिया। दोनों लेन में वाहनों की लंबी कतारें लग गई। गाड़ी में तोड़फोड़ की गई है। हाइवा का शीशा तोड़ दिया।

**पुलिस ने खुलवाया जाम** : मामले की सूचना पर नवादा थानाध्यक्ष बिपिन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटाया। करीब सवा तीन घंटे तक रोड जाम रहा। सदर



अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। गाड़ी को पुलिस ने जब्त कर लिया है।

**हाइवा ने कुचला** : सुधीर सिंह के बड़े भाई सुजीत कुमार बताया कि अपने पूरे परिवार के साथ कुछ दिन पहले रांची से आरा आया था। स्कूटी से पत्नी को दिखाने के लिए डॉक्टर के पास जा रहा था। रास्ते में हाइवा ने टक्कर मार दी। नीतू स्कूटी से सड़क पर गिर पड़ी। इस बीच हाइवा ने उसे कुचल दिया। घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। मृतका को तीन पुत्र अमृत राज, अभिनव कौशिक और अंशुमन कौशिक है। मौत के बाद घर में कोहराम मच गया है। बच्चों और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## गीधा पुलिस ने 800 लीटर महुआ शराब पकड़ी, दो तस्कर को किया गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कोईलवर** । गीधा थाना पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ अभियान में 800 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की। पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके पास से एक बोलेरो, एक अपाची मोटरसाइकिल, दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन जब्त किए। गिरफ्तार तस्कर पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव के रंजीत कुमार और राकेश कुमार हैं। रंजीत कुमार के पिता रविनंदन प्रसाद हैं। राकेश कुमार के पिता लोकनाथ प्रसाद हैं। पुलिस ने दोनों को कायमनगर बाजार क्षेत्र से पकड़ा। इनके बारे में पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। कार्रवाई में भारी मात्रा में देसी महुआ शराब मिली। शराब की खेप दूसरे स्थान पर ले जाने की तैयारी थी। पुलिस की तत्परता से तस्करी की कोशिश नाकाम हो गई। पुलिस ने



जब्त शराब, वाहन, मोबाइल अपने कब्जे में लिया। जांच शुरू की गई। दोनों आरोपितों पर बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया। न्यायिक प्रक्रिया की जा रही है। गीधा थानाध्यक्ष टिंकू कुमार ने कहा कि शराब तस्करी और अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चल रहा है। ऐसे धंधों में शामिल लोगों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई होगी।

## भगवान ने नरसिंह अवतार ले भक्त प्रह्लाद की रक्षा की

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा** । शहर के बैंक कॉलोनी, मां मनोकामना मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ एवं कथा महोत्सव में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। मंदिर के तृतीय स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित इस भव्य धार्मिक आयोजन ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया है। कथा स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो जाता है और देर शाम तक भजन-कीर्तन, भगवान के जयकारों तथा कथा श्रवण का सिलसिला चलता रहता है। आयोजन स्थल पूरी तरह आध्यात्मिक रंग में रंगा हुआ है। यह धार्मिक महोत्सव अनंत विभूषित स्वामी रंगनाथाचार्य जी महाराज के मंगलानुशासन में संपन्न हो रहा है। उनके सान्निध्य में चल रही श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण



करने के लिए आरा शहर सहित आसपास के गांवों और कस्बों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कथा के दौरान स्वामी जी ने भक्त प्रह्लाद और हिरण्यकश्यप के प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति, विश्वास और धर्म की शक्ति का संदेश दिया। महाराज श्री ने कहा कि भक्त प्रह्लाद की अटूट श्रद्धा और भगवान विष्णु के प्रति उनकी अखंड भक्ति आज भी मानव समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि जब मनुष्य सच्चे मन से भगवान का स्मरण करता है तो बड़ी से बड़ी विपत्ति भी उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकती। हिरण्यकश्यप ने अपने पुत्र प्रह्लाद को भगवान का नाम लेने से रोकने के लिए अनेक प्रकार की यातनाएं दीं, लेकिन प्रह्लाद अपने आराध्य के प्रति अडिग रहे और भगवान पर उनका विश्वास कभी नहीं डगमगाया। स्वामी रंगनाथाचार्य जी महाराज ने कहा कि अहंकार मनुष्य के पतन का कारण बनता है। हिरण्यकश्यप ने स्वयं को ईश्वर से भी बड़ा समझ लिया था, लेकिन भगवान ने नरसिंह अवतार धारण कर उसके अभिमान का नाश किया और अपने भक्त की रक्षा की। उन्होंने कहा कि यह प्रसंग हमें सिखाता है कि भगवान अपने भक्तों की रक्षा के लिए किसी भी रूप में प्रकट हो सकते हैं तथा अंततः सत्य और धर्म की ही विजय होती है।

**अहंकार का अंत निश्चित, भक्ति की सदैव होती है विजय** : कथा सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु, गूंजे जयकारे कथा के दौरान भक्त प्रह्लाद की भक्ति और भगवान नरसिंह की महिमा का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कई श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। पूरा पंडाल "नरसिंह भगवान की जय" और "भक्त प्रह्लाद की जय" के उद्घोष से गूंजता रहा। धार्मिक वातावरण के बीच श्रद्धालुओं ने कथा का रसपान कर आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति की। इस अवसर पर भोजपुर के पुलिस अधीक्षक राज, बिहार विधान परिषद सदस्य सोनू कुमार राय, गुड्डू सिंह बबुआन, असमंजस यादव, समाजसेवी अमित कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, बब्लू सिंह, मुकेश कुमार, शुभम और ओमप्रकाश उपाध्याय समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। महाराज श्री ने व्यासपीठ से सभी अतिथियों का सम्मान किया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### बिहार विधानसभा की आवास समिति का गठन, नागेन्द्र चन्द्रवंशी बने सभापति

**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बिहार विधानसभा की आवास समिति का गठन कर दिया है। पांच सदस्यीय इस समिति की कमान नोखा विधानसभा क्षेत्र के विधायक नागेन्द्र चन्द्रवंशी को सौंपी गई है। उन्हें समिति का सभापति नियुक्त किया गया है। समिति में महाराजगंज के विधायक हेमनारायण साह, मखदुमपुर के विधायक सूबेदार दास, गुरुआ के विधायक उपेंद्र प्रसाद तथा बड़हरिया के विधायक इंद्रदेव सिंह को सदस्य बनाया गया है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने नवगठित आवास समिति के सभापति नागेन्द्र चन्द्रवंशी को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि समिति अपने दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करते हुए विधानसभा सदस्यों की सुविधाओं से जुड़े मामलों के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। अध्यक्ष ने बताया कि आवास समिति का मुख्य कार्य विधानसभा के माननीय सदस्यों के आवास, रखरखाव तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं से संबंधित विषयों पर सुझाव और परामर्श देना है। इसके अतिरिक्त समिति को विधानसभा अथवा अध्यक्ष द्वारा समय-समय पर सौंपे जाने वाले अन्य कार्यों का भी निष्पादन करना होता है। उन्होंने कहा कि समिति का गठन सदस्यों को बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा उनसे जुड़े मुद्दों के त्वरित समाधान के उद्देश्य से किया गया है। इससे विधानसभा सदस्यों को अपने दायित्वों के निर्वहन में और अधिक सुविधा मिलेगी।

### वैशाली पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार

**हाजीपुर।** बिहार के स्वास्थ्य मंत्री और वैशाली जिले के प्रभारी मंत्री निशांत कुमार मंगलवार को पहली बार वैशाली पहुंचे। उन्होंने वैशाली प्रखंड की भगवतपुर पंचायत में आयोजित 'सहयोग शिविर' में आम लोगों की समस्याओं को सुना और उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। मंत्री निशांत कुमार ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया और सीधे आमजनों से संवाद किया। भगवतपुर मध्य विद्यालय के समीप स्थित मैदान में शिविर के लिए एक बड़ा पंडाल बनाया गया था, जहाँ सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए बैठने, पेयजल और सुरक्षा सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई थी। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह और पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग भी शिविर में मौजूद रहे। दोनों अधिकारियों ने आम लोगों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान की प्रक्रिया सुनिश्चित की। प्रशासन का उद्देश्य है कि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध हो सकें। शिविर में राजस्व, भूमि सुधार, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, आपूर्ति, बिजली, कृषि, पंचायती राज, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण और कल्याण विभाग सहित कई विभागों के अलग-अलग काउंटर लगाए गए थे। प्रत्येक काउंटर पर संबंधित विभाग के पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे, जिन्होंने लोगों की शिकायतें, आवेदन और सुझाव प्राप्त कर उनका त्वरित निपटारा किया। भगवतपुर के बाद प्रभारी मंत्री निशांत कुमार महनार प्रखंड की करनौती पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में भी शामिल होंगे, जहाँ वे आमजनों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनेंगे और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे।

### वैशाली में दामाद की मौत, बेटे ने नाना-नानी पर जहर देकर मर्डर का आरोप लगाया

**हाजीपुर।** वैशाली में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मृतक के नाबालिग बेटे ने अपने नाना-नानी पर तलाक विवाद के चलते जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। यह घटना करताहा थाना क्षेत्र के गुरमियां तिवारी टोला में हुई है। मृतक की पहचान राजापाकड़ थाना क्षेत्र के बाकरपुर, वार्ड नंबर 11 निवासी मिथलेश कुमार, उम्र-35 (पिता स्वर्गीय प्रमोद पासवान) के रूप में हुई है। मृतक के नाबालिग बेटे ने पुलिस को बताया कि उसके नाना-नानी ने उसके पिता को जहर देकर मार डाला है। बेटे अनिकेत राज के अनुसार, उसकी मां उसके पिता से तलाक मांग रही थी। बताया जा रहा है कि मृतक मिथिलेश बैंगलोर में एक प्राइवेट कंपनी में मजदूरी करता था। बेटे अनिकेत राज ने यह भी आरोप लगाया कि बैंगलोर में उसकी मां ने उसके पिता के हाथ-पैर बंधवाकर पिटाई करवाई थी और फिर भाग गई थी। इस घटना के बाद पिता बिदुपुर में अपनी बहन के घर चले गए थे। बेटे के मुताबिक, 30 मई को नाना-नानी ने बहला-फुसलाकर उन्हें मौसी के घर से बुलाया। आरोप है कि इसके बाद 1 जून को उन्हें जहर देकर मार दिया गया। उसने यह भी बताया कि 30 मई को जब उसके पिता नाना-नानी के घर आए थे, तो नानी गुड़िया देवी और पिता के बीच विवाद हुआ था। मामा ने भी पिता के साथ गाली-गलौज की थी। मिथलेश कुमार की शादी 12 साल पहले सतनारायण पासवान की बेटी सोनी कुमारी से हुई थी। मिथलेश के तीन छोटे बेटे हैं। घटना के बाद आरोपी ससुर और साले फरार बताए जा रहे हैं। सदर एसडीपीओ गोपाल मंडल ने बताया कि करताहा थाना क्षेत्र में सतनारायण पासवान के दामाद की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। पुलिस को सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और FSL टीम को बुलाया गया। जांच के लिए सैंपल लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि घटनास्थल पर मृतक की मां और बहन भी पहुंची हैं, लेकिन अभी तक उनके पूर्ण बयान दर्ज नहीं किए गए हैं। फिलहाल, पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

### हाजीपुर में ओवरब्रिज पर दो ट्रकों की टक्कर

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के हाजीपुर-पटना मुख्य मार्ग पर महात्मा गांधी सेतु से जुड़ी नई ओवरब्रिज पर मंगलवार सुबह करीब 2 बजे दो ट्रकों की टक्कर हो गई। यह हादसा हाजीपुर सर्किट हाउस के पास हुआ। दुर्घटना में बालू से लदा एक ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, हालांकि इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पटना से हाजीपुर आने वाली पश्चिमी लेन पर एक चावल लदा ट्रक खड़ा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित बालू लदे ट्रक ने उसमें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बालू लदे ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चावल लदे ट्रक के चालक रंजीत कुमार, जो नवादा जिले के निवासी हैं, ने बताया कि वह रांची से चावल लेकर उत्तर प्रदेश जा रहे थे। उन्होंने मंगलवार सुबह लगभग 3 बजे ओवरब्रिज पर अपना ट्रक खड़ा किया था और नीचे पेशाब करने गए थे। जब वह वापस ट्रक पर चढ़ने वाले थे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार बालू लदे ट्रक ने उनके वाहन में टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बालू लदे ट्रक पर कोई उपचालक मौजूद नहीं था और चालक कथित तौर पर नशे की हालत में था। हादसे के तुरंत बाद बालू लदे ट्रक का चालक मौके से फरार हो गया। इस घटना के संबंध में पूछे जाने पर यातायात थाना प्रभारी सुजीत कुमार ने बताया कि उन्हें फिलहाल दुर्घटना की जानकारी नहीं मिली है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जानकारी प्राप्त होने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### वैशाली- शादी के 3 महीने बाद पति-पत्नी का मिला शव

**हाजीपुर।** वैशाली में मंगलवार सुबह पति-पत्नी का शव घर में फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान रवि कुमार (26) और उनकी पत्नी उर्मिला कुमारी (21) के रूप में हुई है। दोनों की 3 महीने पहले 27 फरवरी 2026 को शादी हुई थी। हत्या का आरोप रवि के छोटे भाई पर लगा। मृतक रवि कुमार 2 भाइयों में बड़े थे। बताया जा रहा है कि छोटे भाई सुमन कुमार ने रवि की शादी से पहले इंटरकास्ट मैरिज की थी। 2 महीने पहले वो अपनी बीवी को घर लेकर आया था। रवि और उर्मिला इस विवाह का लगातार विरोध कर रहे थे। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि सुमन ने अपने बड़े भाई और भाभी की हत्या कर दी। हत्या के बाद उसने दोनों के शवों को छत से लटका दिया। घटना के बाद से सुमन और उसकी बीवी फरार है। पुलिस दोनों की तलाश कर रही है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना पकड़ी चौक से करीब 200 मीटर अंदर की है। मृतका उर्मिला कुमारी के बड़े भाई सोनू कुमार ने बताया, "फरवरी में हमने अपनी बहन की शादी धूमधाम से की थी। मेरी बहन और बहनोई दोनों इस रिश्ते से खुश थे। हालांकि, बहन ने कई बार बताया था कि उसे ससुराल में परेशान किया जाता है। यहां तक कि शादी के बाद पहली होली पर भी उसे मायके नहीं आने दिया गया।

# अपराध नियंत्रण के लिए मसौढ़ी में चला सघन वाहन जांच अभियान







सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मसौढ़ी।** जिले में विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, अपराध पर नियंत्रण करने तथा आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा लगातार एंटी क्राइम वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को मसौढ़ी थानाध्यक्ष विवेक भारती के नेतृत्व में विशेष वाहन चेकिंग अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान थाना क्षेत्र के प्रमुख चौक-चौराहों पर दोपहिया वाहनों की सघन जांच की गई। पुलिसकर्मियों ने वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, बीमा एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। इसके साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों पर विशेष नजर रखी गई।

थानाध्यक्ष ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराधियों की गतिविधियों पर अंकुश लगाना, अवैध हथियारों, मादक पदार्थों एवं अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं की तस्करी पर रोक लगाना तथा क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि नियमित वाहन जांच से अपराधियों की पहचान करने और संदिग्ध गतिविधियों पर समय रहते कार्रवाई करने में मदद मिलती है। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वाहन चलाते समय सभी जरूरी दस्तावेज अपने साथ रखें, यातायात नियमों का पालन करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस नियंत्रण कक्ष को दें। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अपराध नियंत्रण और जनसुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए क्षेत्र में इस प्रकार के विशेष जांच अभियान आगे भी लगातार चलाए जाते रहेंगे, ताकि आम लोगों को सुरक्षित और भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

# एनटीपीसी कांटी के नए परियोजना प्रमुख बने पंकज कुमार गुप्ता, संभाला पदभार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता





**मुजफ्फरपुर।** एनटीपीसी कांटी में वरिष्ठ अधिकारी श्री पंकज कुमार गुप्ता ने परियोजना प्रमुख (प्रोजेक्ट हेड) का पदभार ग्रहण कर लिया है। वर्तमान में वे मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) के पद पर कार्यरत हैं और विद्युत क्षेत्र में 34 वर्षों से अधिक का व्यापक अनुभव रखते हैं। श्री गुप्ता ने वर्ष 1991 में एनटीपीसी में एक्जीक्यूटिव ट्रेनी के रूप में अपने करियर की शुरुआत की थी। अपने लंबे और सफल कार्यकाल के दौरान उन्होंने संगठन की कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं एवं विभागों में अहम जिम्मेदारियां निभाईं। उन्होंने एनटीपीसी कहलगांव परियोजना, कॉर्पोरेट सेंटर, ऊर्जा संक्रमण एवं नीति समूह तथा हाल ही में एनटीपीसी मेजा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

परियोजना अभियांत्रिकी, यांत्रिक प्रणालियों, ऊर्जा संक्रमण, पर्यावरण प्रबंधन और रणनीतिक योजना के क्षेत्रों में उनकी विशेषज्ञता रही है। उनके नेतृत्व अनुभव और तकनीकी दक्षता को देखते हुए एनटीपीसी प्रबंधन ने उन्हें कांटी परियोजना की कमान सौंपी है। शैक्षणिक रूप से भी श्री गुप्ता का रिकॉर्ड उत्कृष्ट रहा है। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक. तथा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली से एप्लाइड मैकेनिक्स में एम.टेक. की उपाधि प्राप्त की है। इसके अलावा उन्होंने देश और विदेश में आयोजित कई तकनीकी, प्रबंधकीय एवं नेतृत्व विकास कार्यक्रमों में भाग लेकर अपनी पेशेवर क्षमता को और मजबूत किया है।

390 मेगावाट क्षमता वाली एनटीपीसी कांटी परियोजना बिहार की प्रमुख विद्युत उत्पादन इकाइयों में शामिल है। यह परियोजना राज्य के साथ-साथ पूर्वी भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। हाल के वर्षों में परियोजना ने परिचालन उत्कृष्टता, सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक विकास के क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत एनटीपीसी कांटी ने बालिका सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में कई प्रभावी पहलें संचालित की हैं। इसके अलावा वृक्षारोपण, जल संरक्षण और हरित विकास कार्यक्रमों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं।

पदभार ग्रहण करने के बाद श्री पंकज कुमार गुप्ता ने कहा कि एनटीपीसी कांटी ने ऊर्जा उत्पादन, पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में एक विशिष्ट पहचान बनाई है। उनका प्रयास रहेगा कि परिचालन उत्कृष्टता और सुरक्षा के सर्वोच्च मानकों को बनाए रखते हुए परियोजना को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि बालिका सशक्तिकरण अभियान सहित विभिन्न सीएसआर कार्यक्रमों को और प्रभावी बनाते हुए स्थानीय समुदायों के विकास में संगठन की भागीदारी को मजबूत किया जाएगा।

उन्होंने विश्वास जताया कि टीम कांटी के सहयोग से परियोजना उत्कृष्ट प्रदर्शन, पर्यावरणीय उत्तरदायित्व और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेगी। एनटीपीसी कांटी परिवार ने श्री पंकज कुमार गुप्ता का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उनके सफल, प्रेरणादायी और उपलब्धियों से भरे कार्यकाल की शुभकामनाएं दी हैं।

# पालीगंज अनुमंडल में 15 स्थानों पर लगे सहयोग शिविर

## सैकड़ों लोगों ने दर्ज कराईं समस्याएं



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पालीगंज।** सरकार की महत्वाकांक्षी योजना "विकसित भारत, समृद्ध बिहार, जीवन आसान निश्चय" के तहत मंगलवार को पालीगंज अनुमंडल क्षेत्र के 15 स्थानों पर सहयोग शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जमा किए और विभिन्न विभागों से जुड़े मामलों के समाधान की मांग की। शिविरों का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान सुनिश्चित करना था। अनुमंडल प्रशासन के अनुसार प्राप्त आवेदनों के निष्पादन के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं तथा सभी मामलों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निपटारा किया जाएगा।

अनुमंडल पदाधिकारी चंदन कुमार ने विभिन्न शिविरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी विभाग से जुड़ी शिकायत या समस्या को बिना संकोच लिखित रूप में दर्ज कराएं। प्रशासन शिकायतों के निष्पादन को प्राथमिकता देते हुए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करेगा।

जानकारी के अनुसार पालीगंज और बिक्रम नगर पंचायत क्षेत्रों में तीन-तीन स्थानों पर शिविर लगाए गए। वहीं पाली, बिक्रम और दुल्हिन बाजार प्रखंड के विभिन्न पंचायत क्षेत्रों में भी तीन-तीन स्थानों पर सहयोग शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में भूमि सुधार, बिजली, जलापूर्ति, सफाई, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, होल्डिंग टैक्स, पेंशन एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित शिकायतों का पंजीकरण किया गया।

प्रशासन ने बताया कि शिविरों में प्राप्त सभी आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अधिकतम एक माह के भीतर निष्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इससे लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिलेगी और सेवाओं की पहुंच आसान होगी।

पालीगंज नगर पंचायत स्थित हाई स्कूल सभागार में वार्ड संख्या 1, 2 एवं 3 के लिए विशेष शिविर आयोजित किया गया। इसके अलावा पालीगंज प्रखंड की खानपुरा-तारानपुर, सिंगोड़ी-जानपुर और कटका-पैगंबरपुर पंचायतों में भी शिविर लगाए गए। सभी सहयोग शिविरों में स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा सुविधा के लिए मेडिकल कैंप भी लगाए गए, जहां लोगों को आवश्यक दवाएं वितरित की गईं। हालांकि कुछ स्थानों पर जागरूकता के अभाव में अपेक्षाकृत कम लोग पहुंचे, जिससे वहां उपस्थिति कम रही। प्रशासन ने भविष्य में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार पर बल दिया है।

इस अवसर पर नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी भावना कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुशील कुमार, अंचलाधिकारी महेश कुमार, बिजली विभाग के कनीय अभियंता बिपिन बिहारी लाल, थाना प्रभारी सुमन कुमार, वार्ड पार्षद संजय कुमार, संतोष कुमार, अजय कुमार, संजीव कुमार, राधेश्याम यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

# लोकतंत्र को सशक्त बनाने में जनप्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्णः डॉ. प्रेम कुमार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बिहार विधानसभा सचिवालय के पदाधिकारियों के नेवा सेवा केंद्र में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की सफलता जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही, पारदर्शिता और जनता के प्रति समर्पण पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा राज्य के विकास, सुशासन और जनकल्याण के लिए सदैव प्रतिबद्ध है तथा इसकी कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, तकनीक-सक्षम और जनोन्मुखी बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि विधानसभा केवल कानून बनाने का मंच नहीं है, बल्कि यह जनता की आकांक्षाओं, समस्याओं और अपेक्षाओं के समाधान का सर्वोच्च लोकतांत्रिक संस्थान है। जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि वे सदन की गरिमा बनाए रखते हुए सकारात्मक, सार्थक और रचनात्मक चर्चा के माध्यम से राज्य के विकास में योगदान दें।

डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि विधानसभा में डिजिटल तकनीकों के उपयोग, ई-विधान प्रणाली और प्रशासनिक सुधारों के माध्यम से कार्यों में पारदर्शिता तथा दक्षता बढ़ाई जा रही है। हाल के वर्षों में बिहार विधानसभा द्वारा कई आधुनिक पहलें शुरू की गई हैं, जिनका उद्देश्य सदन की कार्यप्रणाली को अधिक सुगम, प्रभावी और उत्तरदायी बनाना है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प और बिहार सरकार की विकासोन्मुख नीतियों के अनुरूप राज्य को आत्मनिर्भर, समृद्ध और आधुनिक बनाने के लिए समाज के सभी वर्गों की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है।

बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने युवाओं से लोकतांत्रिक मूल्यों को आत्मसात करने, संविधान के प्रति सम्मान बनाए रखने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति जागरूक नागरिकों और उनकी सहभागिता में निहित होती है।

अपने संबोधन के अंत में बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बिहारवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि बिहार विधानसभा जनहित के मुद्दों के समाधान, लोकतांत्रिक परंपराओं के संरक्षण तथा राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी।

# राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक राजवल्लभ सिंह की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**सिवान।** राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित प्रधानाध्यापक स्वर्गीय राजवल्लभ सिंह की पुण्यतिथि पर सोमवार को सिवान जिले के बसंतपुर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश एवं जिले के कई वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम में बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी, महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, जहानाबाद के पूर्व सांसद अरुण कुमार, बिहार सवर्ण आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री डॉ. महाचंद्र प्रसाद सिंह, गोरेयाकोठी विधायक देवेशकांत सिंह, महाराजगंज विधायक हेमनारायण साह, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुंतल कृष्ण, भाजपा युवा मोर्चा के प्रमंडलीय क्षेत्रीय प्रभारी राजीव तिवारी, भाजपा सिवान जिला पूर्वी के अध्यक्ष रंजीत प्रसाद, जयप्रकाश विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रवींद्र सिंह, जंगबहादुर सिंह, जदयू नेत्री निभा सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि राजवल्लभ सिंह जैसे शिक्षक समाज में मार्गदर्शक के रूप में जन्म लेते हैं। उनके आदर्शों और कार्यशैली का अनुसरण कर नई पीढ़ी का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि एक समर्पित शिक्षक केवल विद्यार्थियों को शिक्षा ही नहीं देता, बल्कि उनके व्यक्तित्व और भविष्य को भी आकार देता है।



महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने स्वर्गीय राजवल्लभ सिंह को याद करते हुए कहा कि वे जन्मजात शिक्षक थे। शिक्षा के प्रति उनकी निष्ठा, अनुशासन और विद्यार्थियों के प्रति समर्पण की चर्चा आज भी लोगों के बीच होती है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिक्षकों की विरासत समाज को निरंतर प्रेरित करती रहती है। बिहार सवर्ण आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री डॉ. महाचंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि राजवल्लभ सिंह प्रेरणादायी व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने अपने कार्यकाल में सरकारी विद्यालयों की छवि को नई पहचान दी और यह साबित किया कि समर्पण एवं ईमानदारी के बल पर सरकारी स्कूल भी उत्कृष्ट शिक्षा का केंद्र बन सकते हैं। अन्य वक्ताओं ने भी स्वर्गीय राजवल्लभ सिंह के शिक्षा, समाज और विद्यार्थियों के प्रति योगदान को याद करते हुए उन्हें एक आदर्श शिक्षक बताया। वक्ताओं ने कहा कि उनका जीवन शिक्षा जगत के लिए प्रेरणा का स्रोत है और आने वाली पीढ़ियां उनके कार्यों से सीख लेती रहेंगी। कार्यक्रम के अंत में स्वर्गीय राजवल्लभ सिंह के पुत्र अमिताभ कुमार ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनके पिता के प्रति लोगों का सम्मान और स्नेह परिवार के लिए गौरव का विषय है। श्रद्धांजलि सभा का समापन उनकी स्मृतियों को नमन और उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### साहित्य समाज की धारा को पवित्र करने की रखती है क्षमता : डॉ रजनी



**रांची**। स्वर्णिम कला कुंज एवं साहित्योदय मंच के संयुक्त तत्वावधान में काव्य गोष्ठी का आयोजन वाईबीएन स्कूल, धुर्वा मंगलवार को हुआ। कार्यक्रम में मंच संस्थापक डॉ रजनी शर्मा चंदा ने अतिथि साहित्यकारों का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरिन्दर कौर नीलम ने किया। मंच पर रेनू झा रेणुका, राकेश रमण रार, नेहाल हुसैन सरैयावी, रिंकू बनर्जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। दीप प्रज्वलन के बाद सुमधुर सरस्वती वंदना रिंकू बनर्जी ने प्रस्तुत किया। मंत्रोच्चारण रेनू झा रेणुका ने किया। वहीं सचिन शर्मा ने कार्यक्रम का शुभारंभ कृष्ण भजन से किया जिसे सुनकर उपस्थित सभी श्रोता भाव विभोर हो गए। कार्यक्रम का संचालन पुष्पा सहाय गिन्नी और रुचिका रुद्राणी ने किया। विशेष अतिथि रामजी यादव ने उपस्थित सभी साहित्यकारों को साहित्य के इस समागम के लिए बधाई दी। वहीं इस दौरान आस्था शर्मा, रंजना वर्मा उन्मुक्त, रेनू बाला धार, डॉ आशीष प्रसाद, राजेश कुमार, सीमा सिन्हा मैत्री, मधुमिता साहा, रंगोली सिन्हा, सरोज गर्ग रत्न प्रभा, खुशबू बरनवाल सीपी, निर्मला सिंह, ऋतुराज वर्षा सहित अन्या ने काव्य पाठ किया। इधर, स्वर्णिम कला कुंज की संस्थापक और साहित्योदय मंच की रांची प्रभारी डॉ रजनी शर्मा चंदा ने कहा कि साहित्य समाज की धारा को पवित्र करने की क्षमता रखती है। अतः साहित्य सेवा के प्रति सजगता को अधिक से अधिक बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने युवाओं को कला, सृजन, संस्कृति और साहित्य के प्रति अपनी रुचि को जागृत करने के लिए आह्वान किया। मौके पर रश्मि शर्मा, लक्ष्मी शर्मा, संगीता शर्मा सहित कई साहित्य प्रेमी उपस्थित थे।

### झारखंड शराब घोटाला सत्ता संरक्षण में हुआ संगठित आर्थिक अपराध : बाबूलाल मरांडी



**रांची**। झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शराब घोटाले को लेकर राज्य सरकार की भूमिका और कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह मामला केवल भ्रष्टाचार तक सीमित नहीं है, बल्कि सत्ता संरक्षण में संचालित एक संगठित आर्थिक अपराध का उदाहरण है। मंगलवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी अपने बयान में मरांडी ने कहा कि छत्तीसगढ़ और झारखंड के अंतरराज्यीय शराब कारोबारियों तथा सत्ता से जुड़े प्रभावशाली लोगों की मिलीभगत से जनता के धन का दुरुपयोग किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले को दबाने की कोशिशें की जा रही हैं, लेकिन केंद्रीय एजेंसियों की जांच लगातार आगे बढ़ रही है और घोटाले से जुड़े तथ्यों का खुलासा हो रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया कि शराब सिंडिकेट से जुड़े कारोबारी अनवर ढेबर की एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जब्त की जा चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि अनवर ढेबर ने आईएएस अधिकारी विनय चौबे के माध्यम से सत्ता के शीर्ष स्तर तक पहुंच बनाकर झारखंड में शराब कारोबार से जुड़ी व्यवस्था को प्रभावित किया। मरांडी ने कहा कि उन्होंने पहले भी राज्य सरकार को शराब नीति में किए गए बदलावों को लेकर आगाह किया था। उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच आवश्यक है और कानून के दायरे में आने वाले सभी व्यक्तियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जांच एजेंसियां पूरे मामले की सच्चाई सामने लाएंगी और न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई होगी। मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर भी निशाना साधते हुए कहा कि जनता के धन के दुरुपयोग से जुड़े मामलों में जवाबदेही तय होना आवश्यक है। राज्य की जनता पूरे घटनाक्रम पर नजर रखे हुए है और पारदर्शिता तथा जवाबदेही की अपेक्षा करती है।

### ट्रेजरी घोटाले को दबाने की कोशिश कर रही हेमंत सरकार : प्रतुल शाहदेव



**रांची**। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड में कथित ट्रेजरी घोटाले की जांच को लेकर राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की कार्यशैली से यह संदेश जा रहा है कि घोटाले की निष्पक्ष और त्वरित जांच कराने के बजाय मामले को लंबा खींचकर दबाने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा ने जांच की धीमी गति पर सवाल उठाते हुए पूरे प्रकरण की समयबद्ध और पारदर्शी जांच की मांग की है। मंगलवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान प्रतुल शाहदेव ने कहा कि ट्रेजरी घोटाले का मामला सामने आने के बाद सरकार ने काफी समय तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। बढ़ते राजनीतिक और जनदबाव के बाद विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया, लेकिन उसके गठन की प्रक्रिया और उसमें शामिल अधिकारियों को लेकर भी कई सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन ट्रेजरी अधिकारियों और ड्रॉइंग एंड डिस्बर्सिंग ऑफिसर्स (डीडीओ) के कार्यकाल में अनियमितताएं हुईं, वे आज भी अपने पदों पर बने हुए हैं। ऐसे में निष्पक्ष जांच को लेकर संदेह पैदा होना स्वाभाविक है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि राज्य सरकार ने 17 अप्रैल 2026 को महालेखाकार (एजी) से विशेष ऑडिट कराने की अनुशंसा की थी। प्रतुल शाहदेव ने एसआईटी की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। उनके अनुसार, वित्त विभाग और उत्पाद विभाग की ओर से गठित जांच टीम अब तक केवल बोकारो जिले का ही दौरा कर सकी है। भाजपा ने दावा किया कि राज्य की जनता इस मामले पर नजर बनाए हुए है और वह जानना चाहती है कि वित्तीय अनियमितताओं के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जा रही है। पार्टी ने सरकार से पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग करते हुए कहा कि घोटाले की निष्पक्ष जांच लोकतांत्रिक व्यवस्था और जनता के विश्वास के लिए आवश्यक है।


### फायरिंग के मुख्य आरोपित ने अदालत में किया आत्मसमर्पण



**पूर्वी सिंहभूम**। गोलमुरी थाना क्षेत्र के गाढ़ाबासा में हुई फायरिंग की घटना का मुख्य आरोपित और कुख्यात अपराधी रवींद्र सिंह उर्फ रवि खेड़ा ने पुलिस के बढ़ते दबाव के बीच मंगलवार को जमशेदपुर न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। अदालत में सरेंडर करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, रवि खेड़ा ने सिविल जज विश्वनाथ उरांव की अदालत में आत्मसमर्पण किया। न्यायालय में आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद कोर्ट के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस लंबे समय से उसकी तलाश में जुटी थी और गिरफ्तारी के लिए लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी। पुलिस की ओर से लगातार की जा रही कार्रवाई और कुर्की-जब्ती की संभावित प्रक्रिया के मद्देनजर आरोपित ने अदालत की शरण लेने का फैसला किया। इसके बाद उसने मंगलवार को न्यायालय पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक रवि खेड़ा का आपराधिक इतिहास काफी लंबा रहा है। उसके खिलाफ गोलमुरी थाना सहित शहर के विभिन्न थानों में आर्म्स एक्ट, जानलेवा हमला, रंगदारी सहित अन्य गंभीर धाराओं के कई मामले दर्ज हैं। पुलिस अब उसके खिलाफ दर्ज मामलों में आगे की कानूनी कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

# झारखंड में गर्मी-उमस से लोग परेशान, कई जिलों में येलो अलर्ट जारी

**एजेंसी। रांची**



राजधानी रांची समेत राज्य के विभिन्न जिलों में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। पिछले दो-तीन दिनों से कहीं बारिश तो कहीं तेज धूप के कारण लोगों को गर्मी और उमस का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को भी रांची और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से ही तेज धूप निकलने के कारण उमस भरी गर्मी महसूस की गई। इसके साथ ही कई इलाकों में बिजली की आंखमिचौली ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी। मौसम विभाग के अनुसार, आगामी दिनों में भी मौसम में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। विभाग ने तीन और चार जून को राज्य के उत्तर-पूर्वी जिलों में गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई है। इसके अलावा 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का भी पूर्वानुमान जारी किया गया है। संभावित खराब मौसम को देखते हुए विभाग ने येलो अलर्ट जारी कर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि प्री-मानसून गतिविधियों के कारण राज्य में मौसम तेजी से बदल रहा है। दिन में तेज धूप और गर्मी के बाद शाम या रात में कुछ स्थानों पर बारिश और तेज हवाओं की स्थिति बन रही है। इससे तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान रांची के नामकुम क्षेत्र में 20.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस दौरान राज्य में सर्वाधिक वर्षा रांची एयरपोर्ट क्षेत्र के आसपास 21.6 मिलीमीटर दर्ज की गई। मंगलवार को राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री और न्यूनतम 26.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान 40 डिग्री तथा न्यूनतम 26.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो में अधिकतम तापमान 37.1 डिग्री और न्यूनतम 26.1 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि चाईबासा में अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने लोगों से अपील की है कि गर्जन और आकाशीय बिजली की संभावना के दौरान खुले मैदानों, पेड़ों और बिजली के खंभों के पास खड़े होने से बचें। तेज हवाओं और संभावित बारिश को देखते हुए किसानों तथा आम नागरिकों को भी आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

## टाटा–बक्सर एक्सप्रेस में स्थायी रूप से बढ़ेगा एक अतिरिक्त कोच




**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**

पश्चिमी सिंहभूम जिला के चक्रधरपुर स्थित दक्षिण पूर्व रेलवे ने यात्रियों की बढ़ती संख्या और सुविधा को ध्यान में रखते हुए ट्रेन संख्या 18183/18184 टाटानगर–बक्सर–टाटानगर एक्सप्रेस में स्थायी रूप से एक अतिरिक्त कोच जोड़ने का निर्णय लिया है। रेलवे के इस फैसले से ट्रेन में यात्रियों के लिए बैठने की क्षमता बढ़ेगी और यात्रा अधिक सुविधाजनक हो सकेगी। रेलवे की ओर से जारी सूचना के अनुसार, इस ट्रेन में एक अतिरिक्त एलडब्ल्यूएससीजेड (द्वितीय श्रेणी सीटिंग) कोच जोड़ा जाएगा। इसके बाद ट्रेन की कुल कोच संख्या 20 से बढ़कर 21 हो जाएगी। नया कोच सेकेंड क्लास चेयर/सीटिंग श्रेणी का होगा, जिससे सामान्य श्रेणी के यात्रियों को विशेष लाभ मिलेगा। संशोधित कोच संरचना ट्रेन संख्या 18183 टाटानगर–बक्सर एक्सप्रेस में 5 जून 2026 से टाटानगर से प्रस्थान करने वाली सेवा में लागू होगी। वहीं ट्रेन संख्या 18184 बक्सर–टाटानगर एक्सप्रेस में यह व्यवस्था 6 जून 2026 से बक्सर से चलने वाली सेवा में प्रभावी हो जाएगी। दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के जनसंपर्क अधिकारी सह वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कमलेश की ओर से मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि अतिरिक्त कोच जोड़े जाने से यात्रियों को बेहतर यात्रा सुविधा उपलब्ध होगी तथा भीड़भाड़ को कम करने में मदद मिलेगी। रेलवे ने उम्मीद जताई है कि इस कदम से टाटानगर और बक्सर के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी।

## हत्या का खुलासा, आरोपित गिरफ्तार

**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**



पश्चिमी सिंहभूम जिले के कुमारडुंगी थाना क्षेत्र के खंडखोरी गांव में महिला की डायन के संदेह में निर्मम हत्या के मामले का पुलिस ने त्वरित खुलासा कर लिया है। पुलिस ने घटना के कुछ ही घंटों के भीतर मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है और उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया है। एक जून 2026 को कुमारडुंगी थाना अंतर्गत खंडखोरी गांव में शुरू गोप नामक महिला की डायन होने के संदेह में धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या किए जाने की सूचना पुलिस को मिली थी। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की गई। मृतका के पति देवेन्द्र गोप के फर्दबयान के आधार पर कुमारडुंगी थाना (कांड संख्या 15/2026) दर्ज किया गया। मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) और 238 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (जगन्नाथपुर) राफेल मुर्मू के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। वैज्ञानिक तरीके से जांच करते हुए पुलिस ने प्राथमिकी आरोपित पुड़वा उर्फ चोके सिंकु (33) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित खंडखोरी गांव के मटकम साई टोला का रहने वाला है। मंगलवार को संवाददाताओं को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रफायल मुर्मू ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपित ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया।

## रिम्स भूमि फर्जीवाड़ा मामले में प्रमोद महतो की अग्रिम जमानत पर 10 जून को अगली सुनवाई

**एजेंसी। रांची**

रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) की अधिग्रहीत भूमि से जुड़े बहुचर्चित फर्जीवाड़ा मामले में आरोपित प्रमोद कुमार महतो की अग्रिम जमानत याचिका पर मंगलवार को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की विशेष अदालत में सुनवाई हुई। मामले में एसीबी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय मांगे जाने के बाद अदालत ने सुनवाई स्थगित करते हुए अगली तिथि 10 जून निर्धारित की है। सुनवाई के दौरान एसीबी ने अदालत को बताया कि मामले से संबंधित केस डायरी और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज प्रस्तुत किए जाने हैं। इसके लिए समय की आवश्यकता है। अदालत ने एसीबी के अनुरोध को स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई तक मामले को स्थगित कर दिया। यह मामला रिम्स की लगभग 9.65 एकड़ अधिग्रहीत भूमि से जुड़ा है, जिसे वर्ष 1964-65 में सरकारी उपयोग के लिए अधिग्रहित किया गया था। आरोप है कि बाद के वर्षों में इस भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर इसे निजी जमीन के रूप में प्रस्तुत किया गया। जांच में यह भी सामने आया कि अधिग्रहीत भूमि पर अवैध तरीके से अपार्टमेंट, दुकानें और आवासीय मकान तक निर्मित कर दिए गए थे। मामला जब न्यायालय पहुंचा तो झारखंड उच्च न्यायालय ने इस पर गंभीर रुख अपनाया और अवैध कब्जों को हटाने का निर्देश दिया। इसके बाद से एजेंसी लगातार मामले की जांच कर रही है और भूमि फर्जीवाड़े से जुड़े विभिन्न पहलुओं की पड़ताल में जुटी है। जांच एजेंसियों का मानना है कि यह मामला केवल अवैध कब्जे तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें सरकारी भूमि के रिकॉर्ड में हेरफेर, फर्जी दस्तावेज तैयार करने और कई लोगों की मिलीभगत की आशंका भी शामिल है। इसी कारण एसीबी मामले की गहन जांच कर रही है। अब प्रमोद कुमार महतो की अग्रिम जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 10 जून को होगी, जहां एसीबी अपना विस्तृत जवाब और केस डायरी अदालत के समक्ष प्रस्तुत कर सकती है। इस मामले पर कानूनी और प्रशासनिक हलकों की नजर बनी हुई है।

## पश्चिमी सिंहभूम में वाहन चोरी गिरोह का भंडाफोड़, चोरी की 20 बाइक बरामद, दो आरोपित गिरफ्तार



**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**

पश्चिमी सिंहभूम जिला पुलिस और जमशेदपुर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में वाहन चोरी के एक बड़े संगठित गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर 20 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 25 से 30 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, हाल के वर्षों में जिले में वाहन चोरी के मामलों में यह सबसे बड़ी बरामदगी है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है, जबकि गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। दरअसल, पुलिस अधीक्षक अमित रेणु को गुप्त सूचना मिली थी कि नोवामुंडी थाना क्षेत्र में एक युवक चोरी की मोटरसाइकिलों की खरीद-बिक्री के कारोबार में सक्रिय है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए किरीबुरु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। इसी दौरान पुलिस को यह भी जानकारी मिली कि जमशेदपुर के सिदगोड़ा थाना की पुलिस भी एक वाहन चोर की तलाश में उसी क्षेत्र में पहुंची हुई है। इसके बाद पश्चिमी सिंहभूम और जमशेदपुर पुलिस ने संयुक्त रणनीति बनाकर कार्रवाई शुरू की। दोनों जिलों की पुलिस टीमों ने समन्वित अभियान चलाते हुए संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी की। अभियान के दौरान पुलिस ने डुकासाई क्षेत्र से सोनू लोहरा उर्फ भोला (20) को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने वाहन चोरी के नेटवर्क से जुड़ी कई अहम जानकारियां पुलिस को दीं। उसके बयान के आधार पर डुकासाई, टोंटोगाढ़ा, टाटीबा बिरहोर टोला तथा आसपास के जंगलों और ग्रामीण इलाकों में व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस को अलग-अलग स्थानों से एक के बाद एक कुल 20 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद हुईं। जांच में यह तथ्य सामने आया कि गिरोह चोरी की गई मोटरसाइकिलों को दूर-दराज के जंगलों और ग्रामीण इलाकों में छिपाकर रखता था। बाद में इन वाहनों के नंबर प्लेट बदलकर अथवा कम कीमत पर बेचने की तैयारी की जाती थी, ताकि चोरी की पहचान छिपाई जा सके। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें सोनू लोहरा उर्फ भोला, निवासी बिरसानगर जोन नंबर-3, जमशेदपुर और राज पुरती (23), निवासी टोटोंगढ़ा, थाना छोटानागरा, पश्चिमी सिंहभूम शामिल हैं। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपित वाहन चोरी और उसके अवैध कारोबार में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि यह एक संगठित गिरोह है, जिसका नेटवर्क कई जिलों तक फैला हो सकता है। बरामद मोटरसाइकिलों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि ये वाहन किन-किन क्षेत्रों से चोरी किए गए थे। साथ ही चोरी के वाहनों के संभावित खरीदारों और गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान भी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरोह के पूरे नेटवर्क का पता लगाने के लिए जांच जारी है। चोरी के वाहनों की खरीद-बिक्री में शामिल अन्य लोगों के खिलाफ भी जल्द कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि जिले में वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए आगे भी विशेष अभियान जारी रहेगा और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में किरीबुरु के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिनित कुमार किंडो, पुलिस निरीक्षक बासुदेव मुंडा, नोवामुंडी थाना प्रभारी नयन कुमार सिंह, किरीबुरु थाना प्रभारी रोहित कुमार, बड़ा जामदा ओपी प्रभारी बालेश्वर उरांव, पुलिस अवर निरीक्षक पूर्णिमा कुमारी, सिदगोड़ा थाना के पुलिस अवर निरीक्षक दानियल सांगा, सुशांत सुंडी, सहायक अवर निरीक्षक देवसरण महतो, आरक्षी ललन कुमार सांगा सहित नोवामुंडी, किरीबुरु और बड़ा जामदा थाना के सशस्त्र बलों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, पुलिस जांच में जुटी

**पश्चिमी सिंहभूम**। पश्चिमी सिंहभूम जिले के जेटिया थाना क्षेत्र अंतर्गत पसिया गांव की एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान 40 वर्षीय शांति बोबोंगा, पति माटा बोबोंगा, के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार शांति बोबोंगा अपने घर से लगभग आधा किलोमीटर दूर नदी किनारे गई थी, जहां उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद जेटिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, चाईबासा भेज दिया। मंगलवार को सदर अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद मृतका के भाई विमल लागुरी ने बताया कि उनकी बहन की शादी करीब 15 वर्ष पूर्व माटा बोबोंगा के साथ हुई थी। दंपति के पांच बच्चे हैं। उन्होंने बताया कि शांति बोबोंगा और उसके पति के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। कई बार परिवार और ग्रामीणों की पहल पर दोनों के बीच समझौता भी कराया गया था। विमल लागुरी के अनुसार, ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि घटना वाले दिन भी पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था।


### कार्यालयः– जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा।

सदर अस्पताल कैंपस, कचहरी रोड, गढ़वा।
Email-Id:- garhwadamo@gmail.com

**आम सूचना**

जिला आयुष समिति, गढ़वा के अधीन जिला कार्यक्रम प्रबंधक के एकल पद पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन सं0– 01/2023 (आयुष) ज्ञापांक– 76 गढ़वा, दिनांक 17.02.2024 को अपरिहार्य कारणों से जिला स्तरीय साक्षात्कार समिति द्वारा ज्ञापांक– 91, दिनांक 20.05.2026 द्वारा रद्द कर कर दिया गया है। इस पद पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु पुनः विज्ञापन प्रकाशित की जाएगी जिसकी सूचना गढ़वा जिला के अधिकारिक वेबसाईट www.garhwa.nic.in एवं सामाचार पत्र के माध्यम से दी जाएगी।

जिन आवेदकों ने पूर्व में आवेदन किया है उन्हें पुनः बैंक ड्राफ्ट नहीं देना होगा। वे पूर्व के आवेदन में संलग्न किये गये बैंक ड्राफ्ट की छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न कर पुनः आवेदन कर सकेंगे।

जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी
–सह– सदस्य सचिव
जिला आयुष समिति, गढ़वा।

PR 381335 Health Med Edu and Family Welfare(26-27)D

### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
### WATER WAYS DIVISION MEDININAGAR

**Very Short Notice Inviting e-quatation.**

**Notice No. :- WRD Water Ways Division Medininagar NIQ No.-01/2026-27 Dated-01.06.2026**

Government of Jharkhand Through its public Work Department (PWD) is engaged in framing/ revision of Schedule of Rates and as part of the endeavor, quatation through e-Tender are invited rate of items/ Materials annexed as Annexure-I for Construction Work from Quarry Owner/Crusher Owners Reputed Manufacturers/anuthorized dealers/Suppliers and other shakeholders authorized for respective items having valid GSTIN of materials. The rates conforming to specification for inclusion in the schedule of Rate for Government of Jharkhand to be used in different Civil construction infrastructure works and repair works shall be submitted online in the website http:/ jharkhandtenders.gov.in Details of Materials and its specification are available on the above e-tender portal. The quotationer my download the documents from the website and quote their rate of Materials online from 03.06.2026 at 15:00 hrs. to 10.06.2026 at 17:00 hrs. The quotation will be opened on 12.06.2026 at 16:00 hrs.

The Quotation is invited to ascertain and assesss the rate of Materials at par With Lowest market rate for framing of Schedule of Rate.

**Executive Engineer**
**Water Ways Division Medininagar**

PR 381354 (District) 26-27 (D)

### कार्यालय नगर पंचायत मझिऑव

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 06/2026–27**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिऑव।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक 10.06.2026 को अपराह्न 4:00 बजे तक।
3. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय नगर पंचायत मझिऑव।
4. निविदा प्राप्ति का स्थान, तिथि एवं समय :– कार्यालय नगर पंचायत मझिऑव में दिनांक 11.06.2026 को अपराह्न 2:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समयः– कार्यालय नगर पंचायत मझिऑव में दिनांक 11.06.2026 को अपराह्न 02:30 बजे से।
6. कार्य विवरणीः–

| क0. सं0 | वार्ड सं0 | मद | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | अग्रधन की राशि | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 04 | नागरिक सुविधा | Repair of RCC drain from Adya Sagar Pathak house to Jitendra Singh house (RCD main road) at ward no 04 | 664100 | 5000 | 13300 | 45 Days |
| 02 | 04 | नागरिक सुविधा | RCC retaining wall from Gopal Mehta house to Parash Mehta house at ward no 04 | 999500 | 5000 | 20000 | 45 Days |
| 03 | 07 | नागरिक सुविधा | RCC drain from Bazar Samiti (Handpump) to Pradeep Shah house at ward no 07 | 610200 | 5000 | 12300 | 45 Days |
| 04 | 07 | नागरिक सुविधा | Construction of RCC drain with slab from main road to Bazar Samiti (Handpump) at ward no 07 | 610200 | 5000 | 12300 | 45 Days |
| 05 | 09 | नागरिक सुविधा | Construction of RCC drain from main road to Kunjbihari house at ward no 09 | 996400 | 5000 | 20000 | 45 Days |
| 06 | 12 | नागरिक सुविधा | Construction of RCC darin from Kunjbihari house to Pareva river at ward no 12 | 996400 | 5000 | 20000 | 45 Days |
| 07 | 11 | नागरिक सुविधा | Construction of RCC darin from Fuleshwar Chaudhary house to Ramdhani Chaudhary Land (Hume pipe) at ward no 11 | 997000 | 5000 | 20000 | 45 Days |

**नोट** :– विस्तृत सूचना एवं शर्तें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचना पटट् पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिऑव

**PR 381325 Urban Development(26-27).D**

## संक्षिप्त समाचार

### चेन्नई में निर्माण स्थल पर अस्थायी ढांचा गिरा, झारखंड के प्रवासी श्रमिक की मौत

**चेन्नई, एजेंसी।** चेन्नई में एक निर्माणाधीन स्थल के श्रमिक शिविर में लोहे का अस्थायी



ढांचा गिरने से झारखंड के एक प्रवासी श्रमिक की मौत हो गई। इसके साथ ही इस हादसे में 35 लोग घायल हो गए। रविवार देर रात यह हादसा उस समय हुआ, जब आईपीएल का फाइनल मैच चल रहा था। लगभग सौ से अधिक श्रमिक शांति नगर मेन रोड पर स्थित अस्थायी आवासीय परिसर में मोबाइल फोन और अन्य पोर्टेबल उपकरणों पर मैच देख रहे थे। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि बड़ी संख्या में श्रमिक दो मंजिला औद्योगिक शेड की पहली मंजिल पर बने अस्थायी ऊंचे रैंप और प्लेटफार्म पर एकत्र हो गए थे।पुलिस के अुनसार, भीड़ बढ़ने और लोगों के रेलिंग पर झुकने के कारण यह अस्थायी ढांचा भार नहीं सह सका और अचानक ढह गया। इससे श्रमिक लगभग 15 फुट नीचे भूतल पर गिर पड़े। दुर्घटना के बाद आपातकालीन सेवा कर्मियों, पुलिस और शिविर में मौजूद अन्य श्रमिकों ने राहत अभियान शुरू किया। आपातकालीन सेवाओं के कर्मचारियों ने झारखंड के मूल निवासी ब्रिंजी मांझी सहित 21 घायल श्रमिकों को गिंडी के सरकारी कलैग्नार शताब्दी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल पहुंचाया। सिर में गंभीर चोट लगने से मांझी को बाद में राजीव गांधी सरकारी अस्पताल रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान सोमवार तड़के उनकी मृत्यु हो गई। अन्य घायल श्रमिकों को पोरूर स्थित श्रीरामचंद्र मेडिकल सेंटर में भर्ती कराया गया है। अस्पताल के सूत्रों के अनुसार, कोलकाता निवासी सुखानी नामक एक अन्य श्रमिक की हालत गंभीर बनी हुई है। वह आईसीयू में भर्ती है।

### यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा में नहीं उतरवाए जाएंगे कलावा और मंगलसूत्र

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** यूपी पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा को लेकर



तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। आठ, नौ और 10 जून को आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा में 42048 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए 20 केंद्र बनाए गए हैं। नकलविहीन और पारदर्शी परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए बायोमेट्रिक सत्यापन, फेस मिलान और लाइव सीसी कैमरे निगरानी समेत सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। वहीं परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की जांच के दौरान कलावा व मंगलसूत्र नहीं उतरवाए जाएंगे। परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे तक संचालित होगी। अभ्यर्थियों को निर्धारित समय से पहले केंद्रों पर पहुंचना होगा, ताकि जांच और सत्यापन की प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके। इस बार नकल माफियाओं पर लगाम लगाने के लिए सुरक्षा एजेंसियां और भी हाईटेक हो चुकी हैं। बोर्ड ने निर्देश दिए हैं कि स्मार्ट चश्मा, इलेक्ट्रानिक पेन और अन्य छिपे हुए स्मार्ट गैजेट्स पर कड़ी निगरानी रखी जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा ड्यूटी में तैनात रहने वाले कर्मचारी और शिक्षक भी केंद्र के भीतर अपना मोबाइल फोन नहीं ले जा सकेंगे। सुरक्षा को देखते हुए एग्जाम सेंटर पर सीसीटीवी की नजरें लगी रहेंगी।

# 2-3 दिन में दस्तक देगा मानसून, दिल्ली-यूपी-बिहार समेत 17 राज्यों में भारी बारिश और आंधी का अलर्ट

**लखनऊ, पटना, दिल्ली, एजेंसी।** देश के मौसम मिजाज में बड़ा बदलाव आने वाला है। मौसम विभाग ने भविष्यवाणी की है कि दक्षिण पश्चिम मानसून किसी भी वक्त केरल में दस्तक दे सकता है। मौसम विभाग ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड सहित देश के 17 राज्यों में भारी बारिश, ओलावृष्टि और 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज आंधी का अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, आमतौर पर मानसून 1 जून के आसपास केरलम पहुंचता है, लेकिन इस बार इसमें थोड़ी देरी हुई है। अगले 2-3 दिनों के भीतर दक्षिण-पश्चिम मानसून के केरल में प्रवेश करने के लिए परिस्थितियां पूरी तरह अनुकूल हैं। जिसके चलते पूर्वोत्तर और दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में भारी से बहुत भारी बारिश की आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के कई हिस्सों में 50 से 70 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने, गंभीर तूफान आने और ओलावृष्टि की संभावना है।

दिल्ली, हरियाणा और पंजाब में 1 से 5 जून के बीच हल्की से मध्यम बारिश और गरज-चमक की संभावना है। विशेषकर 3 और 4 जून को 50-70 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज तूफानी हवाएं चल सकती हैं।

पश्चिमी यूपी में 3 और 4 जून को तेज आंधी (50-70 किमी/घंटा) की चेतावनी है, जबकि 2 और 5 जून को बारिश के आसार हैं। उत्तराखंड में 6 जून गरज, चमक



और तेज हवाओं के साथ मध्यम वर्षा जारी रहेगी। राजस्थान में 2 जून को तूफानी हवाएं चलेंगी और 3-5 जून के दौरान अलग-अलग हिस्सों में बारिश होगी। जम्मू-कश्मीर में 3 से 5 जून के दौरान तेज आंधी और कुछ इलाकों में ओलावृष्टि की संभावना है। 6 जून को भी बारिश हो सकती है। पश्चिमी एमपी में 2-3 जून को भारी बारिश होगी और पूर्वी एमपी में 5 जून तक हल्की बारिश जारी रहेगी। छत्तीसगढ़ और विदर्भ (महाराष्ट्र) में 2 से 5 जून के बीच गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। गुजरात में 4 जून के बीच गरज-चमक के साथ बारिश होगी। केरल और माहे में 3 से 7 जून के दौरान कुछ इलाकों में बहुत भारी बारिश का अलर्ट है। तमिलनाडु और पुडुचेरी अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा और पूरे सप्ताह गरज-चमक की स्थिति बनी रहेगी। आंध्र प्रदेश में 2 जून को भारी बारिश की संभावना है। तेलंगाना में 5 जून तक हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं। अगर बात करें पूर्वी भारत की तो बिहार में 5 और 6 जून को तथा झारखंड में पूरे सप्ताह गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। वहीं, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में 4 से 6 जून के बीच भारी बारिश होगी। ओडिशा में 2 जून को 70 किमी/घंटा की रफ्तार से तूफानी हवाएं चलेंगी, जबकि 3 से 5 जून के बीच भारी बारिश की संभावना है। अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय में 1 से 7 जून तक भारी बारिश जारी रहेगी। असम और मेघालय में 4 से 7 जून के बीच भारी बारिश का अलर्ट है। नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 6 और 7 जून को भारी बारिश होने की संभावना है। आमतौर पर केरल में एक जून के आसपास मानसून पहुंचता रहा है। आईएमडी ने पहले 26 मई को केरल में मानसून के आगमन की भविष्यवाणी की थी, लेकिन अल नीनो की मानसून में देरी हुई। विभाग ने 29 मई को कहा था कि यह अगले सप्ताह पहुंच सकता है। साथ ही कहा था कि इस वर्ष सामान्य से कम वर्षा होगी। इसकी वजह अल-नीनो की स्थिति का उभरना हो सकता है, जो भारत में मानसून के दौरान कम वर्षा का कारण बनता है।

# बेनीवाल की बयानबाजी पर कैलाश चौधरी की दो टूक, बोले- राजनीति में भाषा की मर्यादा जरूरी

**जयपुर, एजेंसी।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश चौधरी ने प्रदेश में चल रही राजनीतिक बयानबाजी और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी प्रमुख हनुमान बेनीवाल द्वारा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ पर लगाए जा रहे आरोपों को लेकर प्रतिक्रिया दी है। अमर उजाला से बातचीत में उन्होंने कहा कि राजस्थान की राजनीति हमेशा शालीन और मर्यादित रही है तथा ऐसी भाषा का प्रयोग नहीं होना चाहिए जिससे किसी की भावनाएं आहत हों। कैलाश चौधरी ने कहा कि लोकतंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को अपनी बात रखने और विरोध करने का पूरा अधिकार है लेकिन सार्वजनिक जीवन में शब्दों की मर्यादा बनाए रखना आवश्यक है। उनका कहना था कि राजनीतिक नेताओं का आचरण और भाषा समाज पर प्रभाव डालती है, जो लोग नेताओं का अनुसरण करते हैं, वे भी उसी प्रकार की भाषा और व्यवहार को अपनाने लगते हैं। इसलिए राजनीतिक संवाद में संयम और गरिमा बनाए रखना जरूरी है। हनुमान बेनीवाल के उस बयान पर जिसमें उन्होंने राजस्थान से भाजपा का सूपड़ा साफ होने और पार्टी के तीसरे नंबर पर पहुंचने की बात कही थी, कैलाश चौधरी ने कहा कि भाजपा आज देश की सबसे मजबूत राजनीतिक शक्ति है। राजस्थान में भाजपा की सरकार है, केंद्र में भाजपा की सरकार है और देश के अधिकांश राज्यों में पार्टी का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि दक्षिण भारत में भी भाजपा लगातार अपना जनाधार मजबूत कर रही है। ऐसे में राजस्थान से भाजपा को हटाना असंभव है। उन्होंने दावा किया कि देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश की जनता मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व पर भरोसा जता रही है। संतों के आंदोलनों और गौसेवा से जुड़े मुद्दों पर भी कैलाश चौधरी ने भाजपा का पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि संतों का सम्मान भाजपा की प्राथमिकताओं में शामिल है और पार्टी ने हमेशा सनातन परंपरा, गौसेवा और संत सेवा को आगे बढ़ाने का काम किया है।

### आगरा नहर किनारे दिखा 12 फुट लंबा अजगर, लोगों में दहशत

**फरीदाबाद, एजेंसी।** सोतई गांव के समीप आगरा नहर के किनारे सोमवार को अजगर दिखाई देने से लोगों के बीच भय का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने वन्य एवं प्राणी विभाग को इसकी सूचना दी। इसी बीच अजगर धीरे-धीरे आगरा नहर में चला गया। ग्रामीणों ने बताया कि नहर के किनारे अकसर अजगर दिखाई देते हैं। दोपहर के समय अजगर देखकर लोग डर गए। सड़क पर धीरे-धीरे वाहन चालक एकत्रित होने लगे। कुछ लोगों ने इसकी वीडियो भी रिकार्ड कर ली। मौके पर मौजूद एक व्यक्ति ने वन्य एवं प्राणी विभाग को सूचना दी। रेस्क्यू के लिए टीम के पहुंचने से पहले ही अजगर नहर की ओर चला गया। ग्रामीणों के अनुसार गर्मी अधिक होने के कारण कई बार अजगर सड़क पर आ जाते हैं। इस अजगर की लंबाई दस से 12 फुट थी। बता दें कि वन क्षेत्र और नहर के किनारे बसे रिहायशी एरिया में अकसर अजगर दिखाई देते हैं। इससे पहले बीपीटीपी पुल पर अजगर दिखाई दिया था।

## पत्रकारों और कंटेंट क्रिएटर्स के लिए नई गाइड, मानव-वन्यजीव संघर्ष से परे सह-अस्तित्व की कहानियां सामने लाने की प्रेरणा देती है

**मुंबई, एजेंसी।** क्लाइमेट नैरेटिव हब (सीएनएच), जो दसरा और मोमेंटम शिफ्ट्स की पहल है और रेनमैटर फाउंडेशन के सहयोग से संचालित है, ने पत्रकारों और कंटेंट क्रिएटर्स के लिए एक नई गाइड जारी की है। यह गाइड उन लोगों के लिए है जो मानव-वन्यजीव से जुड़ी कहानियों को कवर करते हैं। आमतौर पर ऐसी रिपोर्टिंग में मृत्यु या हमलों जैसे संघर्ष के पहलुओं पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है, लेकिन यह गाइड बताती है कि ऐसा नजरिया अक्सर यह समझने में कमी छोड़ देता है कि इंसान और वन्यजीव एक ही स्थान पर कैसे साथ रहते हैं। नेटवर्क फॉर कंजर्विंग सेंट्रल इंडिया, वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन सोसाइटी-इंडिया, को-एक्सिस्टेंस कंसोर्टियम, द कॉर्बेट फाउंडेशन, विधि सेंटर फॉर लीगल पॉलिसी और द नेचर कंजर्वेंसी- इंडिया सहित कई संगठनों, पत्रकारों और संपादकों के साथ मिलकर तैयार की गई यह गाइड रिपोर्टर्स को अपनी कहानी कहने के तरीके को और व्यापक बनाने के लिए प्रेरित करती है। इसमें बढ़ते मानवङ्कवन्यजीव संघर्ष के पीछे के कारणों को समझने पर जोर दिया गया है। गाइड के मुताबिक, सिर्फ यह बताना कि कोई जानवर गांव या शहर में आ गया, काफी नहीं है। रिपोर्टर्स को यह सवाल भी उठाना चाहिए कि वह वहां क्यों आया? क्या आवास हानि, निर्माण कार्य, जलवायु परिवर्तन या आहार की उपलब्धता में बदलाव इसके पीछे कारण हैं? यह संसाधन सह-अस्तित्व के पहलुओं को भी शामिल करने के लिए प्रेरित करता है, जैसे कि समुदाय अपने व्यवहार में कैसे बदलाव लाते हैं, अपनी गलतियों से क्या सीखते हैं, और वन्यजीव के साथ रहते हुए जोखिम को कम करने के लिए कौन-सी रणनीतियां अपनाते हैं। इस टूल के माध्यम से पत्रकारों, कहानीकारों और इंफ्लुएंसर्स को यह समझने के लिए प्रेरित किया जाता है कि स्थानीय समुदाय, खासकर जंगलों में रहने वाले और आदिवासी समुदाय, वन्यजीव को कैसे समझते और उनसे कैसे निपटते हैं। इसमें यह भी बताया गया है कि ये समुदाय जोखिम को कैसे मैनेज करते हैं, साझा स्थानों को कैसे संभालते हैं और पर्यावरणीय बदलावों के अनुसार खुद को कैसे ढालते हैं।

# गुजरात में 28 दिन डिजिटल अरेस्ट रहा बुजुर्ग, सीबीआई-ईडी के नाम पर 1.47 करोड़ की ठगी

**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात से साइबर धोखाधड़ी का एक मामला सामने आया है, जहां 72 वर्षीय एक व्यक्ति को हाल ही में 1.47 करोड़ रुपये की भारी राशि की ठगी का शिकार होना पड़ा। पीड़ित को लगभग 28 दिनों तक 'डिजिटल अरेस्ट' का सामना करना पड़ा। इसने जांच एजेंसियों के बीच व्यापक चिंता पैदा कर दी है। गृह मंत्रालय की साइबर सुरक्षा विंग ने इस बुजुर्ग पीड़ित के मामले का उल्लेख किया, जिसे धोखेबाजों ने पुलिस, सीबीआइ और ईडी जैसी विभिन्न केंद्रीय जांच एजेंसियों के अधिकारियों के रूप में पेश किया। साइबर विंग के अधिकारियों ने बताया कि वीडियो काल और फर्जी दस्तावेजों का उपयोग करते हुए धोखेबाजों ने 'पीड़ित को गंभीर अवैध गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाते हुए एक विस्तृत कहानी बनाई।' धोखेबाजों ने दावा किया कि व्यक्ति के डिजिटल क्रेडेंशियल्स से समझौता किया गया है और उन्हें आपराधिक गतिविधियों से जोड़ा गया है। दबाव बढ़ाने के लिए उन्होंने उसे 'डिजिटल निगरानी' या 'डिजिटल अरेस्ट' के तहत रखा, जिससे उसकी अन्य




लोगों के साथ बातचीत सीमित हो गई और उसकी गतिविधियों की लगातार निगरानी की गई। 'फंड सत्यापन' और 'मामले के समापन' के बहाने धोखेबाजों ने व्यक्ति को कई लेनदेन से बड़ी राशि ट्रांसफर करने के लिए मनाया। यह मानते हुए कि वह अपने नाम को साफ करने के लिए आधिकारिक प्रक्रियाओं का पालन कर रहा है पीड़ित ने अंततः 1.47 करोड़ रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद ही उसे एहसास हुआ कि वह ठगा गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की साइबर विंग ने कहा कि 'डिजिटल अरेस्ट' पूरी तरह से फर्जी है।

# 14 हजार पुरुष भी ले रहे थे लाडली बहना योजना का लाभ, सीएम फडणवीस ने 80 लाख नाम कटने की बताई वजह

**मुंबई, एजेंसी।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को कहा कि 'मुख्यमंत्री लाडकी बहिन योजना' के 80 लाख लाभार्थियों को इस योजना से बाहर कर दिया गया है। फडणवीस ने कहा, 'जब अलग-अलग डेटाबेस से दस्तावेजों की जांच की गई तो पता चला कि 14,000 लाभार्थी पुरुष थे, पांच लाख सरकारी कर्मचारी थे, 10 लाख आयकर दाता थे और चार-पांच लाख ऐसे लोग थे जिनके घर में कोई वाहन था।' सोमवार को एक मीडिया चैनल को दिए इंटरव्यू में फडणवीस ने कहा कि जब यह योजना शुरू की गई थी तो राज्य सरकार ने पात्रता के लिए कुछ शर्तें तय की थीं, लेकिन 'सेल्फ-सर्टिफिकेशन' (खुद से पुष्टि) की अनुमति दी थी। 'कम्पट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल' (ष्टत्र) ने ही यह सवाल उठाया था कि दस्तावेजों की जांच क्यों नहीं की गई। सीएजी की कड़ी टिप्पणियों के बाद,



राज्य सरकार ने लाभार्थियों से अपने चङ्क्ष्ट विवरण जमा करने को कहा। चङ्क्ष्ट एक अनिवार्य सत्यापन प्रक्रिया है जिसका उपयोग व्यवसाय और वित्तीय संस्थान अपने ग्राहकों की पहचान की पुष्टि करने और संभावित जोखिमों का आकलन करने के लिए करते हैं। यह पहचान की चोरी, वित्तीय धोखाधड़ी और नकली खाते बनाने से रोकता है। मुख्यमंत्री ने कहा, 'कई लोगों ने बार-बार याद दिलाने के बावजूद अपना चङ्क्ष्ट पूरा नहीं किया है। जाहिर है, ऐसा इसलिए है क्योंकि वे पात्रता की शर्तों में से किसी एक में भी फिट नहीं बैठते।' उन्होंने कहा कि सरकार ने 25 लाख ऐसे चङ्क्ष्ट दस्तावेजों को ठीक किया है जिनमें कुछ कमियां थीं। उन्होंने कहा, 'हम उन लोगों से आग्रह करते हैं जिन्होंने अभी तक अपना चङ्क्ष्ट जमा नहीं किया है, वे इसे जल्द से जल्द जमा कर दें। अगर हम अयोग्य लोगों को पैसे देना जारी रखते हैं तो सीएजी निश्चित रूप से हमसे उन पैसों की वसूली करने को कहेगा, जो कि बहुत बुरा होगा। आज हमने यह फैसला लिया है कि जो भी लोग अयोग्य हैं और फिर भी उन्होंने पैसे ले लिए हैं, उन्हें हम एक बार की छूट देंगे। सिवाय पुरुषों के, जिनसे पैसे की वसूली की जाएगी। ' फडणवीस ने आगे कहा कि यह लोगों का पैसा है और इसे केवल नियमों के अनुसार ही खर्च किया जा सकता है। इस योजना के तहत महाराष्ट्र में देश भर में सबसे ज्यादा महिला लाभार्थी हैं। इनकी संख्या अब लगभग 1.7 करोड़ है। अपने सामने मौजूद चुनौतियों के बारे में बात करते हुए फडणवीस ने कहा कि सबसे बड़ी चुनौती जलवायु परिवर्तन और कृषि अर्थव्यवस्था पर इसका प्रभाव है। इस बीच महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने कहा कि सभी प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण योजनाओं में द्गयङ्क्ष्ट प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

## राजा रघुवंशी मर्डर केस: सोनम की जमानत रद कराने मेघालय सरकार पहुंची कोर्ट



**शिलांग, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के बहुचर्चित राजा रघुवंशी हत्या कांड में आरोपित सोनम की जमानत निरस्त कराने मेघालय सरकार ने सोमवार को कोर्ट के समक्ष अपना पक्ष रखा। शासन की ओर से सरकारी वकील ने कोर्ट को बताया कि किन साक्ष्य के आधार पर सोनम व अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी की गई थी। मामले पर अगली सुनवाई तीन जून को होगी, जिसमें सोनम के वकील जमानत आदेश को यथावत रखने के संबंध में अपना पक्ष रखेंगे। बता दें कि इंदौर के राजा रघुवंशी की हत्या शिलांग में हुई थी। मामले में राजा की पत्नी सोनम, उसके कथित प्रेमी राज और तीन अन्य साथियों को मेघालय पुलिस ने गिरफ्तार किया था, लेकिन सोनम को जमानत मिल गई। मेघालय सरकार ने अब हाई कोर्ट में अपील दायर कर सोनम की जमानत निरस्त कराने की मांग की है। जमानत की शर्तों के अनुसार, सोनम फिलहाल शिलांग में ही रह रही है। वहीं राज सहित अन्य तीन आरोपित जेल में हैं।

# चार्जशीट में कर्मियों की लापरवाही को बताया गया प्रमुख कारण

**कोलकाता, एजेंसी।** आरजी कर अस्पताल में हुए चर्चित लिफ्ट हादसे के 72 दिन बाद कोलकाता पुलिस के मुख्यालय लालबाजार ने अदालत में 200 पन्नों की चार्जशीट दाखिल कर दी है। सूत्रों के अनुसार, चार्जशीट में पांच आरोपितों के नाम शामिल हैं और हादसे की भयावह परिस्थितियों का विस्तृत विवरण दिया गया है। यह घटना मार्च 2026 में हुई थी। दमदम निवासी अरूप बंद्योपाध्याय अपने बेटे के इलाज के लिए आरजी कर अस्पताल गए थे। एक समय उनका बेटा शौचालय जाने के लिए निकला, जिसके बाद अरूप अपनी पत्नी और बेटे के साथ लिफ्ट में सवार हुए। इसी दौरान तकनीकी खराबी के कारण लिफ्ट बीच में फंस गई और परिवार काफी देर तक उसके भीतर बंद रहा। पत्नी और बेटा लिफ्ट शाफ्ट में गिर गए, जबकि अरूप लिफ्ट के दरवाजे और दीवार के बीच फंस गए। गंभीर रूप से घायल होने के कारण उनकी मौत हो गई। इस घटना के बाद पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। मृतक के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और संबंधित कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया था। मामला अदालत तक पहुंचा और जांच के दौरान सुरक्षा व्यवस्था तथा लिफ्ट संचालन में गंभीर खामियों की जानकारी सामने आई। जांच में यह आरोप भी सामने आया था कि हादसे के समय लिफ्ट की जिम्मेदारी संभाल रहे कुछ कर्मचारी नशे की हालत में थे,




### गाजियाबाद के एसके होम्स अपार्टमेंट में देर रात लगी आग, दमकल ने परिवार के 4 सदस्यों को बचाया

**गाजियाबाद, एजेंसी।** अवंतिका कॉलोनी फेस-दो स्थित एसके होम्स अपार्टमेंट में सोमवार देर रात तीसरी मंजिल के एक फ्लैट में भीषण आग लग गई। आग और धुएं के बीच फ्लैट में फंसे एक ही परिवार के चार लोगों को दमकल विभाग ने सीढ़ी लगाकर सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हालांकि फ्लैट में मौजूद तीन पालतू कुत्तों की दम घुटने से मौत हो गई। दमकल को हादसे की वजह शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट लग रही है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि सोमवार देर रात करीब तीन बजे कोतवाली फायर स्टेशन को सूचना मिली कि अवंतिका फेस-दो में एक फ्लैट में आग लगी है और उसमें लोग फंसे हुए हैं। सूचना मिलते ही घंटाघर फायर स्टेशन से दो दमकल गाड़ियां मौके के लिए रवाना की गईं। रास्ते में ही फायर विभाग ने फ्लैट में फंसे लोगों से फोन पर संपर्क कर उन्हें बालकनी में सुरक्षित रहने के निर्देश दिए। करीब 3 :20 बजे दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे तो देखा कि प्लाट नंबर-1 स्थित चार मंजिला एसके होम्स इमारत के तीसरे तल पर बने फ्लैट में आग लगी थी। फ्लैट निवासी 52 वर्षीय पवन शर्मा, उनकी पत्नी, बेटा और बेटी धुएं से घिरे बालकनी में मदद का इंतजार कर रहे थे। दमकलकर्मियों ने तुरंत एक्सटेंशन लैडर लगाकर चारों को सुरक्षित नीचे उतारा। इसके बाद दमकल विभाग ने फ्लैट के मुख्य दरवाजे को तोड़कर अंदर प्रवेश किया। दो तरफ से हौज लाइन फैलाकर आग बुझाने का काम शुरू किया गया। आग ड्राइंग रूम और मुख्य दरवाजे के पास सबसे ज्यादा फैली हुई थी। सीएफओ के मुताबिक शुरुआती जांच में शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। आग किचन, स्टोर रूम, ड्राइंग रूम और एक बेडरूम तक फैल गई थी।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### समंदर के रास्ते 'सफेद जहर' की दस्तक

गुजरात के लिए सबसे बड़ी चुनौती उसकी लंबी तटरेखा है और बड़ी संख्या में पंजीकृत छोटे जहाजों और नावों की निगरानी करने के लिए माकूल व्यवस्था का होना बेहद जरूरी है। देश में नशीले पदार्थों का बढ़ता काला कारोबार एक गंभीर समस्या बन गया है। शहरों से लेकर गांवों तक इसका जाल तेजी से फैल रहा है। विदेश से भी बड़े पैमाने पर जमीन और समुद्र के रास्ते नशीले पदार्थों की तस्करी का सिलसिला बदस्तूर जारी है। हाल ही में तटरक्षक बल और गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने संयुक्त अभियान में मुंद्रा तट पर एक जहाज से करीब 1,150 करोड़ रुपए का नशीला पदार्थ जब्त किया है। सवाल है कि गुजरात नशीले पदार्थ का पारगमन केंद्र क्यों बनता जा रहा है?राज्य में पिछले कुछ वर्षों से सुरक्षा बल इस तरह की गतिविधियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रहे हैं। इसके बावजूद अगर समुद्री मार्ग से नशीले पदार्थों की तस्करी पर लगाम नहीं लग पा रही है, तो इसकी क्या वजह हो सकती है। सुरक्षा एजंसियां आखिर उन लोगों तक क्यों नहीं पहुंच पाती हैं, जो इतने बड़े पैमाने पर समुद्री मार्ग से नशीले पदार्थों की तस्करी करते हैं और उसे देश के विभिन्न हिस्सों में पहुंचाते हैं।गौरतलब है कि गुजरात के मुंद्रा तट पर यह पहली बार नहीं है, जब समुद्र के रास्ते लाई गई नशीले पदार्थों की बड़ी खेप पकड़ी गई है। वर्ष 2021 में तो इक्कीस हजार करोड़ रुपए के तीन हजार किलो नशीले पदार्थ यहां जब्त किए गए थे। उस समय यह सबसे बड़ी बरामदगी बताई गई थी। उसके बाद ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि इतनी बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थों की खेप मंगाता कौन है? इसकी व्यापक रूप से जांच किए जाने की जरूरत है, ताकि दोषियों को न्याय के कठघरे में लाया जा सके।गुजरात के लिए सबसे बड़ी चुनौती उसकी लंबी तटरेखा है और बड़ी संख्या में पंजीकृत छोटे जहाजों और नावों की निगरानी करने के लिए माकूल व्यवस्था का होना बेहद जरूरी है। व्यापार और सुरक्षा के लिहाज से यह तटरेखा संवेदनशील है। इसलिए जरूरत इस बात की है कि उन संगठित गिरोहों पर शिकंजा कसा जाए, जो विदेश से तस्करी के जरिए देश में नशे का जाल फैला रहे हैं।

*सन् 1978 में भारतीय सेना ने सोवियत संघ से 500 टी-72, टी-72एम और टी-72एम1 टैंकों का पहला जत्था आयात किया। सीआईए एजेन्ट ने भारत के मीरजाफरों के सहायता से आयातित उपकरणों को प्राप्त करने के लिए तूफानी गति से प्रयास तेज कर दिये। राष्ट्रद्रोही भितरघातियों ने निर्धारित सौदे के तहत अगस्त के अन्तिम सप्ताह में टी-72 टैंक के मैनुअलों से भरा एक बैग कुछ समय के लिए रॉबर्ट बेयर के हवाले कर दिया।*

## सुरक्षा की कीमत पर अभिजात वर्ग का मनोरंजन

(डा. रवीन्द्र अरजरिया)

देश की राजनैतिक मानसिकता पर आज भी गोरों का अहंकार स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है। बाह्य आक्रान्ताओं की तरह सर्वोच्च दिखना अब प्रतिष्ठा का मापदण्ड बन गया है। अंग्रेजी हुकूमत समाप्त होने के बाद भी उन्हें आदर्श मानने वालों की संख्या में निरंतर इजाफा होता जा रहा है। भाषा, पहनावा और क्लब आज भी अपने चमकीले वैभव की दास्तानें गढने में लगे हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्था में भी विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका में अंग्रेजियत हावी है। हकीकत तो यह है कि भारतीय सांस्कृतिक संरचना अब अपने अस्तित्व की लडाई लगभग हार सी चुकी है। आधुनिकता के नाम पर चन्द लोगों ने वर्चस्व कायम कर रखा है। उच्च, मध्यम और निम्न वर्ग के निर्धारण को नियंत्रित करने वाला अभिजात वर्ग अपने धनबल, जनबल और पहुंच बल की दम पर समूचे राष्ट्र को नियंत्रित करने में लगा है। जब-जब इस अभिजान वर्ग को प्रभावित करने के प्रयास हुए तब-तब संवैधानिक अडचनें, दबाव की राजनीति और प्रलोभनों का बाजार गर्म होता रहा। वर्तमान में इसी वर्ग के लोगों का अतिप्रतिष्ठित जिमखाना क्लब चर्चाओं के मध्य में है। इतिहास की माने तो अंग्रेजों ने सन् 1913 में इम्पीरियल दिल्ली जिमखाना क्लब के नाम से इसकी स्थापना की थी। समाज में श्रेष्ठता बोध करवाने वाले इस क्लब को मनोरंजन केन्द्र से कहीं विलायती जीवन शैली का प्रतिष्ठान बना दिया गया था। भारतीय नागरिकों को हीनता की भावना से ग्रसित करने हेतु इस क्लब में प्रवेश नहीं दिया जाता था। बाद में कुछ चाटुकारों को इसका सदस्य बना लिया गया ताकि राष्ट्रीय सम्मान बेचने कर श्रेष्ठ बनने की ललक वाले मीरजाफरों को ही अपनों के विरुद्ध हथियार बनाकर उपयोग किया जा सके। गोरी चालों को स्वाधीनता के मतवालों ने अपने प्राणों की आहुतियों से नस्तनाबूत कर दिया। देश स्वतंत्र हुआ परन्तु कुछ भी नहीं बदला। केवल गोरों के बैठने वाले सिंहासनों पर भूरे लोग बैठ गये। अभिजात वर्ग यथावत शक्तिशाली रहा। जिमखाना जैसे क्लब निरंतर विस्तार पाते चले गये। इन क्लबों में देश के आम नागरिकों का प्रवेश अब भी निषेध है। यहां की सदस्यता हेतु मोटी रकम, लम्बी प्रतीक्षा और पहुंचबल का खुला उपयोग अतिआवश्यक होता है। भारी भरकम बकायादार बने इस क्लब की लीज को सुरक्षा सहित अनेक कारणों से निरस्त करने वाले नोटिस को एक बार फिर कानूनी मकडजाल में फंसाकर अस्तित्वहीन करने की चालें चली जा रहीं हैं। ऐसे में जापान की प्राचीन चित्रात्मक कहावत सी नो ईविल, हियर नो ईविल, स्पीक नो ईविल का संदर्भ एक बार फिर उभर कर सामने आ जाता है। इस चित्र में पहले बंदर का नाम मिज़ारू रखा गया है जो आंखों को बंद रखता है। दूसरे बंदर का नाम किकाज़ारू रखा गया है जो कानों को बंद रखता है और तीसरे बंदर का नाम इवाज़ारू है जो मुंह को बंद रखता है। इसका सांकेतिक अर्थ बुरा मत देखो, बुरा मत सुनो तथा बुरा मत बोलो के रूप में प्रस्तुत किया गया। देश की स्वाधीनता के बाद घोषित किये गये राष्ट्रपिता मोहनदास करमचंद गांधी ने भी अपने राजनैतिक जीवन के पूर्वार्ध में इसी चित्रात्मक कहावत को सत्य, अहिंसा और प्रेम का संदेशवाहक बनाया और प्रसिद्धि के नये मापदण्ड स्थापित किये। इसी कहावत के पहले भाग यानी सी नो इविल के नाम से वर्ष 2002 में संयुक्त राज्य अमेरिका की प्रमुख विदेशी गुप्तचर संस्था सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी यानी सीआईए के पूर्व एजेंट रॉबर्ट बेयर की आत्मकथा प्रकाशित हुई जिसमें जिमखाना क्लब को मीरजाफरों के द्वारा गुप्त दस्तावेजों के आदान-प्रदान के महात्वपूर्ण स्थल के रूप में रेखांकित किया गया है। रॉबर्ट बेयर ने अपनी आत्मकथा में सन् 1970 के दशक की विश्व स्थितियों को विस्तार से बताया है। उस कालखण्ड में यूरोप की धरती पर नाटो और वारसॉ पैक्ट की सेनाएं एक-दूसरे के आमने-सामने खड़ी थीं। शीत युद्ध अपने चरम पर था। सोवियत संघ के हथियारों, उपकरणों तथा विस्फोटकों की तकनीक हासिल करने के लिए पेन्टागन और सीआईए ने एडी-चोटी का जोर लगा दिया था ताकि वह जवाबी कार्यवाही के लिए तैयारी कर सके। सोवियत संघ आमतौर पर भारत को अपने सबसे आधुनिक हथियार बेचता था। सो भारत के मीरजाफरों को चिन्हित करके उनके माध्यम से तकनीक जानकारी हासिल करने के प्रयास किये गये, जो सफल हुए। इस षडयंत्रकारी कार्य को सफलता तक पहुंचने में जिमखाना क्लब के रुतबे ने महात्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। सन् 1978 में भारतीय सेना ने सोवियत संघ से 500 टी-72, टी-72एम और टी-72एम1 टैंकों का पहला जत्था आयात किया। सीआईए एजेन्ट ने भारत के मीरजाफरों के सहायता से आयातित उपकरणों को प्राप्त करने के लिए तूफानी गति से प्रयास तेज कर दिये। राष्ट्रद्रोही भितरघातियों ने निर्धारित सौदे के तहत अगस्त के अन्तिम सप्ताह में टी-72 टैंक के मैनुअलों से भरा एक बैग कुछ समय के लिए रॉबर्ट बेयर के हवाले कर दिया। राबर्ट बेयर के लिए यह यह होली ग्रेल यानी पवित्र प्याला की तरह था, जिसका उपयोग ईसा मसीह ने अपने अंतिम भोज के दौरान किया था। समय अवधि में मेनुअलों से भरा बैग वापिस करना था ताकि देने वाला व्यक्ति अपनी डियूटी समाप्ति के पहले उसे तिजोरी में पुनः रख सके। अमेरिकी दूतावास में जाकर मैनुअल की कापी करने, उसे भितरघाती को वापिस करने तथा भारत की गुप्तचर संस्थाओं से बचकर रहने के जोखिम भरे काम में जिमखाना क्लब ने केन्द्रीय भूमिका का निर्वहन किया। इस क्लब में सीआईए एजेन्ट की कार बेघडक अन्दर चली गई जबकि उसका पीछा करने वाली इंटेलिजेंस ब्यूरो यानी आईबी की गाडियां बाहर ही रुक गईं। टेनिस बैग में मैनुअल से भरा डफल बैग निर्धारित स्थान पर फैंकने के बाद सीआईए एजेन्ट पीछे वाले गेट से क्लब के अन्दर पहुंचा और वहां मौजूद क्लब के एक सम्भ्रान्त सदस्य के साथ बिना वर्फ के डबल स्कॉच के पैग लेने लगा। अमेरिकी दूतावास से मैनुअल की प्रतियां लैंगली स्थित सीआईए मुख्यालय तथा पेंटागन तक पहुंचाई गई। आश्चर्य होता है कि भारत में विदेशी सर्वे, विदेशी सर्वेक्षण तथा विदेशी जानकारियों पर हायतोबा मचाने वालों ने सीआईए के प्रकाशन समीक्षा बोर्ड की अनुमति के बाद सन् 2002 में प्रकाशित अमेरिकी एजेन्ट की इस किताब पर ध्यान ही नहीं दिया और न ही उसमें प्रकाशित तथ्यों को ही जांचने की कोशिश की। वे कौन से कारण हैं जिनके कारण इतने बडे षडयंत्र की तह तक जाने के प्रयासों पर ग्रहण लग गये। जिमखाना क्लब की तर्ज पर ही दिल्ली गोल्फ क्लब, इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, इंडिया हैबिटेट सेंटर जैसी हजारों संस्थायें आज भी स्वाधीन भारत के नागरिकों को उनकी लाचारी का अहसास कराती प्रतीत हो रहीं हैं। ऐसे में क्लब के उपयोग, उसके तंत्र की संरचना और अभिजात वर्ग की एकतरफा मानसिकता से आम नागरिक हीनभावना, अभावबोध और अघोषित गुलाम जैसी स्थिति में पहुंच चुका है। आवश्यकता है तो समय रहते उच्च, मध्यम और निम्न वर्ग के मध्य परजीवी बने अभिजात वर्ग की कलुषित सोच को जड़ मूल से उखाड फैंकने की अन्यथा गरीब की झुग्गी पर चलने वाला बुलडोजर इस तरह के अभिजात वर्ग के बकायादार क्लब की तरफ कभी नहीं मुड सकेगा।

### मशीनों के भरोसे जीवन, लेकिन भरोसे की सुरक्षा कौन करेगा?

भीषण गर्मी में बढ़ता एसी का उपयोग जहां राहत देता है, वहीं तकनीकी खामी और लापरवाही इसे गंभीर खतरे में भी बदल सकती है। इसमें दोराय नहीं कि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विकास ने मानव जीवन की राह को आसान बना दिया है। मगर तकनीक तभी सुविधाजनक होती है, जब उसे कौशल, संवेदनशीलता और सतर्कता के दायरे में रखा जाए। जरा-सी लापरवाही पर यह सुविधा कब जोखिम में बदल जाए, इसका आभास भी नहीं हो पाता है। बीते बुधवार की रात को दिल्ली के हौजखास इलाके में ऐसी ही एक घटना सामने आई, जिसमें एयर कंडीशनर यानी एसी में विस्फोट से लगी आग की वजह से सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी धनेंद्र कुमार की जान चली गई।वह भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के प्रथम अध्यक्ष थे। एसी में विस्फोट किन कारणों से हुआ, यह तो जांच के बाद ही पता चल पाएगा, लेकिन सवाल है कि जिन उपकरणों को घरों में सुविधा के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है, उनमें तकनीकी खराबी से पैदा होने वाले खतरे से सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी है? क्या ऐसी घटनाओं में जवाबदेही तय किए जाने की जरूरत नहीं है?गौरतलब है कि हर साल गर्मी में एयर कंडीशनर की वजह से हादसों का सिलसिला शुरू हो जाता है। पिछले एक माह में देश भर में एसी में विस्फोट या आग लगने से मौत की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। निस्संदेह इस तरह के उपकरणों का इस्तेमाल करते समय लोगों को भी सावधानी बरतनी चाहिए। खासकर एसी के मामले में ज्यादा सतर्कता की जरूरत होती है, क्योंकि इससे और भी कई तरह के जोखिम होते हैं। मसलन, बहुत ठंडे कमरे से अचानक तेज गर्मी में जाने से शरीर का तापमान बदल जाता है, जिससे मस्तिष्काघात का खतरा बढ़ जाता है। एयर कंडीशनर कमरे की नमी को सोख लेता है, जिससे सांस और त्वचा संबंधी विकार पैदा हो सकते हैं। यही नहीं, इस उपकरण से गैस का रिसाव होने पर बंद कमरे में दम घुटने जैसी जानलेवा स्थिति पैदा हो सकती है।

## देश में अब जीवन, श्रम और बुनियादी ढांचे को एक साथ चुनौती दे रही है गर्मी

(शालू अग्रवाल)

गर्मी लोगों के जीवन, आजीविका और बुनियादी ढांचे के सभी पहलुओं को प्रभावित कर रही है। अब तक ग्यारह से अधिक राज्य इसे राज्य आपदा घोषित कर चुके हैं। सोलहवें वित्त आयोग ने भी लू को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने का सुझाव दिया है। इस समय उत्तर और मध्य भारत का एक बड़ा हिस्सा भीषण लू की चपेट में है। कई जगहों पर तापमान 44-46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है। भारत जैसे देश के लिए गर्मी कोई नई बात नहीं है, लेकिन इसके साथ हमारा रिश्ता अब बदल रहा है। ऐसा इसलिए है कि इंसानों ने वैश्विक जलवायु को बदल दिया है। बीते दस साल पूरी दुनिया में अब तक के सबसे गर्म साल रहे हैं। हमने अपने आसपास की जलवायु को भी बदल दिया है। हमने अपने घर और शहर बनाने का तरीका, अपनी जीवनशैली और प्रकृति के साथ अपने रिश्ते को भी बदल दिया है। इसकी वजह से बढ़ती गर्मी के हिसाब से खुद को ढालना अब हमारे लिए और भी मुश्किल हो गया है। असल में गर्मी कितनी बढ़ी है, यह जानने के लिए 1981-2024 के जलवायु आंकड़ों का अध्ययन किया गया, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता मंच 'क्रेविस' पर उपलब्ध है। इसमें कुछ चौंकाने वाले नतीजे सामने आए। पहला, प्रत्येक चार में से तीन भारतीय ऐसे राज्यों में रहते हैं, जहां हर साल भीषण गर्मी का खतरा बना रहता है। दूसरा, बहुत अधिक गर्म दिनों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन बहुत अधिक गर्म रातों की संख्या इससे भी अधिक तेजी से बढ़ रही है। यह खासतौर पर घनी आबादी वाले जिलों और शहरी क्षेत्रों में देखा जा रहा है। वर्ष 2010 में दिल्ली में जहां हर साल सोलह बहुत गर्म रातें होती थीं, वहीं उच्च उत्सर्जन की स्थिति में वर्ष 2050 तक इनकी संख्या बढ़कर प्रतिवर्ष इक्यावन हो सकती है। इसका इंसान के स्वास्थ्य पर बहुत गंभीर प्रभाव पड़ता है। शरीर और शहर, दोनों को रात के वक्त दिन की गर्मी से राहत नहीं मिल पाती है। इससे वातानुकूलन या ठंडक देने वाली सुविधाओं के बगैर कम हवादार इमारतों में रहने या इनमें काम करने वाले लोगों पर सबसे ज्यादा असर डालता है। तीसरा, गर्मी के मौसम में उमस (आर्द्रता) बढ़ रही है। ऐसा उत्तर भारत और सिंधु-गंगा के मैदानी इलाकों में विशेष रूप से देखा जा रहा है। गर्मी लोगों के जीवन, आजीविका और बुनियादी ढांचे के सभी पहलुओं को प्रभावित कर रही है। अब तक ग्यारह से अधिक राज्य इसे राज्य आपदा घोषित कर चुके हैं। सोलहवें वित्त आयोग ने भी लू को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने का सुझाव दिया है। इस 'मूक आपदा' का प्रभावी तरीके से सामना करने में चार कदम उपयोगी साबित हो सकते हैं। सबसे पहले, शहरी प्रशासकों को गर्मी का सामना करने के लिए स्थानीय स्तर पर योजनाएं बनानी होंगी। गर्मी का असर सभी जगहों पर एक जैसा नहीं होता है। यह स्थानीय भौगोलिक परिस्थितियों और सामाजिक-आर्थिक और बुनियादी ढांचे की स्थितियों के अनुसार अलग-अलग होता है।

### सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6111

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 5 | | | 3 | 2 | 1 | |
| 7 | | | | | | 5 | | 9 |
| 2 | 8 | | 6 | 9 | | | | 4 |
| | | | | | | | 7 | |
| | | | 2 | 1 | 8 | | | |
| | 5 | | | | | | | |
| 1 | | | | 4 | 2 | | 8 | 5 |
| 9 | | 8 | | | | | | 7 |
| | 4 | 6 | 3 | | | 1 | 9 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6110

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 6 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 5 | 6 | 8 | 1 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 5 | 6 | 8 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 2 | 1 | 8 | 7 | 5 | 9 |
| 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 | 2 | 4 |
| 7 | 3 | 8 | 1 | 6 | 4 | 2 | 9 | 5 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 9 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 |

## आज का राशिफल

### मेष

आज आपका आत्मविश्वास बढ़ सकता है। नौकरी में नए अवसर मिल सकते हैं। सिद्ध योग आपके अधूरे कार्यों को पूरा कराने में मदद करेगा। परिवार में खुशियों का माहौल रहने के संकेत हैं। विद्यार्थियों को सफलता मिल सकती है। प्रेम संबंधों में मधुरता आ सकती है। आज कार्यक्षेत्र में मेहनत का पूरा फल मिल सकता है।

### वृष

आज आर्थिक मामलों में लाभ मिलने के संकेत हैं। सिद्ध योग व्यापार में नई डील दिला सकता है। मानसिक तनाव कम करेगा। परिवार के किसी सदस्य से शुभ समाचार मिल सकता है। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। आज कार्यक्षेत्र में मेहनत का पूरा फल मिल सकता है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। सिद्ध योग आर्थिक मामलों में सफलता दिला सकता है।

### मिथुन

आज का दिन सफलता दिलाने वाला साबित हो सकता है। सिद्ध योग से कार्यक्षेत्र में सम्मान बढ़ सकता है। आज आपके आत्मबल मजबूत रहेगा। निवेश से लाभ मिल सकता है। परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

### तुला

आज का दिन शुभ साबित हो सकता है। सिद्ध योग से व्यापार में लाभ मिलने के संकेत हैं। आज आर्थिक मामलों में लाभ मिलने के संकेत हैं। सिद्ध योग व्यापार में नई डील दिला सकता है। जीवनसाथी का सहयोग मिलने के संकेत हैं। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। यात्रा लाभदायक रह सकती हैं।

### वृश्चिक

आज कार्यक्षेत्र में मेहनत का पूरा फल मिल सकता है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। सिद्ध योग आर्थिक मामलों में सफलता दिला सकता है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। आज आर्थिक मामलों में लाभ मिलने के संकेत हैं। सिद्ध योग व्यापार में नई डील दिला सकता है। आज का दिन मानसिक शांति देगा।

### धनु

आज करियर में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। आज का दिन आपकी निर्णय क्षमता को मजबूत कर सकता है। सिद्ध योग से प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलने के योग हैं। आर्थिक स्थिति बेहतर हो सकती है। रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी। आज कार्यक्षेत्र में मेहनत का पूरा फल मिल सकता है। आत्मविश्वास बढ़ेगा।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक रह सकता है। करियर में उन्नति के संकेत दे रहा है। आपकी इच्छाशक्ति के प्रभाव से रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं। दांपत्य जीवन में सामंजस्य बना रहेगा। यात्रा के योग बन सकते हैं। आज कार्यक्षेत्र में मेहनत का पूरा फल मिल सकता है। आत्मविश्वास बढ़ेगा।

### सिंह

आज नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। करियर में सफलता में योग हैं , आत्मबल बढ़ेगा,दांपत्य जीवन सुखद रहने के योग हैं। विद्यार्थियों के लिए दिन अनुकूल साबित हो सकता है। आज कार्यक्षेत्र में मेहनत का पूरा फल मिल सकता है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। सिद्ध योग आर्थिक मामलों में सफलता दिला सकता है।

### कन्या

आज भावनाओं पर नियंत्रण रखना जरूरी होगा। आज का दिन आपको आध्यात्मिक कार्यों की ओर आकर्षित कर सकता है। सिद्ध योग धन लाभ के अवसर दे सकता है। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों का सहयोग मिलने के संकेत हैं। सेहत का ध्यान रखें।

### मकर

आज का दिन भाग्य का साथ दिलाने वाला रहेगा। सिद्ध योग से रुके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं। आज कार्यक्षेत्र में मेहनत का पूरा फल मिल सकता है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। सिद्ध योग आर्थिक मामलों में सफलता दिला सकता है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

### कुंभ

आज सावधानी से काम लेने की जरूरत है। आज कार्यक्षेत्र में मेहनत का पूरा फल मिल सकता है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। सिद्ध योग आर्थिक मामलों में सफलता दिला सकता है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। मानसिक संतुलन बनाए रखने में मदद करेगा। आर्थिक लाभ मिलने की संभावना है। परिवार के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। सेहत को लेकर लापरवाही न करें।

### मीन

आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। मानसिक शांति मिल सकती है। सिद्ध योग धन लाभ और कार्यों में सफलता दिला सकता है। परिवार का सहयोग मिलेगा। धार्मिक यात्रा के योग बन सकते हैं। आज कार्यक्षेत्र में मेहनत का पूरा फल मिल सकता है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। सिद्ध योग आर्थिक मामलों में सफलता दिला सकता है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

### वर्ग पहेली 6111

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 | ■ |
| 7 | | | ■ | 8 | | | ■ |
| | ■ | ■ | 9 | | ■ | 10 | 11 |
| 12 | 13 | 14 | ■ | 15 | 16 | ■ | |
| ■ | 17 | | 18 | ■ | | ■ | |
| 19 | | ■ | 20 | | | 21 | |
| 22 | | ■ | | ■ | 23 | | ■ |
| | ■ | 24 | | ■ | | ■ | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 2002 को इस देश के नरेश ज्ञानेंद्र लोकेन्द्र बहादुर को प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया (3)
4. भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 11 अक्टूबर 2008 को इस स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर कश्मीर घाटी में चलने वाली पहली रेलगाड़ी को रवाना किया (7)
7. धातु आदि से बना हुआ मिट्टी का बना टोंटीदार लोटा (3)
8. हिंदी के बारह महिनों में से एक (3)
9. प्रसन्न, खुश, हर्षित (उर्दू)(2)
10. जनता, कबीला, जाति (2)
12. कलिंद पर्वत से निकलने के कारण इस दनी का एक नाम कालिंदी भी है (3)
15. जले या फटे हुए कपड़े को धागे भरकर बराबर करना (2)
17. वैश्वांतर दानव की चार पुत्रियों में एक पुत्री (3)
19. तर्क-वितर्क, मुकदमा, अभियोग (2)
20. आंख का पर्दा, पलक (5)
22. कश, बल, एक बार सांस लेने का समय (3)
23. अतिकाल, विलंब (2)
24. हमारा राष्ट्रीय पक्षी, मयूर (2)

**ऊपर से नीचे**

1. सुपरामर्श, नेक सलाह, सदुपदेश (4)
2. वस्तु, आदि का दूसरा किनारा (2)
3. खील, भुना धान, लाई (2)
4. नीरिद, विदारक, एक रासायनिक तत्व (4)
5. ग्राम, देहात, मौजा (2)
6. वन में उत्पन्न वस्तु (3)
11. चुहलबाज, चंचल, खुराफाती (4)
13. दलनायक, श्रमिक अध्यक्ष, गणाधिपति (4)
14. लोहे का अर्धचंद्राकार टुकड़ा (2)
16. भूतपूर्व दस्यु सुंदरी जो तेरहवी लोकसभा में मिर्जापुर लोकसभा से सांसद रही (5)
18. उत्तरप्रदेश का गंगातट पर बसा एक शहर (4)
19. साज बजाने वाला, साजिंदा (2)
21. किंतु, परंतु, पंख, लेकिन (2)

### वर्ग पहेली 6110 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फि | जी | ■ | रे | खा | ■ | ब | ल |
| रो | जी | ■ | वा | स | व | द | त्ता |
| जा | ■ | जै | ■ | तौ | ही | न | ■ |
| बा | ला | ■ | शा | र | दा | ■ | आ |
| द | ल | ना | ■ | से | र | ■ | च |
| ■ | कि | न | को | ■ | ह | की | म |
| मा | ला | ■ | ह | ■ | मा | ■ | न |
| द्री | ■ | प | रा | ■ | न | दी | ■ |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009


बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


# वैभव सूर्यवंशी बेस्ट ओपनर

## कौन बेस्ट फिनिशर- IPL 2026 के लिए दिग्गज ने किया सर्वश्रेष्ठ पारी, स्पिनर, पेसर, बैटर का चयन






**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 के बाद अब क्रिकेट जगत के दिग्गज अपना-अपना विश्लेषण बता रहे हैं। इसी कड़ी में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ओपनर और दिग्गज कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने कई मायनों में बेस्ट खिलाड़ियों का चयन किया है। उन्होंने बेस्ट ओपनर, बेस्ट फिनिशर, बेस्ट पारी, बेस्ट बॉलर समेत कई कैटेगरी में खिलाड़ी चुने हैं। वैभव सूर्यवंशी को बेस्ट ओपनर और राजस्थान के ही एक खिलाड़ी को उन्होंने बेस्ट फिनिशर के तौर पर चुना है। आकाश चोपड़ा ने एक्स हैंडल पर मंगलवार (2 जून 2026) की सुबह एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में उन्होंने आईपीएल 2026 में शानदार खेल दिखाने वाले खिलाड़ियों का अलग-अलग कैटेगरी के आधार पर चयन किया। उन्होंने बेस्ट पारी, बेस्ट ओपनर, बेस्ट बॉलिंग स्पेल, बेस्ट मिडिल ऑर्डर बैटर, बेस्ट फिनिशर, बेस्ट फास्ट बॉलर और बेस्ट स्पिन बॉलर चुने।

- **बेस्ट पारी-** आकाश चोपड़ा ने केएल राहुल की 67 गेंद पर नाबाद 152 रन की पारी को इस सीजन की बेस्ट इनिंग बताया। आईपीएल इतिहास में यह किसी भारतीय खिलाड़ी का सबसे बड़ा स्कोर भी रहा। वह आईपीएल में 150 का आंकड़ा पार करने वाले पहले भारतीय थे। उन्होंने कहा विराट, शुभमन और वैभव की कई पारियां थीं लेकिन बेस्ट पारी राहुल की थी।
- **बेस्ट बॉलिंग स्पेल-** भारतीय दिग्गज ने मोहसिन खान के राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खोले गए पंजे को बेस्ट बॉलिंग स्पेल बताया। उन्होंने कहा कि भुवी और हेजलवुड के भी कई शानदार स्पेल थे, लेकिन पांच विकेट को उन्होंने आईपीएल मैच में तवज्जो दी। लखनऊ सुपर जायंट्स के मोहसिन ने राजस्थान के खिलाफ लीग मैच में 4 ओवर में 23 रन देकर 5 विकेट लिए थे।
- **बेस्ट ओपनर-** वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 में 776 रन बनाकर ऑरेंज कैप अपने नाम की। वह पूरे सीजन अपनी बल्लेबाजी से सुर्खियां बटोरते रहे। उन्होंने एक सीजन में रिकॉर्ड 72 छक्के भी लगाए। इसी कारण आकाश चोपड़ा ने बिना किसी सस्पेंस के वैभव को सीजन का बेस्ट ओपनर चुना।
- **बेस्ट मिडिल ऑर्डर बैटर-** सनराइजर्स हैदराबाद के लिए आईपीएल 2026 में 624 रन बनाने वाले स्टार खिलाड़ी हेनरिक क्लासेन को आकाश ने सीजन का बेस्ट मिडिल ऑर्डर बैटर चुना है। क्लासेन ने पूरे सीजन हैदराबाद के मिडिल ऑर्डर का बोझ संभाला है। चोपड़ा ने कहा, रजत पाटीदार, श्रेयस अय्यर भी रेस में थे लेकिन हेनरिक क्लासेन ही बेस्ट रहेंगे।
- **बेस्ट फिनिशर-** आकाश चोपड़ा ने राजस्थान रॉयल्स के डोनोवन फरेरा को आईपीएल 2026 का बेस्ट फिनिशर चुना। उनका स्ट्राइक रेट करीब 180 का रहा। उन्होंने क्वालिफायर 2 में भी 11 गेंद पर 38 रन बनाकर स्कोर 200 पार पहुंचाया था। यही कारण है कि उनकी शानदार हिटिंग एबिलिटी की वजह से फरेरा को चोपड़ा ने सीजन का बेस्ट फिनिशर बताया।
- **बेस्ट फास्ट बॉलर-** भुवनेश्वर कुमार 28 विकेट लेकर इस सीजन सबका दिल जीतने में कामयाब रहे। वह एक विकेट से पर्पल कैप से पीछे रहे लेकिन उन्होंने बेहतरीन इकॉनमी से गेंदबाजी की। आकाश चोपड़ा ने उन्हें सीजन का बेस्ट पेसर चुना और कहा कि उन्होंने अलग-अलग फेज में अलग-अलग मैदानों पर गेंदबाजी करके विकेट लिए और किफायती रहे।
- **बेस्ट स्पिन बॉलर-** आकाश चोपड़ा ने अपने खास सेलेक्शन की इस आखिरी कैटेगरी में राशिद खान को सीजन का बेस्ट स्पिनर चुना। राशिद ने पूरे आईपीएल 2026 में 17 मैचों में 21 विकेट अपने नाम किए। वह टॉप 10 में एकमात्र स्पिनर रहे जिसने सबसे ज्यादा विकेट इस सीजन रहे। यही कारण है कि भारतीय कमेंटेटर ने भी उन्हें सीजन का बेस्ट स्पिनर चुना।

# 2027 में पहला मैच नहीं खेल पाएंगे टिम डेविड

### फाइनल में अंपायर नितिन मेनन की ओर फेंका था आईस बैग




**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाड़ी टिम डेविड पर रविवार (31 मई) को गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के फाइनल में आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के लेवल 1 को तोड़ने के लिए मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। उन्हें दो डिमेरिट अंक भी मिले। डेविड पर जुर्माना इसलिए लगाया गया क्योंकि उन्होंने पहली पारी के 10वें ओवर के दौरान अंपायर नितिन मेनन की तरफ गुस्से में आइस बैग फेंका था।

आईपीएल ने कहा, 'रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बल्लेबाज टिम डेविड पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और आईपीएल आचार संहित के लेवल 1 को तोड़ने के लिए दो डिमेरिट अंक भी दिए गए हैं। डेविड को आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2.9 को तोड़ने का दोषी पाया गया, जो मैच के दौरान किसी खिलाड़ी, टीम ऑफिशियल, अंपायर, मैच रेफरी या किसी अन्य व्यक्ति पर या उसके पास गलत या खतरनाक तरीके से गेंद या कोई दूसरा सामान जैसे पानी की बोतलफेंकने से जुड़ा है।'

**डेविड दो बार और कर चुके हैं लेवल 1 का उल्लंघन-** डेविड के आईपीएल 2026 में पांच डिमेरिट अंक हो गए। इसके कारण वह इंडियन प्रीमियर लीग 2027 के पहले मैच में नहीं खेल पाएंगे। डेविड ने इस सीजन तीसरी बार लेवल 1 का उल्लंघन किया। उन्होंने पहली बार मैच 20 (एक डिमेरिट अंक) में और दूसरी बार मैच 54 (दो डिमेरिट अंक) में लेवल 1 का उल्लंघन किया था।

# फीफा को भारत में मिला ब्रॉडकास्टर

### जी को मिले फुटबॉल विश्व कप 2026 से 2034 तक कई बड़े टूर्नामेंटों के राइट्स

**नई दिल्ली।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 को टूर्नामेंट शुरू होने से ठीक एक हफ्ते पहले भारत में प्रसारणकर्ता मिल गया है। जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने सोमवार (1 जून) को कहा कि उसने फीफा के साथ करार किया। इसके तहत वह 39 वैश्विक फुटबॉल टूर्नामेंट का प्रसारण करेगा। इसमें इस साल का वर्ल्ड कप, 2027 महिला वर्ल्ड कप और 2030 वर्ल्ड कप भी शामिल है। फुटबॉल मैच जी के नए लॉन्च हुए यूनाइट8 स्पोर्ट्स चैनेल यूनाइट8 स्पोर्ट्स 1, यूनाइट8 स्पोर्ट्स 1 HD, यूनाइट8 स्पोर्ट्स 2 और यूनाइट8 स्पोर्ट्स 2 ।।8 पर दिखाए जाएंगे और जी5 पर स्ट्रीम किए जाएंगे। माना जा रहा है कि इस डील की कीमत लगभग 35 मिलियन अमेरिकी डॉलर (332 करोड़ रुपये) है।

**फ्रेंच ओपन 2026**

# माटेओ अर्नाल्डी ने बनाई क्वार्टर फाइनल में जगह

### ● कड़े मुकाबले में टियाफो को दी मात



**पेरिस।** माटेओ अर्नाल्डी ने फ्रेंच ओपन 2026 के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बना ली है। पांच सेट तक चले मुकाबले में अर्नाल्डी ने फ्रांसिस टियाफो को हराकर पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल का टिकट हासिल किया। 25 साल वर्षीय खिलाड़ी ने मंगलवार को 19वें नंबर के अमेरिकी खिलाड़ी को 7-6(5), 6-7(5), 3-6, 7-6(3), 6-4 से हराया। यह रोमांचक मुकाबला पांच घंटे 26 मिनट तक चला। इटली के खिलाड़ी ने फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने में कुल 17 घंटे 42 मिनट का समय लगाया है। यह 1991 से अब तक के रिकॉर्ड के अनुसार किसी भी ग्रैंड स्लैम में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने का सबसे लंबा समय है।

यह पिछले रिकॉर्ड से लगभग 1 घंटा 58 मिनट ज्यादा है। दोनों खिलाड़ियों ने पहले सेट में बराबरी की, लेकिन इसके बाद अमेरिकी खिलाड़ी टियाफो ने बेहतरीन खेल खेलते हुए अपनी क्षमता दिखाई। उन्होंने चौथे सेट में 4-1 की बढ़त बना ली और ऐसा लग रहा था कि वह लगातार दूसरे साल फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच जाएंगे। टाईब्रेक में 25 साल के टियाफो ने आक्रामक खेल दिखाया और कई तेज और रोमांचक रैलियों में बढ़त बनाई। हालांकि, अर्नाल्डी ने भी शानदार वापसी की, उन्होंने हवा में कूदकर एक जोरदार बैकहैंड मारा और कुछ ही देर बाद निर्णायक अंक जीत लिया।

इस समय अर्नाल्डी पूरी तरह लय में थे और अपने शानदार ग्राउंडस्ट्रोक्स की मदद से उन्होंने 4-2 की बढ़त बना ली। हालांकि, टियाफो ने हार नहीं मानी और एक दमदार फोरहैंड लगाकर स्कोर 4-4 से बराबर कर दिया। रोमांचक मुकाबले के दौरान एक ही रैली में टियाफो दो बार गिर भी पड़े। इसके बाद अर्नाल्डी ने फिर से अपना नियंत्रण वापस पाया और आखिर में अपने तीसरे मैच पॉइंट को जीत में बदलकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।

# सबालेंका ने बनाई चौथे राउंड में जगह

### रोमांचक मैच में ओसाका को हराया



**पेरिस।** एरिना सबालेंका ने रोलैंड गैरोस (फ्रेंच ओपन 2026) में चौथे राउंड के रोमांचक मैच में नाओमी ओसाका को 7-5, 6-3 से हराकर लगातार 14वें ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। महिला ड्रॉ में सबालेंका अकेली ऐसी खिलाड़ी बची हैं जिन्होंने मेजर फाइनल खेला है। सबालेंका का अब सामना 25वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी डायना श्नाइडर से होगा, जिन्होंने 19वीं वरीयता प्राप्त मैडिसन कीज को तीन सेट में हराकर अपने करियर के पहले ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। ओसाका ने मैच की शानदार शुरुआत की और पहले दो गेम जीत लिए। दूसरी ओर, सबालेंका शुरू से ही संघर्ष करती नजर आईं। उन्होंने पांच ऐसी गलतियां कीं जो बिना दबाव के हुईं, जिनमें एक डबल फॉल्ट भी शामिल था। यह डबल फॉल्ट ब्रेक पॉइंट पर हुआ, जिससे ओसाका को शुरुआती बढ़त बनाने में मदद मिली।

शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी सबालेंका ने खराब शुरुआत के बाद शानदार वापसी की। उन्होंने दो शानदार फोरहैंड विनर लगाए और तुरंत ब्रेक की भरपाई कर ली। इसके बाद उन्होंने पूरे मैच में अपनी सर्विस मजबूत रखी। डब्ल्यूटीए की रिपोर्ट के अनुसार, मैच के बाकी हिस्से में उन्हें एक भी ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं करना पड़ा और उनके सर्विस गेम शायद ही कभी ड्यूस तक पहुंचे।

**आईसीसी बैठक में हुआ फैसला**

# टेस्ट में गुलाबी गेंद के इस्तेमाल को मंजूरी

### ● 'ड्रिंक्स ब्रेक' के दौरान मैदान पर जा सकेंगे कोच



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के बोर्ड ने खराब रोशनी के कारण खेल प्रभावित होने की स्थिति में टेस्ट मैचों में परीक्षण के आधार पर गुलाबी गेंद के इस्तेमाल और 'ड्रिंक्स ब्रेक' के दौरान मुख्य कोच को मैदान पर जाकर खिलाड़ियों से चर्चा करने की अनुमति देने जैसे कई महत्वपूर्ण बदलावों को अपनी वार्षिक बैठक में मंजूरी दे दी।

अहमदाबाद में आयोजित दो दिवसीय बैठक में आईसीसी बोर्ड ने भ्रष्टाचार और प्रशासनिक अनियमितताओं के आरोपों के चलते क्रिकेट कनाडा की सदस्यता तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का भी फैसला किया। इसके साथ ही बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के चुनावों की निगरानी के लिए आईसीसी के वरिष्ठ अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**क्या भारतीय टीम व्यवस्था स्वीकार करेगी-** मौजूदा नियमों के तहत एक दिन में 90 ओवर फेंके जाते हैं। उदाहरण के तौर पर अगर 75 ओवर लाल गेंद से खेले जाने के बाद रोशनी कम हो जाए और 15 ओवर बाकी हों, तो दोनों टीमों की पूर्व सहमति होने पर उन ओवरों को दुधिया रोशनी में गुलाबी गेंद से पूरा कराया जा सकेगा।

### फ्लडलाइट्स की मदद से गुलाबी गेंद का इस्तेमाल

आईसीसी के बयान के अनुसार, 'दोनों टीमों की पूर्व सहमति से टेस्ट मैचों में गुलाबी गेंद के इस्तेमाल का परीक्षण किया जाएगा, ताकि खराब रोशनी की आशंका होने पर अधिक से अधिक खेल संभव हो सके।' समझा जाता है कि मैच की शुरुआत पारंपरिक लाल गेंद से होगी, लेकिन यदि रोशनी कम हो जाती है तो फ्लडलाइट्स की मदद से गुलाबी गेंद का इस्तेमाल कर उन ओवरों को पूरा कराया जा सकेगा जो कम रोशनी के कारण प्रभावित होने वाली होगी।

- **गुलाबी गेंद से खेलने की अनिच्छा-** भारतीय खिलाड़ी घरेलू परिस्थितियों में गुलाबी गेंद से टेस्ट खेलने को लेकर पहले भी अनिच्छा जता चुके हैं। गुलाबी गेंद से सीम मूवमेंट अधिक मिलने के कारण मैच का रुख बदल सकता है। आईसीसी बोर्ड ने खराब रोशनी के कारण खेल का नुकसान कम करने के लिए मैच अधिकारियों और मैदानों में प्रकाश व्यवस्था से जुड़ी नई तकनीकों पर शोध को भी मंजूरी दी है। इस अनुसंधान एवं विकास परियोजना को आईसीसी और मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) संयुक्त रूप से वित्तपोषित करेंगे।
- **ड्रिंक्स ब्रेक' के दौरान मैदान पर जा सकते हैं कोच-** आईसीसी ने खेल नियमों में संशोधन करते हुए मुख्य कोच या उनके प्रतिनिधियों को निर्धारित 'ड्रिंक्स ब्रेक' के दौरान मैदान पर जाकर खिलाड़ियों से रणनीतिक चर्चा करने की अनुमति दे दी है। टी20 क्रिकेट में रणनीतिक टाइम आउट के दौरान कोचिंग स्टाफ के मैदान पर आने की व्यवस्था पहले से लागू है और अब इसी तरह की सुविधा टेस्ट क्रिकेट में भी उपलब्ध होगी। इसके अलावा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 15 मिनट के अनिवार्य अंतराल तथा खेल दोबारा शुरू होने पर बल्लेबाजों के तैयार रहने से जुड़े नियमों को भी मंजूरी दी गई है।

# आईपीएल-2026 के बाद भारतीय टीम का शेड्यूल

### ● आयरलैंड, इंग्लैंड, जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड का करेगी दौरा




**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुजरात टाइटंस को रविवार (31 मई) को हराकर लगातार दूसरा खिताब जीता और दो महीने से चल रहा इंडियन प्रीमियर लीग 2026 (आईपीएल2026) समाप्त हो गया। सिर्फ एक हफ्ते के अंदर भारतीय टीम मैदान पर दिखाई देगी। भारत को 6 से 20 जून के बीच अफगानिस्तान के खिलाफ एक टेस्ट और तीन वनडे मैच खेलेगा। न्यू चंडीगढ़ में खेला जाने वाला टेस्ट मैच वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप साइकल का हिस्सा नहीं होगा।

इसके बाद मेन इन ब्लू यूरोप के लिए उड़ान भरेंगे, जहां वह आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ सात टी20 और तीन वनडे मैच खेलेंगे। श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैच अगस्त में होने हैं, यह सीरीज डब्ल्यूटीसी का हिस्सा होगी। हालांकि, शेड्यूल अभी जारी नहीं किया गया है।

# 44 की उम्र में वापसी को तैयार सेरेना

### ● चार वर्ष तक खेल से रहीं दूर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका की दिग्गज सेरेना विलियम्स लगभग चार वर्ष तक खेल से दूर रहने के बाद 44 साल की उम्र में आगामी क्वीन्स क्लब टूर्नामेंट से पेशेवर टेनिस में वापसी करेंगी। 23 बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन सेरेना इस ग्रास कोर्ट टूर्नामेंट में युगल वर्ग के जरिए प्रतिस्पर्धी टेनिस में वापसी करेंगी। डब्ल्यूटीए ने सोमवार को घोषणा की कि सेरेना ने टूर्नामेंट में खेलने के लिए वाइल्ड कार्ड स्वीकार कर लिया है। क्वीन्स क्लब टूर्नामेंट अगले सोमवार (8 जून) से शुरू होगा। हालांकि सेरेना के युगल जोड़ीदार के नाम की घोषणा अभी नहीं की गई है। सेरेना ने पिछली बार 2022 यूएस ओपन में प्रतिस्पर्धी मुकाबला खेला था। उस समय उन्होंने टेनिस को अलविदा कहने की बात तो की थी, लेकिन 'संन्यास' शब्द का इस्तेमाल करने से बचते हुए कहा था कि वह टेनिस से आगे बढ़ रही हैं। सेरेना 23 ग्रैंड स्लैम एकल खिताबों के अलावा 14 ग्रैंड स्लैम युगल खिताब भी जीत चुकी हैं।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### नाली निर्माण नहीं होने से सड़क बनी नरक, राहगीरों और स्थानीय लोगों की बढ़ी परेशानी

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** सदर प्रखंड की बेला पंचायत के वार्ड संख्या-7 स्थित भास्कर नगर में सूर्य मंदिर के सामने नाली निर्माण नहीं होने के कारण मुख्य सड़क की स्थिति अत्यंत खराब हो गई है। घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे क्षेत्र में नारकीय हालात उत्पन्न हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि व्यवस्थित तरीके से नाली का निर्माण नहीं होने और कई घरों के पास जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं रहने के कारण घरेलू उपयोग का पानी सीधे सड़क पर बहने को मजबूर है। इसके चलते सड़क पर जलजमाव और कीचड़ की समस्या लगातार बनी रहती है। ग्रामीणों के अनुसार, समस्या को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। लोगों का कहना है कि आखिर वे अपनी समस्या लेकर किसके पास जाएं और उनकी शिकायत कौन सुने। सड़क पर गंदा पानी बहने से राहगीरों, स्कूली बच्चों और स्थानीय निवासियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

### हनुमान जी के 15वें स्थापना दिवस पर अखंड कीर्तन संपन्न

**ओबरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** जिले के ओबरा प्रखंड के मखरा गांव में भगवान हनुमान जी का 15वां स्थापना दिवस श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित 24 घंटे का अखंड कीर्तन मंगलवार को संपन्न हुआ, जिसमें गांव और आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। ग्रामीणों के सहयोग से कई वर्ष पूर्व स्थापित हनुमान जी की प्रतिमा का स्थापना दिवस हर साल धूमधाम से मनाने की परंपरा है। इसी क्रम में सोमवार से शुरू हुआ 24 घंटे का अखंड कीर्तन सभी जाति एवं समुदाय के लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी के साथ भक्तिमय माहौल में चला। आयोजन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना रहा। अखंड कीर्तन के समापन के बाद विधि-विधान से भगवान हनुमान की महाआरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। समाजसेवी एवं सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार विकल ने बताया कि गांव में प्रत्येक वर्ष हनुमान जी का स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।

### ओडिशा में सात किलो साने की हुई थी लूट, सोने-चांदी के आभूषण और चार पहिया वाहन जब्त

# सोना लूटकांड में पूर्व प्रखंड प्रमुख समेत दो गिरफ्तार



आरोपियों को अपने साथ ओडिशा ले गई पुलिस



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

ओडिशा के चर्चित और बहुचर्चित सोना लूटकांड की जांच में जुटी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। ओडिशा पुलिस ने औरंगाबाद जिले के दाउदनगर थाना क्षेत्र में छापेमारी कर एक पूर्व प्रखंड प्रमुख समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को पूछताछ के बाद ओडिशा पुलिस अपने साथ ले गई है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर सोने-चांदी के आभूषण और एक चार पहिया वाहन भी जब्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ओडिशा के कोइंझर जिले के बरबिल थाना क्षेत्र स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र की एक शाखा से करीब साढ़े सात किलोग्राम सोने की लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी थी। करोड़ों रुपये मूल्य के सोने की लूट के बाद ओडिशा पुलिस ने विशेष जांच टीम का गठन कर मामले की गहन छानबीन शुरू की थी। जांच के दौरान मिले तकनीकी और मानवीय साक्ष्यों के आधार पर पुलिस लगातार विभिन्न राज्यों में छापेमारी कर रही थी।

इसी क्रम में जांच टीम को औरंगाबाद जिले के दाउदनगर क्षेत्र से महत्वपूर्ण सुराग मिले। इसके बाद ओडिशा पुलिस की एक टीम स्थानीय पुलिस के सहयोग से दाउदनगर पहुंची और संयुक्त अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान जितेंद्र कुमार और दाउदनगर के पूर्व प्रमुख अखिलेश प्रसाद सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। दाउदनगर थानाध्यक्ष विकास कुमार ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों आरोपियों से पूछताछ के दौरान कई अहम जानकारियां प्राप्त हुई हैं। उनकी निशानदेही पर 237.30 ग्राम सोना, 4.066 ग्राम चांदी के जेवरात तथा एक फोर व्हीलर वाहन बरामद किया गया है। बरामद सभी सामानों को जब्त कर जांच के लिए सुरक्षित रखा गया है।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि सोना लूटकांड की जांच कई राज्यों तक फैली हुई है और इस मामले में लगातार कार्रवाई जारी है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि लूटे गए सोने को किन-किन माध्यमों से खपाने की कोशिश की गई और इस नेटवर्क में कौन-कौन लोग शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस अन्य संभावित आरोपियों की तलाश में भी जुट गई है। बताया जा रहा है कि ओडिशा पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों से दाउदनगर में ही प्रारंभिक पूछताछ की। इसके बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उन्हें ट्रांजिट रिमांड पर अपने साथ ओडिशा ले गई। वहां उनसे विस्तृत पूछताछ की जाएगी ताकि पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सके। पूर्व प्रखंड प्रमुख की गिरफ्तारी की खबर सामने आते ही दाउदनगर और आसपास के इलाकों में चर्चा का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों के बीच इस कार्रवाई को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। हालांकि पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जांच अभी जारी है और किसी भी व्यक्ति की भूमिका का अंतिम निर्धारण साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर ही किया जाएगा। पुलिस का कहना है कि यह मामला बेहद संवेदनशील और गंभीर है।

### 86 बाढ़ राहत शिविर स्थल चिन्हित, , लू वार्ड में 99 बेड की व्यवस्था

# बाढ़, सुखाड़ और लू से निपटने की तैयारी रखें पूरी : प्रभारी सचिव

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



संभावित बाढ़, सुखाड़ एवं लू-2026 के मद्देनजर जिला प्रशासन की तैयारियों की समीक्षा के लिए मंगलवार को जिला अतिथि गृह में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पंचायती राज विभाग के सचिव-सह-जिला प्रभारी सचिव मनोज कुमार ने की, जबकि जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा भी उपस्थित रहीं। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा की गई तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान प्रभारी सचिव ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि किसी भी संभावित आपदा की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पूर्व तैयारियां पूरी रखें तथा आमजन के हित में सभी आवश्यक और एहतियाती कदम समय रहते उठाए जाएं। उन्होंने विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर आपदा प्रबंधन व्यवस्था को और मजबूत बनाने पर बल दिया। अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) उपेंद्र पंडित ने बताया कि जिला आपातकालीन संचालन केंद्र (डीईओसी) 24 घंटे सातों दिन सक्रिय है। जिले में वर्तमान में 1,429 पॉलीथीन शीट उपलब्ध हैं तथा अतिरिक्त आवश्यकता को देखते हुए गया जिले से 1,200 पॉलीथीन शीट की मांग की गई है। बाढ़ की स्थिति में राहत शिविर संचालन के लिए जिले में 86 ऊंचे स्थलों का चयन किया गया है। साथ ही आपातकालीन परिस्थितियों में लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने के लिए 11 निजी नाव मालिकों के साथ एकरारनामा भी किया गया है। जल संसाधन एवं सिंचाई विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले के सभी प्रखंडों में वर्षामापक यंत्र और ऑटोमैटिक वेदर स्टेशन (एडब्ल्यूएस) क्रियाशील हैं। सोन नदी के तटबंधों की मरम्मत एवं बाढ़ सुरक्षा संबंधी कार्य मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन परिक्षेत्र, डिहरी के निर्देशन में कराए जा रहे हैं। प्रभारी सचिव ने तटबंधों की नियमित निगरानी और सभी सिंचाई प्रणालियों को सक्रिय रखने का निर्देश दिया।

सुखाड़ की संभावित स्थिति से निपटने के लिए लघु सिंचाई विभाग द्वारा जिले में 1,556 योजनाओं को सक्रिय रखा गया है। इनमें आहर-पैन, तालाब, चेकडैम और नलकूप शामिल हैं। कृषि विभाग ने कम वर्षा की स्थिति को देखते हुए मक्का, मडुआ, अरहर तथा धान की विशेष किस्मों जैसी वैकल्पिक फसलों का प्रस्ताव कृषि निदेशालय को भेजा है। प्रभारी सचिव ने किसानों के बिचड़ों की सुरक्षा के लिए नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया। स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों की समीक्षा में बताया गया कि जिले में 364 प्रकार की आवश्यक दवाओं का पर्याप्त भंडारण किया गया है। सदर अस्पताल में सर्पदंश और कुत्ता काटने से संबंधित दवाएं भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। लू से प्रभावित मरीजों के इलाज के लिए हीट वेव डेडिकेटेड वार्ड स्थापित किया गया है, जिसमें 99 बेड, 20 एयर कंडीशनर तथा 15 कूलर की व्यवस्था की गई है। पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं की सुरक्षा एवं देखभाल के लिए 33 राहत शिविर स्थलों का चयन किया गया है। इसके अलावा 12 कैटल ट्रफ संचालित किए जा रहे हैं तथा चलंत पशु चिकित्सा दलों का गठन भी किया गया है। भीषण गर्मी को देखते हुए श्रम विभाग ने श्रमिकों के कार्य समय में बदलाव किया है। अब श्रमिक सुबह 6 बजे से 11 बजे तक तथा अपराह्न 3:30 बजे से शाम 6:30 बजे तक कार्य करेंगे। सभी कार्यस्थलों एवं सार्वजनिक परिवहन वाहनों में पेयजल, ओआरएस और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। पेयजल संकट से निपटने के लिए नगर निकायों एवं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) द्वारा जल संकट वाले क्षेत्रों में 26 डीप बोरिंग के माध्यम से पाइपलाइन द्वारा जलापूर्ति की जा रही है।

# डीएम ने पिपरडीह मोड़ का किया निरीक्षण

### दुर्घटना रोकने के लिए पिपरडीह मोड़ पर लगेगी हाई मास्ट लाइट

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने पिपरडीह मोड़ का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पूर्व में हुई सड़क दुर्घटनाओं तथा वर्तमान यातायात व्यवस्था का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने पाया कि पिपरडीह मोड़ पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं होने के कारण रात्रि के समय वाहन चालकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से इस स्थान पर बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करना आवश्यक है।

जिला पदाधिकारी ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया कि पिपरडीह मोड़ पर शीघ्र हाई मास्ट लाइट स्थापित कराने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि रात्रि के समय पर्याप्त रोशनी उपलब्ध हो सके और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) के अभियंताओं को सुरक्षा उपायों को और मजबूत करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने एनएच अधिकारियों को बालार्ड लगाने, क्रैश बैरियर स्थापित करने तथा आवश्यक यातायात संकेतकों का अधिष्ठापन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही पैदल यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पैदल ऊपरी पथ (फुट ओवरब्रिज) के निर्माण की दिशा में भी कार्रवाई करने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान उत्तरी सर्विस लेन के निर्माण को लेकर भी अधिकारियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। जिला पदाधिकारी ने इन सभी विषयों की प्रगति की समीक्षा के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ अलग से बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया। अभिलाषा शर्मा ने कहा कि आमजन की सुरक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिले में दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान कर वहां आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। निरीक्षण के दौरान सदर अनुमंडल पदाधिकारी, ट्रैफिक डीएसपी, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी तथा राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित अभियंता उपस्थित रहे।

### जन शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान हेतु पिपरा पंचायत में आयोजित हुआ "सहयोग शिविर"

# पिपरा पंचायत में लगा सहयोग शिविर, डीएम-एसपी ने किया उद्घाटन, 125 आवेदनों का हुआ निष्पादन

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान तथा सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को बारुण प्रखंड के पिपरा पंचायत स्थित अष्टभुजी मंदिर प्रांगण में संयुक्त "सहयोग शिविर" का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन जिला पदाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत बिहार गीत के सामूहिक गायन से हुई। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को पौधा एवं अष्टभुजी मंदिर का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में जिला पदाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि आम लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और प्रशासन स्वयं उनके द्वार तक पहुंच सके।

उन्होंने कहा कि पिपरा पंचायत में आयोजित शिविर से पहले विशेष अभियान चलाकर आवेदन एकत्र किए गए थे, जिसके तहत कुल 130 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें शिक्षा, जन्म प्रमाण-पत्र, नल-जल योजना, श्रम कार्ड, भूमि परिमार्जन, भूमि मापी सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं शामिल थीं। जिला पदाधिकारी ने बताया कि इनमें से 125 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है तथा शेष आवेदनों पर भी कार्रवाई जारी है। श्रीमती शर्मा ने कहा कि शिविर का उद्देश्य केवल आवेदन प्राप्त करना नहीं, बल्कि उनका समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करना है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे बिना किसी संकोच के अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखें। भूमि, मनरेगा, पेयजल, सड़क, नाली, सामाजिक सुरक्षा, राजस्व या किसी अन्य विभाग से संबंधित समस्या होने पर संबंधित स्टॉल पर आवेदन देकर समाधान प्राप्त किया जा सकता है। शिविर के दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच श्रम कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, राशन कार्ड एवं आयुष्मान भारत कार्ड का वितरण किया गया। वहीं पहली बार विद्यालय जाने वाले बच्चों को स्कूल बैग भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में एक विशेष क्षण उस समय आया जब जिला पदाधिकारी ने बारुण प्रखंड के मूक-बधिर दिव्यांग खिलाड़ी सुधांशु कुमार को सम्मानित किया। सुधांशु ने राष्ट्रीय स्तर की एसजीएफआई 200 मीटर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है तथा उनका चयन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए भी हुआ है।

# वीर शिरोमणि पृथ्वीराज चौहान जयंती धूमधाम से मनाई गई

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



जिला मुख्यालय स्थित ब्लॉक मोड़ के समीप अवस्थित पृथ्वीराज चौहान स्मृति भवन परिसर में वीर शिरोमणि एवं भारत माता के अमर सपूत पृथ्वीराज चौहान की जयंती समारोह श्रद्धा, उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लेकर महान योद्धा को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके जीवन और आदर्शों को याद किया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद गोपाल नारायण सिंह, ट्रस्ट अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप नारायण सिंह, समकालीन जवाबदेही पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्र, वरीय सदस्य कौशलेंद्र प्रताप नारायण सिंह, जम्होर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह, अवकाश प्राप्त प्रोफेसर डॉ. शिवपूजन सिंह, सचिव स्वर्णजीत कुमार सिंह तथा कार्यकारी अध्यक्ष रामप्रवेश सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके बाद उपस्थित लोगों ने पृथ्वीराज चौहान एवं उनके अभिन्न मित्र तथा राजकवि चंद्रवरदाई की आदमकद प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम का विषय प्रवेश ट्रस्ट के सचिव स्वर्णजीत कुमार सिंह ने किया। उन्होंने पृथ्वीराज चौहान के जीवन, उनके संघर्ष और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला। ट्रस्ट अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप नारायण सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समारोह का संचालन उपाध्यक्ष डॉ. संजीव रंजन ने किया। इस अवसर पर संस्था का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कार्यकारी अध्यक्ष रामप्रवेश सिंह ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा प्रत्येक वर्ष विभिन्न सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं। ट्रस्ट जरूरतमंद लोगों के बीच आवश्यक सामग्रियों का वितरण कर समाज सेवा की परंपरा को आगे बढ़ा रहा है।

# जिला का नाम आदित्य नगर करने के लिए रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह को सौंपा गया ज्ञापन

**निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)**



औरंगाबाद जिले का नाम बदलकर 'आदित्य नगर' किए जाने की मांग को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत सामाजिक संस्था केशव लोक मंच ने रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा। संस्था के प्रतिनिधियों ने विधायक से इस मांग को विधानसभा में उठाने और सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराने का आग्रह किया। ज्ञापन सौंपने के दौरान संस्था के सदस्यों ने बताया कि पिछले छह माह से जिले का नाम परिवर्तन कर 'आदित्य नगर' रखने के लिए जनजागरण एवं हस्ताक्षर अभियान सहित विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में औरंगाबाद जिले के सभी विधायकों एवं विधान परिषद सदस्यों को ज्ञापन सौंपने की प्रक्रिया चल रही है, ताकि इस विषय को विधानसभा और विधान परिषद में प्रभावी ढंग से उठाया जा सके।

संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि हाल ही में भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा इस संबंध में भेजे गए पत्र पर संज्ञान लिया गया है। आदित्य नगर नामकरण के समर्थन में विभिन्न सक्षम अधिकारियों एवं संबंधित विभागों को भी संस्था की ओर से पत्र भेजे गए हैं। इसके अलावा नगर परिषद और जिला परिषद के जनप्रतिनिधियों को भी ज्ञापन सौंपकर इस मांग के समर्थन में पहल करने का अनुरोध किया गया है। केशव लोक मंच कार्य समिति के सदस्य इंजीनियर कमलेश कुमार सिंह, भानु प्रताप सिंह, अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह, रवि रंजन तथा रामाकांत सिंह सहित अन्य सदस्यों ने कहा कि औरंगाबाद की पहचान भगवान आदित्य की उपासना और सूर्य आराधना की समृद्ध परंपरा से जुड़ी हुई है। जिले की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत को देखते हुए इसका नाम 'आदित्य नगर' रखा जाना अधिक उपयुक्त होगा।

# अवैध उर्वरक परिवहन का भंडाफोड़, 80 बोरा खाद से लदा पिकअप वाहन जब्त



**निज संवाददाता | दाउदनगर (औरंगाबाद)**

कृषि विभाग ने उर्वरकों की कालाबाजारी एवं अवैध परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मंगलवार को अरई हाई स्कूल के समीप 80 बोरा उर्वरक से लदे एक पिकअप वाहन को जब्त कर लिया। वाहन से 70 बोरा डीएपी एवं 10 बोरा यूरिया बरामद किया गया है। मामले में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने के कारण वाहन को जब्त कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुमंडल कृषि पदाधिकारी रजनीकांत भारती को दोपहर करीब तीन बजे एक पिकअप वाहन पर संदेह हुआ, जिसके बाद उसे रोककर जांच की गई। जांच के दौरान वाहन पर सवार किसी भी व्यक्ति ने उर्वरकों के संबंध में संतोषजनक जानकारी नहीं दी। इसी बीच अरई गांव के कुछ ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए और एक व्यक्ति ने खाद अपना होने का दावा किया, लेकिन वह भी उसके स्वामित्व एवं परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

# आम के बहाने एक शाम कवियों के नाम, आम के साथ काव्य रस हो गया खास

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



नगर के वरिष्ठ साहित्यकार एवं हिंदी साहित्य सम्मेलन के महामंत्री धनंजय जयपुरी के न्यू एरिया स्थित आवास पर सोमवार की शाम को औरंगाबाद जिला के कवियों का जमावाड़ा लगा। मौका था रसीले, स्वादिष्ट मीठे आम का स्वाद लेने का, समझिये बस वहीं हो गयी एक शाम आम के बहाने कवियों के नाम एक काव्य गोष्ठी। बहुत ही आत्मीय रूप से आयोजित कवि गोष्ठी की अध्यक्षता जिले के वरिष्ठ साहित्यकार डॉक्टर सुरेंद्र कुमार मिश्र ने की। आम पार्टी से देखते देखते खास पार्टी के रुप में परिवर्तित यह कवि गोष्ठी अपने काव्य रूप में,काव्य धारा में प्रवर्तित यह कार्यक्रम देखते ही देखते काव्य-गोष्ठी का रूप में परिवर्तित हो गयी। रसदार आमों की मिठास और काव्य रस से भरपूर इस गोष्ठी में अनेक कवि,साहित्यकार एवं साहित्य-प्रेमी एकत्र हुए जो अपनी कविता,गीत, ग़ज़ल, मुक्तक, गीत, व्यंग्य तथा समसामयिक साहित्यिक विषयों पर अपनी रचना के माध्यम से अपनी सार्थक उपस्थिति दर्ज की। कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से प्रेम, प्रकृति, सामाजिक सरोकार, मानवीय संवेदनाओं को स्वर प्रदान किया साथ ही सामाजिक कुरीतियों पर भी प्रहार किया। अध्यक्षीय संबोधन करत हुए डॉक्टर सुरेन्द्र कुमार मिश्र ने कहा कि ऐसे साहित्यिक आयोजन से समाज में रचनात्मक चेतना को शक्ति मिलती है जिससे वह सशक्त बनता है। उन्होंने कहा कि साहित्य केवल मनोरंजन का विषय नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने का माध्यम भी है। कार्यक्रम का संचालन शब्दाक्षर के जिलाध्यक्ष नागेंद्र केशरी ने किया।

काव्य-पाठ के क्रम में डॉ शिवपूजन सिंह, डॉ रामाधार सिंह, डॉ संजय कुमार सिंह, डॉ. ओमप्रकाश पाण्डेय, लवकुश प्रसाद सिंह, जनार्दन मिश्र 'जलज, अनुज बेचैन, विनय 'मामूली बुद्धि', 'अनिल अनल', अशोक पाण्डेय, आशुतोष पाठक,चंदन पाठक तथा हिमांशु चक्रपाणि सहित अनेक रचनाकारों ने अपनी-अपनी रचनाएँ प्रस्तुत कीं। श्रोताओं ने कवियों की रचनाओं को ध्यानपूर्वक सुना तथा तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में मेजबान धनंजय जयपुरी ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि साहित्यिक मित्रों के साथ बिताया गया यह समय उनके लिए अत्यंत सुखद और प्रेरणादायक रहा। उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार के साहित्यिक आयोजन का आश्वासन दिया वहीं सभी प्रतिभागियों ने ऐसे आयोजनों की निरंतरता बनाए रखने पर बल दिया। आम की मिठास, आत्मीय मिलन और साहित्यिक अभिव्यक्तियों से सराबोर यह काव्य-संध्या उपस्थित साहित्यप्रेमियों के लिए लंबे समय तक स्मरणीय बनी रहेगी।

# चार पंचायतों में सहयोग शिविर, 22 विभागों ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)**



बिहार सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने तथा विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से रफीगंज प्रखंड की पौथु, कजपा, लट्ठा एवं ईटार पंचायतों में सहयोग शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा कुल 22 काउंटर स्थापित किए गए, जहां ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के साथ-साथ उन्हें सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई। शिविर का निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारियों ने विभिन्न काउंटरों का जायजा लिया और संबंधित विभागों को प्राप्त आवेदनों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया।

पौथु एवं कजपा पंचायत में आयोजित शिविरों में पर्यवेक्षक के रूप में एडीएम विशेष कार्यक्रम विभाग डीएमडब्ल्यू अंकित कुमार एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार अश्विनी उपस्थित रहे। वहीं ईटार एवं लट्ठा पंचायतों में वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार, अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह तथा बीपीआरओ सह बीईओ अमर कुमार ने शिविर की निगरानी की। इस अवसर पर बीपीआरओ ने बताया कि पूर्व में प्राप्त सभी आवेदनों का निष्पादन कर दिया गया है तथा वर्तमान शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों का निपटारा एक सप्ताह के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा।